

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 106 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 30 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


# नीतीश कुमार को लेकर अटकलों पर लगा विराम, बीजेपी ने JDU से गठबंधन पर किया बड़ा ऐलान



पटना. बिहार बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति में बड़ा ऐलान किया गया है. नेतृत्व की तरफ से साफ कर दिया गया कि अब जेडीयू से कोई समझौता नहीं होगा. प्रभारी विनोद तावड़े ने नेतृत्व की तरफ से यह जानकारी दी. प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रभारी ने कहा, ह्व2020 चुनाव में सहयोगी जेडीयू की कम सीट होने के बाद भी हमने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया. प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार को सम्मान दिया. लेकिन नीतीश कुमार ने पाला बदलकर पीएम मोदी का अपमान किया है.ह्ल

बिहार बीजेपी के इस ऐलान से साफ हो गया है कि आने वाले दिनों में जेडीयू का गठबंधन भाजपा के साथ नहीं होगा. बता दें, बिहार में जारी राजनीतिक उठापटक के बीच सत्ता के गलियारे में यह चर्चा थी कि आने वाले दिनों में जेडीयू का भाजपा के साथ एक बार फिर से गठबंधन हो सकता है. लेकिन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हुए ऐलान से इन चचाओं पर एक तरह से विराम लग गया.

दरभंगा मे बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए विनोद तावड़े ने कहा, ह्वइस संबंध में हमने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी एवं गृह मंत्री अमित शाह से बात की है. दोनों नेताओं ने साफ कर दिया है कि हम किसी भी सूरत में जदयू से गठबंधन नहीं करेंगे. नीतीश कुमार के साथ एक राजनीतिक स्थिति यह है की वे किसी के सगे नहीं हैं.

इसके अलावा विनोद तावड़े ने कहा, ह्वऐसा कहा जा सकता है कि ऐसा कोई सगा नहीं नीतीश ने जिस-को ठगा नहीं. नीतीश कुमार ने सबसे पहले देवीलाल को ठगा, इसके बाद लालू यादव, रामविलास पासवान, जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव के बाद अब भाजपा उनकी शिकार बनी है.ह्ल विनोद तावड़े ने कहा, ह्वमुख्यमंत्री नीतीश कुमार आर्थिक व सामाजिक विकास के विरोधी हैं. केंद्र सरकार द्वारा बिहार को लगातार राशि उपलब्ध करा रही है. इसके बाद भी बिहार का विकास रुका हुआ है.

उन्होंने कहा कि जब से महागठबंधन की सरकार आई है तभी से बिहार में हमारे महापुरुषों एवं महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों पर आघात हो रहे हैं. साथ ही सामाजिक वैमनस्य को बढ़ाया जा रहा है. सरकार विकास के मुद्दो से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है. बिहार बीजेपी प्रभारी ने आगे कहा कि आज हम यह कह सकते हैं की बिहार में नीतिगत मुद्दों पर बहस बंद हो गई है और जन विकास के मसलों पर महागठबंधन सरकार का कोई ध्यान नहीं है.

## मुख्यमंत्री ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

अनूपपुर 29 जनवरी 2023 /मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शि-



वराज सिंह चौहान आइजी एनटीयू लालपुर स्थित हेलीपैड से सीधे अमर-कंटक स्थित मां नर्मदा के उद्गम मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चन कर प्रदेश के नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की तथा मंदिर के पुजारियों का सम्मान किया

## PM नरेंद्र मोदी की मंत्रियों को नसीहत- सरकार के कामकाज को घर-घर तक पहुंचाएं

नई दिल्ली. बजट सत्र से पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता मे काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक हुई. इस बैठक में मोदी सरकार के सभी मंत्रियों ने भाग लिया. बैठक में पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों को नसीहत दी कि केंद्र सरकार के काम-काज को आम लोगो तक पंहुचाई जाए. पीएम ने सभी मंत्रियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाया जाए और खुद के मंत्रालय के कामकाज का भी जमकर प्रचार किए जाएं. प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को नसीहत दी है की सोशल मीडिया के जरिये केंद्र के मंत्री अपने मंत्रालय के कामकाज की जानकारी लोगों तक पहुचाएं.

## सनातन धर्म के सद्दश कोई दूसरा धर्म नहीं है:- जीयर स्वामी

# देव में आयोजित सूर्य महोत्सव के मंच से दूसरे दिन गायिका पूजा चटर्जी ने बिखेरा अपना जलवा । दर्शक झूम उठे।

**समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, प्रभारी मगध प्रमंड़ल सह ब्यूरो चीफ/ वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता औरंगाबाद**

औरंगाबाद (बिहार) 29 जनवरी 2023:- अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भगवान भास्कर के नगरी देव में तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव के दूसरे





दिन देव सूर्य महोत्सव के मंच से गायिका पूजा चटर्जी ने अपना जलवा बिखेरा। गायिका पूजा चटर्जी ने "याद आरहा तेरा प्यार " गाने पर दर्शक दीर्घा में बैठे हुए श्रोता को मंत्रमुग्ध कर दिया और एक से एक मोहिनी गाने गाकर श्रोता को खूब झुमाया और तालियां बटोरी।

### सूर्य महोत्सव देव के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों के साथ साथ बाल कलाकारों ने दिखाया जलवा।

तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव के दूसरे दिन देव महोत्सव के मंच से कई स्थानीय कलाकारों ने जलवा बिखेरा लय सुर और ताल से मंच सराबोर होगया। स्थानीय कलाकार प्रतीक्षा कुमारी, निस्टी चौरसिया, रोहन





कुमार, मदन कुमार, प्रेम सिंह, मोनू दिलदार, अंतरा जी, अंजली कुमारी, कुंदन कुमार, ए सभी कलाकारों ने एक से एक भक्ति, छठ गीत, भोजपुरी, गानों पर डांसिंग एवं गायन प्रस्तुत किया। और सभी दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोताओं को तालियां ठोकने पर मजबूर कर दिया।

### पर्यटन विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का आगाज।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद जिले के देव सूर्य महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना दयाशंकर सिंह ने बताया जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के निदेर्शानुसार प्रतियोगिता दो समूहों में वगीर्कृत थी जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम समन्वयक डॉ निरंजय कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए ऑन स्पॉट विषय निर्धारित किया गया डॉ कुमार ने बताया कि सीनियर समूह के लिए पर्यावरण संरक्षण तथा जूनियर समूह के लिए बिहार का ग्रामीण जीवन विषय निर्धारित किया गया था जबकि रंगोली के लिए कोई विषय





निर्धारित नहीं की गई थी डॉ कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए वरीय पदाधिकारी एवं निर्णायक



मंडली का सदस्य भी मनोनीत किया गया था जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला योजना पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुटुंबा नबीनगर दाउदनगर गोह तथा बारुण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी देव एवं कुटुंबा को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया था उप विकास आयुक्त औरंगाबाद तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा उक्त गतिविधियों इसका निरीक्षण भी किया गया डॉ कुमार ने बताया कि निर्णायक मंडल के निर्णय के आलोक में प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर समूह में ज्योति कुमारी को प्रथम, जानवी राज को द्वितीय एवं निशि को तृतीय घोषित किया गया ।सीनियर समूह में स्वाती कुमारी को प्रथम, अंजली को द्वितीय एवं विक्रम कुमार सिंह को तृतीय घोषित किया गया।

जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर समूह में सिन्हा कॉलेज के अंजलि एवं समूह को प्रथम , राम लखन सिंह यादव कॉलेज के गरिमा कुमारी एवं समूह को द्वितीय और देव गोदाम पर के रिया कुमारी





एवं समूह को तृतीय घोषित किया गया।

जूनियर समूह में संत इग्नेसियस के आकृति सिंह एवं समूह, रानी



ब्रजराज कन्या प्रोजेक्ट के प्रिया कुमारी एवं समूह और मनिषा कुमारी को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बारूण के काजल कुमारी एवं समूह को तृतीय घोषित किया गया।न में तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का आगाज किया गया इस अवसर पर जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी

स्थापना दयाशंकर सिंह ने बताया जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के निदेर्शानुसार प्रतियोगिता दो समूहों में वगीर्कृत थी जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम समन्वयक डॉ निरंजय कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए ऑन स्पॉट विषय निर्धारित किया गया डॉ कुमार ने बताया कि सीनियर समूह के लिए पर्यावरण संरक्षण तथा जूनियर समूह के लिए बिहार का ग्रामीण जीवन विषय निर्धारित किया गया था जबकि रंगोली के लिए कोई विषय निर्धारित नहीं की गई थी डॉ कुमार ने बताया कि जिला पदाधिका-री के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए वरीय पदाधिकारी एवं निर्णायक मंडली का सदस्य भी मनोनीत किया गया था जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला योजना पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुटुंबा नबीनगर दाउदनगर गोह तथा बारुण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी देव एवं कुटुंबा को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया था उप विकास आयुक्त औरंगाबाद तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा उक्त गतिविधियों इसका निरीक्षण भी किया गया डॉ कुमार ने बताया कि निर्णायक मंडल के निर्णय के आलोक में प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर समूह में ज्योति कुमारी को प्रथम, जानवी राज को द्वितीय एवं निशि को तृतीय घोषित किया गया ।सीनियर समूह में स्वाती कुमारी को प्रथम, अंजली को द्वितीय एवं विक्रम कुमार सिंह को तृतीय घोषित किया गया।

जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर समूह में सिन्हा कॉलेज के अंजलि एवं समूह को प्रथम , राम लखन सिंह यादव कॉलेज के गरिमा कुमारी एवं समूह को द्वितीय और देव गोदाम पर के रिया कुमारी एवं समूह को तृतीय घोषित किया गया।

जूनियर समूह में संत इग्नेसियस के आकृति सिंह एवं समूह, रानी ब्रजराज कन्या प्रोजेक्ट के प्रिया कुमारी एवं समूह और मनिषा कुमारी को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बारूण के काजल कुमारी एवं समूह को तृतीय घोषित किया गया।

## सनातन धर्म के सद्दश कोई दूसरा धर्म नहीं है:- जीयर स्वामी

**दैनिक समाज जागरण,गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

,औरंगाबाद (बिहार) 29 जनवरी 2023 :- औरंगाबाद जिला में स्थित महर्षि भृगु मुनि एवं च्यवन ऋषि के पावन स्थल गोह प्रखंड के





बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ में स्वामी जी ने कहा कि जगत सनातन धर्म के सद्दश कोई दूसरा धर्म नहीं है। यह धर्म सृष्टि के आदिकाल से ही चला आ रहा है। सनातन धर्म के सूत्र से ही अनेक धर्म स्थापित हुए हैं। जिनका इतिहास काफी पुराना है। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार सनातन धर्म के मूल मंत्र हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने र-विवार की संध्या गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प-रिसर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि सनातन धर्म में आदि काल से ही सृष्टि के कल्याणार्थ यज्ञ का प्रचलन और परम्परा है। यज्ञ पर चर्चा करते हुए कहा कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्धि के साथ ही मानव मन के विकार दूर होते हैं। यह आध्यात्मिक और व्यावहारिक उत्थान का उत्तम साधन है। सनातन धर्म की महिमा का बखान करते हुए कहा कि इसकी सभी धार्मिक क्रियाएं वैज्ञानिक हैं। विज्ञान की प्रगति के साथ सनातन धर्म की बाहरी पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान का औचित्य सामने आ रहा है। प्रवचन व यज्ञ में हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है।

edited By : RamanJha/juleejha

बैठकी

# बदलता धार्मिक जनसंख्या रेशियो--कैसी आहट!!

### समाज जागरण

रोज की आज भी बैठकी जम गयी थी!

ए सरजी, मुझे एक बात समझ में नहीं आ रही है! वो ये कि जब में 1980 में एमए का विद्यार्थी था तो पढ़ा था कि भारतीय जनगणना के अनुसार देश में 20% अल्पसंख्यक हैं और उस समय जनसंख्या बढ़ने का रेशियो- हिंदूओं का 14%, मुसलमानों का 28% और ईसाइयों का 34% था जबकि आज 40 बर्ष होने को आया लेकिन आज भी, हमें यही बताया जाता है कि देश में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या 20% हीं है!! ये कैसा विरोधात्मक सूचना है!!! --- मास्टर साहब मेरी ओर देखकर!

अजी, क्या बात कर रहे हैं!! जहाँ तक मुझे जानकारी है, आजादी के वक्त जब देश का बंटवारा हुआ था तब यहाँ हिंदूओं की जनसंख्या कुल आबादी का 84% था और मुसलमानों का 8% और अन्य 8% थे जबकि एक अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित जनसंख्या के अनुसार आज भारत में हिंदूओं का प्रतिशत 70% तक आ चूका है!! अब ये कितना सही है मैं नहीं कह सकता लेकिन हिंदूओं की जनसंख्या वृद्धि के प्रति जो रुझान हैं और जो कानूनी व्यवस्था बनी है उसके आधार पर तो मुझे इस आंकड़े पर कोई इफ- बट नहीं दिखता है! --- कुंवरजी बीच में हीं बोल पड़े!

भाई, जनसंख्या रेशियो में इतना जबर्दस्त अंतर का आना बिलकुल स्वभाविक है! देखते नहीं है हिंदूओं को एक लड़का या लड़की हो जाती है उसके बाद वे अगला बच्चा चाहते हीं नहीं! --- सुरेन्द्र भाई का अनुभव!

ए भईया, हमर बड़की बिटिया के दुगो बेटिये है और उ सब अब अगला बच्चा चहते नहीं है! कहत है -- इ बेटिये बहुत है, एकरे योग्य बना दिहल जाय, त बहुत है! -- मुखियाजी अफसोस के लहजे में!

ए मुखियाजी, दुसरे की बात क्या कहूँ मेरी हीं बहु अपने बच्चे को स्वयं का स्तनपान नहीं कराती बल्कि शुरू से हीं डब्बा या उपर का दुध पीलाती है! जानते हैं क्यों!! क्योंकि बच्चा जन्म देने और स्तनपान कराने से फिजिकल फिटनेस खराब मत हो और अब दुसरा बच्चा न हो इसलिये परिवार नियोजन का आप्रेशन भी करवा चुकी है! ---कुंवरजी दुखी लगे!

आजकल अधिकांश हिंदूओं की महिलाओं में आप्रेशन द्वारा बच्चा जन्म लेता है! यदि पहले बच्चे का जन्म सिजेरियन होगा तो दो से अधिक का चांस हीं नहीं बनता! ---- पारस नेता तर्क रखे!

अजी हमर गाँव के सुरेश का उमीर 50 पार हुआ बाकि अभी तक ओकरा एगो मुसवो नहीं हुआ! दूनो मियाँ- बीबी डाक्टरी जांच करवाये त मेहररुआ में कमी लउका! अब बच्चा के लिये दुसर विआह के बात हुआ तब मेहररुआ राजीये नहीं हुई ! कनुन के डर से, सुरेशवा दोसर विआह करेला, हिम्मते नहीं करत ह! अब त खानदाने खतम बुझिये!! ---मुखियाजी हिन्दू कोर्ट बिल की ओर इशारा किये!

अरे भाई, हिंदू के जनसंख्या रेशियो क्यों नहीं कम होगा! देखते नहीं है -- आजकल विवाह की बढ़ती उम्र सबसे बड़ी समस्या है! सबर्णो में तो खासतौर पर,25 के पहले लड़की का और 28-30 के पहले लड़के के विवाह का प्रचलन हीं समाप्त हो गया है! 35-40 के लड़की लड़के कुंवारे बैठे हैं तो जनसंख्या बढ़ौतरी रेशियो कम होगा हीं! ---सुरेन्द्र भाई ने दुखती नस पकड़ ली है!

सुरेंद्र भाई, हिंदूओं में विलम्ब विवाह का मुख्य कारण देखियेगा तो वरपक्ष और कन्यापक्ष की बढ़ी हुई अपेक्षायें हैं! कन्या के पिता की अपेक्षा इतनी उंची हो गई है कि मन के अनुरूप वर की खोज करते करते उम्र, अतिक्रमण की सीमा पार करने लगती है ठीक यही स्थिति वर पक्ष की है! वरपक्ष भी सुशिक्षित, संस्कारी, प्रतिष्ठित परिवार के साथ साथ ऐश्वर्या राय हीं खोजता है! इतना हीं नहीं, अभिभावकों की चलती भी कहाँ है! लड़के की तमन्ना और स्वीकृति,अभिभावकों की मजबूरी बन चूकी है! अनुकूल लड़की खोजते, खोजते लड़के की उम्र भी सीमा पार करने लगती है! --- कुंवरजी ने सही कहा!

एकदम सही बोले है, कुंवर बाबु! पहिले वर के विआह होत रहे अब वर नहीं, वरनाठो नहीं, झरनाठ का विआह होता है!

ए सरजी, आजादी के बाद, हम हिंदूअन के जनसंख्या रेशियो कम आ मियवन के अतना अधिक कईसे हो गिया! --- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

ये बिलकुल सही है कि आजादी के समय विभाजित भारत के कुल जनसंख्या में हिंदुओं की जनसंख्या प्रतिशत 84% था लेकिन बाद के समय में अन्य समुदायों खासतौर पर मुस्लिमों की अपेक्षा, जनसंख्या बढ़ौतरी का रेशियो काफी कम हो गया इसके पिछे कई कारण हैं! इसमें आजादी के बाद से हीं हिंदूओं की जनसंख्या नियंत्रण के प्रति,गांधी परिवार की शाजिसें रहीं जैसे- नेहरू द्वारा हिन्दू कोर्ट बिल लाना जिसके तहत हिन्दू एक समय में एक से अधिक पत्नी नहीं रख सकता! जबकि मुसलमानों को एक साथ चार चार शादियां करने की छूट! दुसरा परिवार नियोजन का प्रचार प्रसार, जिसे सिर्फ हिंदूओं ने हीं अपनाया खासतौर पर सबर्णो ने! जबकि मुसलमान इसे अपने मजहब के विरुद्ध मानते रहे हैं!

इमर्जेंसी के दौरान लगभग 70 लाख हिंदूओं का जबरन, नसबंदी कर दी गई!

जबकि मुसलमानों की तेजी से बढ़ती जनसंख्या का मुख्य कारण उनका धार्मिक मान्यता है! उनके धार्मिक आदेश के अनुसार अधिकाधिक जनसंख्या बढ़ाना उनका धार्मिक कर्तव्य है ताकि संख्या बल के दम पर,पुरे विश्व में इस्लामिक सत्ता स्थापित करके शरीया कानून लागू किया जा सके!

इसके ठीक उलट हिन्दू पाश्चात्य शिक्षा एवं संस्कृति से प्रभावित होकर जनसंख्या वृद्धि को आर्थिक एवं कई समस्याओं का जनक मानकर, "हम दो हमारे एक या दो" के सिद्धांत पर चलने लगे! दो से अधिक बच्चों का होना, पिछड़ापन का सूचक माना जाने लगा! --- मैं चुप हुआ!

हिन्दू स्त्रियों में मुस्लिम महिलाओं की अपेक्षा आधुनिक शिक्षा का अधिक प्रसार होना भी एक कारण रहा है जबकि मुस्लिम वर्ग में आज भी अधिकांश स्त्रियाँ, मदरसा शिक्षा अर्थात धार्मिक शिक्षा तक हीं सीमित रह जातीं हैं! ---- मास्टर साहब यथार्थ रखा!

देखिये, आज विश्व में 57 देश इस्लामिक स्टेट बन चूके हैं! अगर इनका इतिहास देखेंगे तो बिलकुल साफ नजर आयेगा कि यह समुदाय किसी देश में अल्पसंख्यक रहते हैं तो तेजी से जनसंख्या बढ़ाते हैं फिर जैसे जैसे जनसंख्या बढ़ती है ये आतंक और मारकाट मचाकर इस्लामिक स्टेट बना लेते हैं! भारत भी उसी लाइन में है! --- सुरेन्द्र भाई हाथ चमकाये!

इसी बात के मद्देनजर भाजपा सरकार पर समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने का दबाव बन रहा है! देखिये मोदीजी क्या करते हैं!! अगर इसका निदान नहीं हुआ तो निकट भविष्य में भारत के और टुकड़े होना निश्चित है! --- पारस नेता चिंतन मुद्रा में!

ए सरजी, वैसे भी अब हमारा देश जनसंख्या में चीन को भी पछाड़ने की स्थिति बना रहा है! लेकिन बढ़ती जनसंख्या में रेशियो का अंतर जैसा कि नेताजी ने कहा- निश्चय हीं अनेकों समस्याओं को जन्म दे तो रहा हीं है बल्कि भविष्य में राष्ट्र विभाजन का कारण भी बनेगा!! -- मास्टर साहब ने अपनी सोंच रखी!

भगवान जाने आगे क्या होगा लेकिन शुतुरमुर्ग की तरह आंखें बंद कर लेने से समस्या का समाधान तो होगा नहीं!! देश के हर वर्ग के बुद्धिजीवियों, राजनीतिक दलों को इस गंभीर समस्या पर विचार करके निदान खोजना चाहिए क्योंकि बढ़ती जनसंख्या देश के विकास को बुरी तरह प्रभावित करती है और कर रही है साथ हीं देश में, भविष्य में भी अमन चैन बना रहे ये भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए! अच्छा अब चला जाय! -- कहकर कुंवरजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

# मुगल गार्डन से अमृत उद्यान तक दिल्ली

मै अपनी सरकार की मितव्ययिता और दूरदृष्टि का कायल हूं। हमारी सरकार एक पाई खर्च किए बिना पुराने को नया करने का हुनर सीख गई है।ऐसा करने से मुगलसराय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर हो जाता है और इलाहाबाद प्रयाग। काशी भी आने वाले दिनों में क्वेटो हो जाए तो किसी को हैरान नहीं होना चाहिए।

भारत में अंग्रेजों से पहले दिल्ली,आगरा, औरंगाबाद, हैदराबाद और अन्य कयी शहरों में मुगल बगीचे बना चुके थे। बाबर, से लेकर शाहजहां तक बागीचा प्रेमी सुल्तान थे। दिल्ली का मुगल गार्डन भी सरकार की आंखों की किरकिरी था

सरकार ने सैकड़ों साल पुराने मुगल गार्डन को चुटकी बजाकर 'अमृत उद्यान 'में बदल दिया। सरकार नया अमृत उद्यान बनाती तो कहां से बाबर के वंशजों और बाद में लुटियन जैसा वास्तुकार खोजती और कहां से मुगल गार्डन का नवीनीकरण कराने वाली लेडी हार्डिंग जैसी इच्छा शक्ति लाती।। नये बगीचे के लिए बजट का इंतजाम करना पड़ता सो अलग। इन तमाम झंझटों से बचने के लिए मुगल गार्डन की तख्ती हटाकर वहां अमृत उद्यान की तख्ती लगाना ज्यादा आसान था,सो सरकार ने किया। इस तरह मुगलिया सांप भी मर गया और सनातनी लाठी भी नहीं टूटी।

इतिहास बदलने के लिए नाम बदलने से आसान काम कुछ नहीं है। इसमें न हल्दी लगती है और न फिटकरी और रंग चोखा आ ही जाता है। सर एडवर्ड लुटियंस ने मुगल गार्डन बनाते समय सोचा भी न होगा कि राष्ट्रभक्त भारतीय उनके काम को सौ साल में ही अपने नाम कर लेंगे। मुगलों को तो इसकी कल्पना तक नहीं होगी। सरकार जिस मुस्तैदी से शहरों और बागीचों के नाम बदल रही हैं उसे देखकर मुझे लगता है कि केंद्र में एक नाम परिवर्तन मंत्रालय की स्थापना भी की जाए।

भारत के एक दर्जन से अधिक राष्ट्रपति इस मुगल गार्डन के संरक्षक बने रहे लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू मुगल गार्डन को नहीं बचा पाई, जैसे कांग्रेस सरकार अयोध्या की बाबरी मस्जिद को नहीं बचा पायी थी। फर्क सिर्फ इतना है कि मस्जिद ढहा दी गई थी और मुगल गार्डन की सिर्फ नाम पट्टिका बदली गई है।

हमारे पुरखे बताते हैं कि 1911 में जब अंग्रेजों ने तय किया कि राजधानी कलकत्ता से दिल्ली ले आएं तो उन्होंने दिल्ली डिजाइन करने के लिए प्रसिध्द अंग्रेज वास्तुकार एडवर्ड लुटियन्स को इंग्लैंड से भारत बुलाया। उन्होंने दिल्ली आकार वायसराय हाउस के लिए रायसीना की पहाड़ी का चयन किया। उसे काटकर वायसराय हाउस (जिसे अब राष्ट्रपति भवन कहते हैं), का जो नक्शा तैयार किया उसमें भवन के साथ-साथ बाग-बगीचा तो था, लेकिन वह ब्रिटिश शैली के थे।

तत्कालीन वाइसरॉय लॉर्ड हार्डिंग की पत्नी लेडी हार्डिंग ने तब यहां भारतीय शैली के बगीचे बनाने का सुझाव दिया । लेडी हार्डिंग ने श्रीनगर में निशात बाग और शालीमार बाग देखे थे, जो उन्हें बहुत भाये। बस तभी से मुगल उद्यान शैली उनके मन में बैठ गयी थी। वह इन बागों से इस तरह रोमांचित हो उठी थीं कि वायसराय हाउस में मुगल गार्डन को साकार होते देखना चाहती थीं। उन्होंने लुटियन्स के सामने अपनी बात रखी। वास्तुकार लुटियन्स लेडी हार्डिंग का बह्तु सम्मान करते थे। इसलिए वायसराय हाउस में मुगल उद्यान की उनकी परिकल्पना को साकार रूप देने को मना नहीं कर सके। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत उद्यानों, ताजमहल के उद्यान तथा पारसी और भारतीय चित्रकारियों से प्रेरित होकर इन उद्यानों का खाका तैयार किया। सन १९२८ में लॉर्ड इर्विन ने इस वायसराय हाउस में शानोशौकत के साथ कदम रखा। उन्हें लुटियन्स द्वारा डिजाइन किया गया भवन और परिकल्पित मुगल उद्यान बहुत भाया। तभी से इस उद्यान को मुगल उद्यान नाम मिला।

परिवर्तन की इस बयार में क्या -क्या और बदला जाएगा , कोई नहीं जानता। लेकिन मुमकिन है कि अगली बारी कुतुब मीनार या लाल किले की हो ! अगर अगले आम चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला तो मुमकिन है कि लाल किला केसर दुर्ग और कुतुब मीनार विष्णु स्तंभ हो जाए। हमारी सरकार नया तो कुछ बनाने से रही।

हमारे मप्र में भी डबल इंजन की सरकार हबीबगंज रेलवे स्टेशन को रानी कमलापत स्टेशन कर दिया है। नाम बदलना सबसे आसान तरीका है इतिहास से छेड़छाड़ करने का। इसमें रक्तपात और तोड़फोड़ की जरूरत नहीं होती। ये इतिहास परिवर्तन का अहिंसक तरीका है। नाम बदलने के लिए न संसद से पूछना पड़ता है और न सुप्रीम कोर्ट से। जनता से तो पूछने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सवालों से वैसे भी हमारी सरकार और आदरणीय पंत प्रधान को सख्त चिढ़ है।

दुनिया में पिछले आठ साल में कहीं भी इतने नाम नहीं बदले गये जितने कि हिंदुस्तान में बदले गए। हालांकि इन आठ साल में दुनिया के तमाम देशों में सरकारें बदली हैं। चीन, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान हमारे निकटस्थ पड़ौसी हैं किन्तु यहां नाम बदलने की कोई मुहिम नहीं चलाई गई। नाम इन देशों की समस्या नहीं है। ये देश जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं वैसी ही समस्याएं हमारी भी है। लेकिन हम इनसे नहीं, नामों से जूझ रहे हैं। मुगलिया सल्तनत के समय रखें नाम हमारी आंखों में कांटे की तरह चुभते हैं।

**@ राकेश अचल**

अपनी प्रतिक्रिया achalrakesh1959@gmail.com पर अवश्य दें।


# बलिदान दिवस (गाँधी जी)

**बलिदान दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी** की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को मनाया जाता है। 30 जनवरी का ही वह दिन था, जब देश को हमेशा सत्य, अहिंसा और शांति का पाठ पढ़ाने वाले महापुरुष महात्मा गाँधी को मृत्यु हिंसा के द्वारा प्राप्त हुई। 30 जनवरी, 1948 को उनकी हत्या कर दी गई थी। आज के दिन बापू की पुण्य तिथि पर 'बलिदान दिवस' मनाया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह दिवस भारत में उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये मनाया जाता है, जो भारत की आजादी, कल्याण और प्रगति के लिये लड़े और अपने प्राणों की बलि दे दी। 30 जनवरी के अतिरिक्त भी प्रत्येक वर्ष 23 मार्च को देश के प्रसिद्ध क्रांतिकारी- भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान की स्मृति में बलिदान दिवस मनाया जाता है। भारत विश्व के उन 15 देशों में शामिल हैं, जहाँ हर वर्ष अपने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिये बलिदान दिवस मनाया जाता है।

**महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि**

महात्मा गाँधी की स्मृति में बलिदान दिवस हर वर्ष 30 जनवरी को मनाया जाता है। 30 जनवरी, 1948 का ही वह दिन था, जब शाम की प्रार्थना के दौरान सूर्यास्त के पहले महात्मा गाँधी पर हमला किया गया था। वे भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे और लाखों बलिदानों के बीच में महान देशभक्त के रूप में गिने जाते थे। भारत की आजादी, विकास और लोक कल्याण के लिये वे अपने पूरे जीवन भर कड़ा संघर्ष करते रहे। 30 जनवरी को नाथूराम गोड़से ने महात्मा गाँधी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसके कारण यह दिन भारत सरकार द्वारा बलिदान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। तब से, महात्मा गाँधी को श्रद्धंजलि देने के लिये हर वर्ष 30 जनवरी को बलिदान दिवस मनाया जाता है। 30 जनवरी, 1948 देश के लिये सबसे दुःख का दिन है, जो भारतीय इतिहास के लिये सबसे जहरीला दिन बन गया था। गाँधी स्मृति वह जगह है, जहाँ शाम की प्रार्थना के दौरान बिरला हाऊस में 78 वर्ष की उम्र में महात्मा गाँधी की हत्या हुई थी।

इन्हें भी देखें: बलिदान दिवस जिसके नेतृत्व में आजादी की कठिन जीत मिली हो, ऐसे राष्ट्रपिता को खो देना देश के लिये सबसे बड़ा दुर्भाग्य था। उनका कत्ल प्रार्थना सभा में शामिल होने आयी बड़ी भीड़ के सामने हुआ था। उन पर हमले के बाद, बिरला हाऊस में उनको देखने के लिये बहुत भीड़ जमा हो गयी थी। बापू एक महान




इंसान थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन लाखों पुरुष और महिला के साथ आजादी की लड़ाई के लिये बलिदान कर दिया था और बाद में बलिदान हुए। इसलिये भारत में बलिदान दिवस का अवसर हर वर्ष पूरे भारतीय बलिदानों की याद में मनाया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। भारत की आजादी के बाद, भारत के लोगों में भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाने के लिये बापू ने एक मिशन की शुरूआत की थी, लेकिन अपने मिशन के दौरान ही उनकी हत्या कर दी गयी।

**कैसे मनाया जाता है**

इस दिन भारत के राष्ट्रपति सहित उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और सेवा प्रमुखों के साथ राजघाट पर बापू की समाधि पर फूलों की माला चढ़ाते हैं। बलिदानों को सम्मान देने के लिये अंतर-सेवा टुकड़ी और सैन्य बलों के जवानों द्वारा इसके बाद एक सम्मानीय सलामी दी जाती है। इसके बाद, वहाँ एकत्रित लोग राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और देश के दूसरे बलिदानों की याद में 2 मिनट का मौन रखते हैं। उसी जगह पर उनको प्यार करने वालों के द्वारा धार्मिक प्रार्थना और भजन गाया जाता है। इस दिन कोलकाता के स्कूलों से बच्चे बापू का रूप बनाकर कार्यक्रम में भूमिका निभाते हैं। बलिदान दिवस मनाने के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा बापू के जीवन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम किये जाते हैं।[1]

**भारत में 'बलिदान दिवस'**

भारत में राष्ट्र के दूसरे बलिदानों को सम्मान देने के लिये एक से ज्यादा बलिदान दिवस, राष्ट्रीय स्तर पर इसे 'सर्वोदय दिवस' भी कहा जाता है, मनाने की घोषणा की गयी है-

13 जुलाई

22 लोगों की मृत्यु को याद करने के लिये भारत के जम्मू और कश्मीर में बलिदान दिवस 13 जुलाई को भी मनाया जाता है। वर्ष 1931 में 13 जुलाई को कश्मीर के महाराजा हरिसिंह के समीप प्रदर्शन के दौरान रॉयल सैनिकों द्वारा उनको मार दिया गया था।

**17 नवंबर**

लाला लाजपत राय (पंजाब के शेर के नाम से मशहूर) की पुण्यतिथि को मनाने के लिये उड़ीसा में बलिदान दिवस 17 नवंबर के दिन मनाया जाता है। वे ब्रिटिश राज से भारत की आजादी के दौरान के एक महान नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे।

**19 नवंबर**

झाँसी, मध्य प्रदेश में (रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिवस) 19 नवंबर को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये उन लोगों को सम्मान देने के लिये मनाया जाता है, जिन्होंने वर्ष 1857 की क्रांति के दौरान अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

# विश्व कुष्ठ रोग दिवस

विश्व कुष्ठ रोग दिवस प्रतिवर्ष 30 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस शीघ्रातिशीघ्र रोग उन्मूलन/निवारण के लिए प्रयास बढ़ाने और प्रतिबद्धता नवीकृत करने का अवसर प्रदान करता है। यह बच्चों में कुष्ठ रोग से संबंधित विकलांगों के शून्य मामलों के लक्ष्य पर केंद्रित है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोग का जल्दी पता लगाने के साथ-साथ कुष्ठ संचारण रोकने के लिए हस्तक्षेप को मजबूत बनाना महत्वपूर्ण केंद्र है। कुष्ठ रोग को 'हैनसेन रोग' के नाम से भी जाना जाता है। ब्राजील, इंडोनेशिया और भारत इस रोग के उच्च बोझ वाले देश हैं। कुष्ठ रोग उपचार योग्य है तथा प्रारंभिक अवस्था में उपचार विकलांगता को रोक सकता है।

**कुष्ठ रोग**

कोढ़ को ही कुष्ठ रोग कहा जाता है, जो कि एक जीवाणु रोग है। यह एक दीर्घकालिक रोग है, जो कि माइकोबैक्टिरअम लेप्राई और माइकोबैक्टेरियम लेप्रोमेटॉसिस जैसे जीवाणुओं की वजह से होता है। कुष्ठ रोग के रोगाणु की खोज 1873 में हन्सेन ने की थी, इसलिए कुष्ठ रोग को 'हन्सेन रोग' भी कहा जाता है। इस रोग का जिक्र भारतीय ग्रंथों में किया गया है। भारतीय ग्रंथों के अनुसार 600 ईसा पूर्व इस रोग का उल्लेख किया गया है। यह रोग मुख्य रूप से मानव त्वचा, ऊपरी श्वसन पथ की श्लेष्मिका, परिधीय तंत्रिकाओं, आंखों और शरीर के कुछ अन्य भागों को प्रभावित करता है। कुछ लोग कुष्ठ रोग को वंशानुगत या दैवीय प्रकोप मानते है, लेकिन यह रोग न तो वंशानुगत है और न ही दैवीय प्रकोप है, बल्कि यह रोग जीवाणु द्वारा होता है।[1]

**महात्मा गांधी का योगदान**

यह रोग भारत सहित संपूर्ण विश्व के पिछड़े हुए देशों के लिए एक ऐसी समस्या है, जो कि लाखों लोगों को दिव्यांग बना देता है, लेकिन पश्चिमी देशों में इस रोग का प्रभाव न के बराबर है। भारत देश में भी इस रोग पर काफी नियंत्रण किया जा चुका है। जिन कुष्ठ रोगियों को समाज धिक्कारता है, उन कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों से महात्मा गांधी काफी स्नेह और सहानुभूति रखते थे, क्योंकि वे जानते थे कि इस रोग के क्या सामाजिक आयाम हैं। इसलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन में कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की काफी सेवा की और कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए काफी प्रयास किए।

कहा जाए तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रयासों की वजह से ही भारत सहित कई देशों में अब कुष्ठ रोगियों को सामाजिक बहिष्कार का सामना नहीं करना पड़ता। अब समाज का अधिकतर तबका समझ गया है कि कुष्ठ रोग कोई दैवीय आपदा नहीं बल्कि एक बीमारी है, जो कि किसी को भी हो सकती है और इसका इलाज संभव है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के प्रयासों की वजह से ही हर वर्ष 30 जनवरी उनकी पुण्यतिथि को 'कुष्ठ रोग निवारण दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

**संकेत व लक्षण**

त्वचा पर घाव होना कुष्ठ रोग के प्राथमिक बाह्य संकेत हैं। यदि इसका उपचार न किया जाए तो कुष्ठ रोग पूरे शरीर में फैल सकता है जिससे शरीर की त्वचा, नसों, हाथ-पैरों और आंखों सहित शरीर के कई भागों में स्थायी क्षति हो सकती है। इस रोग से त्वचा के रंग और स्वरूप में परिवर्तन दिखाई देने लगता है। कुष्ठ रोग में त्वचा पर रंगहीन दाग हो जाते हैं

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## सनातन धर्म के सदृश कोई दूसरा धर्म नहीं है:- जीयर स्वामी

**समाज जागरण, गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद बिहारः- 29 जनवरी 2023 :- औरंगाबाद जिला में स्थित महर्षि भृगु मुनि एवं च्यवन ऋषि के पावन स्थल गोह प्रखंड के बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ में स्वामी जी ने कहा कि जगत सनातन धर्म के सदृश कोई दूसरा धर्म नहीं है। यह धर्म सृष्टि के आदिकाल से ही चला आ रहा है। सनातन धर्म के सूत्र से ही अनेक धर्म स्थापित हुए हैं। जिनका इतिहास काफी पुराना है। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार सनातन धर्म के मूल मंत्र हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने रविवार की संध्या गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि सनातन धर्म में आदि काल से ही सृष्टि के कल्याणार्थ यज्ञ का प्रचलन और परम्परा है। यज्ञ पर चर्चा करते हुए कहा कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्धि के साथ ही मानव मन के विकार दूर होते हैं। यह आध्यात्मिक और व्यावहारिक उत्थान का उत्तम साधन है। सनातन धर्म की महिमा का बखान करते हुए कहा कि इसकी सभी धार्मिक क्रियाएं वैज्ञानिक हैं। विज्ञान की प्रगति के साथ सनातन धर्म की बाहरी पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान का औचित्य सामने आ रहा है। प्रवचन व यज्ञ में हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है।

## अंग्रेजी और महुआ निर्मित शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) नियमित गश्ती के दौरान कुटुंबा थाने की पुलिस ने शनिवार की रात भारी मात्रा में अंग्रेजी व महुआ निर्मित शराब के साथ अलग-अलग जगहों से दो तस्कर को गिरफ्तार किया। ग्राम पंचायत वर्मा अंतर्गत अनकुपा गांव की पक्की सड़क पर तीन बाइक जप्त एवं एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही शिव कुमार राय ने की। घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि तस्कर का गिरोह तीन अलग-अलग बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज की तरफ से आ रहा था। पुलिस को देखते ही दो बाइक पर सवार तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गए पर एक तस्कर पकड़ा गया। शराब तस्कर की पहचान चिल्हकी गांव निवासी ब्रजेश कुमार के रूप में हुई है। तस्कर के पास से 180 लीटर महुआ चुलाई शराब बरामद हुई। घटनास्थल से पल्सर रजिस्ट्रेशन नंबर खल10इए9073, स्प्लेंडर रजिस्ट्रेशन नंबर इफ26ए4858, पैशन रजिस्ट्रेशन नंबर इफ24ळ7417 बाइक एवं शराब को जप्त कर लिया गया। वहीं नेशनल हाईवे 139 पर गस्ती के दौरान शिवाला के समीप से तीन सौ बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही कमला बाबू ने की। घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि तस्कर स्प्लेंडर बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर HR15AT3664 पर सवार होकर हरिहरगंज की तरफ से आ रहा था। पुलिस को देखते ही तस्कर ने भागने का प्रयास किया परंतु ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस ने उसे दबोच लिया। तस्कर की पहचान परता गांव निवासी रमेश पासवान के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान 180एमएल रॉयल ब्लू अंग्रेजी शराब की 300 बोतल बरामद हुई। शराब एवं बाइक को जप्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष बलवंत सिंह ने बताया कि पुलिस बल पूरी तरह चौकस है। जब्त बाइक के कागजात जांच किए जा रहे हैं। जल्द ही फरार शराब तस्कर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## औरंगाबाद के लेखक की लेखनी देश की राजधानी में भी फहरा रहा है कामयाबी का पताका- राकेश कुमार

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार)- 29 जनवरी 2023- औरंगाबाद के लेखक की लेखनी देश की राजधानी में भी कामयाबी का पताका फहरा रहा है ' उक्त बातें भेंटवार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कुटुंबा प्रखंड के चनकप गांव निवासी सह लेखक राकेश कुमार ने कहीं ' उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 1973 के 23 जनवरी को औरंगाबाद गया से अलग होकर जिला बना और इन 50 वर्षों में जिले ने कई उतार चढ़ाव देखें।जिले ने राजनीतिक,प्रशासनिक,साहित्यिक,सांस्कृतिक,शैक्षणिक के साथ साथ कई अन्य क्षेत्रों में विकास के कई मिथक को तोड़ा और नित नई नई उपलब्धियां हासिल की।आज हमारा जिला अपने स्थापना का स्वर्ण जयंती मना रहा है। जिले का हरेक नागरिक विषादों से निकलकर अपने स्वर्णिम अतीत पर गौरवान्वित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इसके अतिरिक्त जिले को साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र में गौरव हासिल कराने का श्रेय एक युवा ने दिया है और वह युवा है कुटुंबा प्रखंड के चनकप गांव निवासी पेशे से शिक्षक 40 वर्षीय राकेश कुमार ने।राकेश के द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जीवन पर लिखित ' लोकराज के लोकनायक ' आज बिहार ही नहीं देश में धूम मचा रही है।राकेश द्वारा लिखित इस पुस्तक को देश में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत एनबीटी ने प्रकाशित किया है और आज यह पुस्तक लोकनायक की जीवनी पर लिखे अन्य कई पुस्तकों से अलग हटकर कई जानकारी नई पीढ़ी को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि आज यह पुस्तक बिहार ही नहीं बल्कि बल्कि देश के अगले पंक्ति में शुमार राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक लोगों के बीच चर्चित हो चुकी है .और सबों ने इस पुस्तक की सराहना कर रहे है। पुस्तक की सराहना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित अन्य लोगों ने भी लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। गौरतलब है कि साहित्य तक चैनल (आजतक न्यूज चैनल की ईकाई) द्वारा वर्ष 2022 में प्रकाशित देश की सर्वश्रेष्ठ 10 जीवनियों में पुस्तक लोकराज के लोकनायक को शामिल किया गया है. दिल्ली मेट्रो के तकरीबन सारे स्टेशन पर इस पुस्तक को प्रदर्श के रूप में लगाया गया. इस औरंगाबाद के लेखक की लेखनी देश की राजधानी में भी कामयाबी का पताका फहरा रहा है.लेखक ने को बताया कि जयप्रकाश नारायण को वे राजनीति का संत मानते हैं क्योंकि सामर्थ्य के बावजूद राजनीति में पदलोलुपत्ता से दूरी उन्हें भारतीय राजनीति में संत का दर्जा प्रदान करता है. वर्तमान में राज्य की राजनीतिक स्थिति जेपी को और




भी प्रासंगिक बना देता है. उन्होंने आगे कहा कि लेखक की उपलब्धि को देखते हुए राष्ट्रीय अशोक मंच ने एक समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित करने का निर्णय लिया हैं।इस संबंध में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा ने कहा कि आज जहां नई पीढ़ी राजनीतिक पुरोधाओं को विस्मृत करती जा रही है वही युवा लेखक राकेश द्वारा लिखित यह पुस्तक नई पीढ़ी के अंदर रचनाधर्मिता को बढ़ावा देगी और उन्हे देश की हर परिस्थिति को समझने और कई तरह के रचनात्मक कार्य के लिए प्रेरित करेगी।उन्होंने कहा कि जिले के स्वर्ण जयंती समारोह में ऐसे युवाओं को सम्मानित करना गर्व की बात होगी।

## अररिया प्रशासन को गुप्त सूचना के आधार पर टैंक लोरी ट्रक में 1589KG गांजा बरामद

**दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

आज दिनांक 28/1/2023 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक टैंक लोड़ी में गांजा तस्करी हेतु ले जया जा रहा है उकतत्व सूचना के सत्यापन एवं गांजा की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय अररिया के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया के नेतृत्व में एक छापा मारी चीन का गठन किया गया टीम के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया एवं संदिग्ध स्थानों पर लगे अल्लाह वाहनों की तलाशी ली गई तलाशी के क्रम में अररिया जिरो माइल के नजदीक इंडिया पेट्रोल पम्प पर सेठ टेंपल ऑडिटर संख्या NL02Q-9358 को संदिग्ध ना अवस्था में चालक एवं कुचालक सहित पकड़ा गया जिसे थाना पर लाकर दंडाधिकारी की उपस्थिति में जांच करने पर टैंकलोरी सिधारी मात्रा में अवैध गांजा पाया गया दंडाधिकारी की उपस्थिति में गांजा का वजन करने पर कुल वजन 1589KG- एक हजार पांच सौ नवासी किलोग्राम पाया गया तथा टौंकलोरी ट्रक



चालाक मोहम्मद अब्बास एवं चालाक मोहम्मद तौहीद उर्फ तनवीर अंसारी को गिरफ्तार किया गया मोहम्मद अब्बास के द्वारा बताया गया कि उन्हें गुवाहाटी आसाम में अमीन गांव के पास उकक्त ट्रक पर गांजा लोडकर रहे थे बरामद गांजा के संबध में अररिया थाना में कांड दर्ज किया गया है गिरफ्तारी की अगर अखियों का नाम पता-1-मोहम्मद अब्बास उम्र 52 वर्ष किताब मोहम्मद मुख्तार 2-मोहम्मद ताहिर तनवीर अंसारी उम्र 21वर्ष पिता मोहम्मद अब्बास दोनो ग्राम गब्बर फोर थाना बनियापुर जिला छपरा के निवासी हैं जप्त समानो उसकी विवरण 1/1589KG गांजा 2/एक टाटा टैंकलोरी जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या NL02Q-9358है 3/एक रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ 1/छापेमारी में शामिल पुलिस दंडाधिकारी/कर्मी 2/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया श्री पुष्कर कुमार 3/पु0अ0सह थानाध्यक्ष शिवनारायण साह 3/पु0अ0नि0 मोहम्मद शाहिद आलम 4/अररिया थानादफ्ळ की टीम

## रानीगंज के थाना अध्यक्ष कौशल कुमार से मिले ब्लैक स्टार टिंकल यादव

**रिपोर्टर परवेज आलम दैनिक समाज जागरण**

रानीगंज के थाना अध्यक्ष कौशल कुमार से मिले ब्लैक स्टार टिंकल यादव

ट्विंकल यादव बिहार यूपी चर्चित एवं उभरते हुए सितारा टिंकल यादव रानीगंज के जाने पहचाने हुए कलाकार जो अपना नाम रोशन किया है जिसे अररिया जिला नहीं अदर जिले में भी पहचान बनाने का काम किया है इन्होंने अपने भरपूर एक्शन के साथ लाखों आदमी का दिल जीतने का काम करता है अररिया के चाहने वाले इसे अभी भी



सैल्यूट करते हैं वही रानीगंज के थाना अध्यक्ष कौशल कुमार से मिले और कौशल कुमार ने कहा ट्विंकल एक बेहतर स्टार है जो कि अपने अभिनय से पूरे अररिया बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं और साथ ही ट्विंकल बहुत आगे निकले हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं वही साथ में जन अधिकार पार्टी के छात्र संघ के प्रदेश महासचिव उपस्थित थे

## हसपुरा पटेल पुस्तकालय में पेंशनर समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक हुआ

**दैनिक समाज जागरण ,प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद जिला के हसपुरा बाजार के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष हॉल में बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगदानंद लाल कर्ण व संचालन सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। सचिव ने कहा कि समाज में पेंशनरों की दायित्व काफी बढ़ गया है। हृदयानंद सिंह, एकरामुल हक, विश्वभर प्रसाद, गंगा देयाल सिंह ,



कामेश्वर सिंह, श्याम बिहारी प्रजापत , परशुराम शर्मा, कैलाश प्रसाद, नन्हक यादव, शिवलाल चौधरी, कपिल देव सिंह, किशोरीचंद, अब्दुल क्युम अंसारी, जयराम प्रसाद ने अपना विचार व्यक्त किया। सचिव ने बैठक में गत वर्ष का लेखा - जोखा प्रस्तुत कर सबको जानकारी दी गई। बैठक के अंत में पेंशनर समाज के जिला कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की आक्सिमक निधन पर दो मिनट का मोन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह की तैयारियां पूर्ण

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति द्वारा प्राचीन गढ़ कुटुंबा में आयोजित सामूहिक विवाह की तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह की रश्म रविवार की रात्रि से शुरू कर दी जाएगी और सोमवार की दोपहर तक वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। विवाह के लिए इक्कीस जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। स्थानीय लोगों ने बासुकीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष वरुण सिंह धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा एवं विवाह से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की बेहतर पहल है। कुरीतियों के प्रति जागरूकता के लिए इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए।

**जमघट में जुटेंगे सोशल मीडिया स्टार**

सामूहिक कन्यादान समारोह में 'जमघट' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सोशल मीडिया स्टार राणा दीपू सिंह, प्रशांत राय, कुमार अभिनव, राजन सिंह मुकुट, विशाल राय , राकेश तिवारी, रवी भट्ट , हर्ष राजपूत, निरंजन विद्यार्थी, श्वेता - खुशी, सृष्टि - सोनाली , ओम प्रकाश अकेला, समर - गौतम भाग लेंगे।

## मनरेगा में हो रहा है भ्रष्टाचार का खेल

### *अटेंडेंस में हेराफेरी कर, हो रही है पैसों की अवैध निकासी*

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 29 जनवरी 2023 :- मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रखंड क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार की खबर अखबार में प्रकाशित होने के बावजूद विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बेखौफ होकर भ्रष्टाचार का खेल कर रहे हैं। शायद उनके अंदर से यह भय खत्म हो चुका है की भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही भी हो सकती है। ऐसा होना लाजमी भी है क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के बावजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरांव, दधपा, बलिया पंचायत के क्रियान्वित दर्जनों योजनाओं में ज्यादा मजदूरों की हाजिरी बना कर पैसे की निकासी की जा रही है। जबकि योजना स्थल पर काम कर रहे मजदूर हाजिरी से बहुत कम है। इस मामले में जब ग्राम पंचायत बैरांव के रोजगार सेवक शेखर कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेठ (मजदूरों के बीच का एक सदस्य) के द्वारा हाजिरी बनाई जा रही है। वही ज्यादा मजदूरों की हाजिरी बना दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई मजदूर कहकर काम पर नहीं आते हैं। गौरतलब है कि जो मजदूर काम करने नहीं आ रहे हैं उनका भी हाजिरी बना दिया जा रहा है। वहीं बलिया पंचायत के रोजगार सेवक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मैं आज कार्यस्थल पर नहीं गया था। इस पर संज्ञान ले लूंगा। विदित हो कि बैरांव एवं बलिया पंचायत के दर्जनों योजनाओं में इस तरह की गड़बड़ी पाई गई है। संबंधित अधिकारी टेक्निकल फॉल्ट बताते हैं। परंतु टेक्निकल फॉल्ट के चलते दर्जनों योजनाओं में ज्यादा मजदूरों का अटेंडेंस बन जाना संदेहास्पद है। मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार के गहन जांच की आवश्यकता है।

## सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शो का नहीं हो रहा है अनुपालन।

***बसों की किराया निर्धारण के बावजूद भी बसों में किराया अंकित नहीं किया गया। परिवहन विभाग के पदाधिकारियों को कठोर कार्रवाई करने की है जरूरत ताकि औरंगाबाद की जनता को राहत मिल सके।***

**समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता./ धनंजय कुमार विधि संवाददाता**




औरंगाबाद( बिहार) 30 जनवरी 2023:- परिवहन विभाग ने सभी यात्री बसों में किराया लगाने की दिशा निर्देश जारी किया है। इसके बावजूद भी परिवहन पदाधिकारी के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक परेशानी अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन से लेकर औरंगाबाद तथा औरंगाबाद से देव जाने वाले यात्रियों को हो रही है। दिन में ₹30 जबकि रात में 50 से ₹60 तक की अवैध वसूली की जा रही हैं। डेहरी ऑन सोन के लिए ₹50, सासाराम के लिए 80 से ₹100 तक की भाड़ा वसुली की जा रही है। इस पर परिवहन विभाग के पदाधिकारियों को कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि औरंगाबाद की जनता को राहत मिल सके।

## जामिया मुमताजुल उलूम डोमरिया रानीगंज जिला अररिया धार्मिक और आधुनिक शिक्षा की अद्भुत संस्था... (मोहम्मद जावेद रहमानी अररिया बिहार)

**न्यूज रिपोर्ट दिलावर हुसैन लतीफी दैनिक समाज जागरण नरपतगंज अररिया**

कई कविताएं हमारे दिमाग में जमा होती हैं। हम अवसर के अनुसार उनका प्रयोग भी करते हैं, लेकिन किसी विशेष समय, अवसर या परिस्थिति के सन्दर्भ में वही कविताएँ हमें अर्थो के एक नए संसार से आलोकित करती हैं। ऐसी ही एक कविता ख्वाजा हाफिज शिराजी की है

एक आदमी को यह कभी न सोचने दें कि उसका दिल प्यार से जिंदा है
विश्व के जर्नल में दर्ज

प्यार मेरा पसंदीदा विषय है। शायद यही कारण है कि प्रेम कविताएँ मुझे बिना किसी प्रयास के आसानी से याद हो जाती हैं। यह मेरी बहुत ही प्रिय कविता है। मेरा दावा है कि अगर इस कविता के गूढ़ अर्थ तक किसी की पहुंच हो जाए तो उसके ऊपर परमानंद की स्थिति आ सकती है। यह कविता मुझे वर्षों से याद है, लेकिन सच कहूं तो जामिया मुमताजुल उलूम, डोमरिया रानीगंज जिला अररिया के आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय बिताने के बाद इस कविता का आनंद महसूस हुआ। काफी समय से इस संस्था का नाम सुनने में आ रहा था कई लोगों ने बताया था कि रानीगंज से करीब छह किलोमीटर दूर डुमरिया गांव में एक संस्था स्थापित है. इस संस्था की खास बात यह है कि यहां ऐसा 'कुरान का माहौल' है कि हर वक्त 'कुरान की आवाजें' उठती रहती हैं। मेरी हार्दिक इच्छा थी कि मैं इस संस्थान को करीब से देखूं और इस संस्थान ने इतने कम समय में इतनी प्रसिद्धि क्यों और कैसे प्राप्त की है। 21 नवंबर 2022 को मेरी बरसों पुरानी ख्वाहिश पूरी हुई...



अपने मामा मौलाना अब्दुल हलीम रहमानी साहब और आदरणीय मुजाहिद आलम साहब के साथ जुहर की नमाज के बाद जामिया मुमताजुल उलूम* के परिसर में गए। जामिया मुमताज-उल-उलूम पहुँच कर जो पहली बात हुई कि कल्पना में बनी जामिया की छवि बिखर गई. मैं सोच रहा था कि इतने कम समय में एक छोटी-सी झोपड़ीनुमा इमारत होगी जहां दो-दो शिक्षक और कुछ छात्र धार्मिक ज्ञान के दीये को एक स्कूल की तरह जलाए रखने के संघर्ष में लगे होंगे। लेकिन यहां तस्वीर कुछ और ही थी। कुछ देर के लिए मैं नवनिर्मित भवन को देखकर एकदम सन्न रह गया... ऐसा लगा जैसे मदरसे की इमारत शान से हमारा स्वागत कर रही हो और कह रही हो, देखो! हमारे दरवाजे और दीवारों के माध्यम से 'कुरान के रिश्ते' की महानता प्रकट हो रही है। इमारत की नक्काशियों को देखने के लिए ऊपर देखते हैं, लेकिन फिर तुरंत झुक जाते हैं मानो श्रद्धा दे रहे हों..वैसे भी जामिया में अरबी, फारसी, याद करने, नजराह और ताजवीद पढ़ाने का गुणवत्तापूर्ण माहौल है।मैंने और छात्रों का प्रवेश देखा और पाया कि संस्थान में 80 छात्र मौजूद हैं, जिनके खाने और रहने आदि की समुचित व्यवस्था है। ...!!! इसलिए, मदरसे के शैक्षिक और प्रशिक्षण विकास के लिए आपके ईमानदार समर्थन की तत्काल आवश्यकता है। उम्मीद है कि परोपकारी अपने दान, जकात, दान, सदाकत और चमड़े की कुबार्नी आदि के साथ संगठन को पूरी तरह से समर्थन देना जारी रखेंगे। इंशा अल्लाह, वे एक बड़े इनाम के पात्र होंगे।

जो लोग दान, जकात और सदाकत सीधे जामिया मुमताजुल उलूम परियोजनाओं के लिए भेजना चाहते हैं और इसके विकास में भाग लेना चाहते हैं, वे इसे जामिया के बैंक खाते में भेज सकते हैं।

मदरसा के बैंक खाते में सीधे (ऑनलाइन) फंड ट्रांसफर के लिए बैंक खाते का विवरण के लिए संपर्क करें +919199439941// /+91+91 79797 89088// और भी अधिक जानकारी प्राप्त करें धन्यवाद मौलाना जावेद रहमानी अररिया

## रविदास जयंती की तैयारी को लेकर हसपुरा में हुई बैठक।

**दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह, संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार ) हसपुरा प्रखंड के हसपुरा - मेहंदिया रोड स्थित रविदास चेतना मंच के कार्यालय में संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनाये जाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इन्द्रदेव राम ने की। जबकि संचालन पूर्व पंसस रामजीत राम ने किया। मंच के सदस्यों सहित जिला परिषद प्रतिनिधि मो.एकलाख खां ने कहा 12 फरवरी 23 को संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती हसपुरा के बड़ी खेल मैदान में मनाया जायेगा। जयंती समारोह ऐतिहासिक हो जिसे लेकर प्रखंड सहित आसपास के गांवों में प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके लिए मंच के सदस्यों को पंचायत स्तरीय कार्य भार सौंपा जाए। रिटायर्ड शिक्षक नागेश्वर राम,दिलीप कुमार , रामबली राम, चितरंजन कुमार श्रीनाथ कुमार, जयराम राम, अर्जून अंबेडकर, सुदामा राम दर्जनों लोगों ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संतशिरोमणी रविदास जी जन जन में समरसता का संदेश फैलाया करते थे।हमें रैदास जयंती भाईचारा के साथ मनाने की जरूरत है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा.जन्मजय कुमार व अतिथि विधायक डा.सतीश दास होंगे। आगत अतिथियों का स्वागत गायक विकास तुफान करेंगे। वहीं रात्रि में लोक गायक सिरजानंद पाण्डेय बिहार एवं गायिका राजमुनी झारखंड के बीच गीत गवनई का मुकाबला होगा।

## चार दिन से लापता युवक अभी तक घर नहीं पहुंचा। देव सूर्य कुंड तालाब में डूबने की है आशंका।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र के बरहेता गांव निवासी उपेंद्र भुइया के देव सूर्य कुंड तालाब में डूबे हुए 4 दिन बीत गए लेकिन अभी तक नहीं मिल पाया सव परिजन सारा दिन तालाब पर बैठे बैठे काट रहे हैं दिन परिजन



को कहना है कि हमारा परिवार को किसी तरह हमारे पुत्र को ढूंढ कर ला दे ताकि उसे देखकर हम लोगों का संतुष्टि हो। बता दें कि उपेंद्र भुइयां अपने दोस्त के बरात में बुधवार के दिन सूर्य कुंड तालाब देव आया था। लेकिन आज तक घर वापस नहीं हुआ परिजनों ने उसका कपड़ा सूर्य कुंड तालाब के सीढ़ियां पर रखा हुआ पाया। इसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति तालाब में डूब गया है इसका पता करने के लिए पटना से एसडीआरएफ के टीम 4 दिनों से प्रयास कर रही है लेकिन सफलता नहीं मिला है। फिर जाकर तालाब का पानी सुखाया जा रहा है। इसके लिए 10 पानी मोटर लगाया गया है।

## जगदेव जयंती समारोह तैयारी को लेकर पचरुखिया में बैठक किया।

**दैनिक समाज जागरण, प्रेम कुमार प्रखंड संवादाता हसपुरा**

औरंगाबाद जिला के हसपुरा प्रखंड के पचरूखिया बाजार में बिहार लेनिन शहीद प्रसाद की जयंती 2 फरवरी को मनाने की तैयारी को लेकर पचरूखिया बाजार के हनुमान मंदिर परिसर में बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह ने किया। जयंती समारोह ऐतिहासिक बनाने के लिए विस्तार से चर्चा किया गया। और गांव के अंतिम बसावट



तक प्रचार प्रसार करने का जिम्मेवारी लोगो को सौंपी गई। मंच के अध्यक्ष ने कहा गरीबों शोषितों वंचितों के नायक शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती में कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।उन्होंने ने बताया कि 2 फरवरी को 11 दिन में माल्यार्पण किया जाएगा।बैठक में शत्रुघ्न सिंह,महेंद्र प्रसाद, विनोद कु सिन्हा, दुधेश्वर सिंह,रामजीत राम,रामप्रवेश सिंह,पप्पू वर्मा,सुधीर कुमार, सचिन कुमार, परिखा महतो,भोला राम,विश्राम यादव,नागा जी,

## बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह प्रथम मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि मनाने की तैयारी

**समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता**

औरंगाबाद (बिहार ) 30 जनवरी 2023 :- औरंगाबाद में डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह पुस्तकालय भवन राजेंद्र बाल उद्यान के बगल में डाक्टर श्री कृष्णसिंह



की 62 पुण्यतिथि मनाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है । नीलमणि के द्वारा बताया गया कि 62वे पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन डॉ श्रीकृष्ण सिंह पुस्तकालय भवन में आयोजित की जाएगी।

## अररिया प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता 2022-2023

**दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

आज दिनांक 29/1/2023 दिन रविवार समय 10:00 पूर्वाहन से 5 बजे अपराहन तक दक्ष बिहार स्कूल स्पोर्ट्स कार्यक्रम का द्वितीय दिन नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ देश का नेतृत्व में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद अमीरूलाह, राकेश कुमार मिश्रा, मोहम्मद कासिम




अख्तर, मोहम्मद इस्माईल, अनवर करीम, इफतखारुजमा, इत्यादि आज के स्पर्धा में कबड्डी व -14,17,19खो खो ,कुश्ती, वुशू, और फुटबॉल का आयोजन किया और कल दिनांक 28/1/2023 एवं 29/1/2023 के खेल विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशासित पत्र से सम्मानित किया गया सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अररिया मोहम्मद अमीरुल्लाह के द्वारा जिला स्तरीय प्रमणडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी एवं विजय पाने हेतु अग्रिम शुभकामनाओ के साथ दक्ष खेल का संपन्न किया गया सहयोगी शिक्षक में शशि भूषण कुमार, आलोक नाथ झा, पवन कुमार, पवन कुमार संतोष, सुनील कुमार, अशोक कुमार, इस्माइल रजा, तारानंद विश्वास, अरविंद कुमार अमर, संजीत कुमार, प्रेम शिला, पूजा कुमारी एवं मेडिकल टीम का भरपूर सहयोग रहा 1-मोहम्मद अमीरुलाह( प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अररिया 1-मोहम्मद कासिम अख्तर( निर्णायक मंडल सदस्य अररिया इत्यादि मौजूद रहे

# 19 बूथों परहोगा मतदान, पोलिंग पार्टियां रवाना

**– गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक क्षेत्र चुनाव की तैयारी पूरी**
**– कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षा के बीच बूथों पर भेजी गई पार्टियां**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक क्षेत्र चुनाव के लिए रविवार की दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर से 19 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। सभी बूथों पर सोमवार की सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होगा। जो शाम चार बजे तक चलेगा। मतदान समाप्ति के बाद पोलिंग पार्टियां बैलेट बाक्स के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में इकट्ठा होंगी। यहां से सभी को एक बस में मजिस्ट्रेट के



साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना के लिए गोरखपुर भेजा जाएगा।
मतदान के लिए दोहरीघाट ब्लाक, फतहपुर मंडाव, घोसी, मुहम्मदाबाद गोहना, कोपागंज, रानीपुर, परदहा व ब्लाक रतनपुरा में दो-दो बूथ बनाए गए हैं। सिर्फ बड़रांव ब्लाक में ही एक बूथ बनाया गया है। साथ ही नगरपालिका परिषद मऊ कार्यालय में भी दो बूथ बना है। इस प्रकार 10 मतदान केंद्रों पर 19 बूथ बनाए गए हैं। जनपद में कुल 21,163 मतदाता हैं। इसमें महिला 7569 एवं पुरुष मतदाता 13594 हैं। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए तीन रिजर्व सहित कुल 22 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में सभी पोलिंग पार्टियों को बैलेट बाक्स, स्टेशनरी, बैलेट पेपर, पीठासीन अधिकारी का बैग सहित सभी अनुमन्य पपत्र दिए गए। एक-एक कर सभी पार्टियों को अलग-अलग वाहनों से रवाना किया गया। उधर बूथों पर पहुंच पार्टियों ने वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने बूथों की सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग कराई।

# प्राथमिक विद्यालय के दिव्यांग बच्चे ने सुनाया 37 का पहाड़ा प्रसन्न हुये मुख्य सचिव ने बच्चे को किया पुरस्कृत

**दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर,सिकरारा। स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अभयचंद पट्टी में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के पहुँचने पर वहां बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बनाये गए डिस्कवरी लैब की तरह बनाये गए स्टाल का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपस्थित प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर सिकरारा के शिवम कन्नौजिया, काजल बानो, जीनत बानो, रूबी माली, मानवी प्रजापति, अंश चौरसिया, मयंक प्रजापति, अनंत मौर्य से उपकरणों के बारे में पूछने पर बच्चों द्वारा बहुत ही बेबाकी से जवाब पाकर



बहुत खुश हुए। कक्षा 4 के दिव्यांग छात्र शिवम कन्नौजिया ने बताया कि उसको 40 तक पहाड़ा आता है तो मुख्य सचिव ने 37 का पहाड़ा पूछा तो उसके द्वारा बताए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए 1000 रुपये का पुरस्कार बच्चों को मिठाई खाने के लिए दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा, जिला बेसिक डा. गोरखनाथ पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी खुटहन पंकज यादव, खंड शिक्षा अधिकारी बरसठी शशांक सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सिकरारा आनंद प्रकाश सिंह, प्रधानाध्यापक अमित सिंह, इन्दू पुकाश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अवैध कट्टा व कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**चन्दन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

जौनपुर( मड़ियाहूं ) स्थानीय कोतवाली पुलिस ने रविवार को सुबह 10:00 बजे रामनगर मोड़ से 315 बोर के नाजायज कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।
प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह वह अपने हमराहियो के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे ।इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली की रामनगर मोड पर एक युवक नाजायज असलहे के साथ मौजूद है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, उपनिरीक्षक बृज कुमार मिश्रा और हमराही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां खड़े युवक की तलाशी लिया तो उसके पास से एक अदद 315 बोर का अवैध असलहा कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ ।पुलिस उसे हिरासत में लेकर कोतवाली लाई है ।पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम यादव पुत्र लालमन यादव निवासी कटघर बताया। पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया।

# बैंक आफ इंडिया के द्वारा पतार गांव में बैंक आपके द्वार कैंप का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**

दैनिक समाज जागरण गाजीपुर - बैंक ऑफ इंडिया शाखा लठ्ठूडीह के द्वारा क्षेत्र के पतार गांव में बैंक आपके द्वार कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के आंचलिक कार्यालय वाराणसी से पहुंचे अधिकारियों द्वारा बैंकिंग व्यवस्था के सभी आयामों पर प्रकाश डालते हुए किसान क्रेडिट कार्ड साहित बैंक के सभी ऋण योजना के बारे में ग्राहकों को विस्तार से बताया गया।
इस दौरान आंचलिक कार्यालय वाराणसी के मुख्य प्रबंधक गंगाधर सिंह ने ग्राहकों को किसान क्रेडिट कार्ड सहित कृषि से जुड़े व्यापार के बारे में जिसमें डेरी फार्म, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, सूकर पालन आदि पर व्यवसाय करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।
इस मौके पर वाराणसी से आए अधिकारी जेड आर खां द्वारा किसानों की समस्याओं के बारे में कहा कि यदि किसी का किसी कारण बस किसान क्रेडिट कार्ड से लिया गया ऋण खाता एनपीए हो गया है




तो वह किसान बैंक द्वारा चलाए जा रहे संजीवनी योजना का लाभ उठाते हुए पच्चास प्रतिशत ऋण छूट का लाभ उठाकर अपने केसीसी ऋण का भुगतान कर सकता है।
इस दौरान मार्केटिंग मैनेजर ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत व्यवसाय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए व्यवसाय को बढ़ाने की बात कही।
कैंप में उपस्थित जनों व किसानों के हर बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनका निदान अधिकारियों द्वारा किया गया।
कार्यक्रम के अंत में शाखा प्रबंधक लठ्ठूडीह के द्वारा सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र, कैलेंडर व बैग प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया।
इस दौरान प्रमुख रुप से वाराणसी कार्यालय से जुड़े अधिकारी महेश यादव सहित, उदय नारायण सिंह, सुखराम सिंह, कृपाशंकर सिंह, नथुनी सिंह, गोपाल सिंह, डब्लू सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, श्रीप्रकाश राय, मन्नू यादव, मोहम्मद अंसारी, राजू सिंह, विमलेश कुमार, अपूर्व राय आदि रहे।

# कोटेदारों को पुनः नहीं मिल रहा पोर्टबिलिटी राशने

भेटुआ अमेठी/ राशन प्राप्त करने में कार्डधारकों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सरकार ने कार्डधारकों को पोर्ट बिलिटी की सुविधा दे इच्छित दर दुकान से राशन प्राप्त करने की सहुलियत दी है परन्तु अमेठी में पूर्ति विभाग के अड़ियल रवैये के चलते राशनकार्ड पोर्टबिलिटी के कई लाभार्थियों को कोटेदार राशन नहीं उपलब्ध करा पा रहे
कई राशनकार्ड धारकों ने प्रशासन को संज्ञानित करते हुए बताया है कि सही तौल, नजदीकी और सुविधा अनुसार उन्होंने वांछित कोटे का चयन कर पोर्ट बिलिटी कराई परन्तु उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा
कोटेदारों से इस संदर्भ में जानकारी लेने पर पता चला कि जबसे जनपद में सिंगल स्टेट डिलीवरी की सुविधा मिली है तबसे पूर्ति विभाग न तो पोर्टबिलिटी का राशन दे रहा है न ही चालान, बीच में समाचार पत्रों में खबर छपने के बाद एक दो बार तो विभाग ने पोर्टबिलिटी राशन तो उपलब्ध कराया लेकिन अब पोर्टबिलिटी राशन पुनः मिलना बंद हो गया है ऐसे में जरूरी राशन की आपूर्ति न होने से कई पात्र राशनकार्ड धारकों को राशन उपलब्ध कराने में वे असमर्थ हैं निश्चित रूप से पूर्ति विभाग की इस तरह की मनमानी से जनपद के कई पात्र परिवारों को उनके हक का राशन नहीं मिल पा रहा,ऐसे में जरूरी हो गया है कि कोटेदारों को पोर्टबिलिटी का राशन और चालान ससमय उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये

# गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन 2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियां हुई रवाना।

**30 जनवरी को 13 मतदान केंद्रों पर प्रातः 8:00 से 4:00 बजे तक होगा मतदान।**

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। बताते चलें कि 30 जनवरी को जनपद के 13 मतदान केंद्रों पर प्रातः 8:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक मतदान होना है जिसको सकुशल संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट से सुरक्षाकर्मियों सहित पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन में जनपद के कुल 6544 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें 4219 पुरुष एवं 2325 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणसील रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात सभी पीठासीन अधिकारी अपनी-अपनी मतपेटिका लेकर कलेक्ट्रेट में उपस्थित होंगे जिसके पश्चात सभी मतपेटिकाओं को कड़ी सुरक्षा के बीच गोरखपुर में बने स्ट्रांग रूम में भेजा जाएगा। पोलिंग पार्टी रवानगी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चोर ताला तोड़कर नगदी सहित हजारों का गहना ले उड़े

**देवेश कुमार निगम संवाददात समाज जागरण**

जौनपुर,जफराबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के माधोपट्टी गांव के एक घर से बीती रात चोर हाथ साफ कर दिया। चलें कि चोरों ने बीती रात घर में लगे ताले को तोड़कर हजारों रुपये के गहने तथा नगदी उठा ले गए। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह तब हुई जब लोग जागे और देखा की घर के ताले टूटे हुए है। सुबह जब जानकारी हुई तब परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी लालमन गौड़ के मकान के दरवाजे के ताला तोड़कर चोर कमरे में रखे बॉक्स को उठा ले गए। घर से थोड़ी दूर बक्से को तोड़कर उसमें रखा सोने का कनफूल, झाला आदि तथा 25 हजार नगद उठा ले गए।पुलिस घटना के खुलासे में लगी है। ज्ञात हो लालमन का एक मकान उसी मकान के सामने है। वह परिवार के साथ दूसरे मकान में था। यह जानकारी अगल–बगल वालों को ही थी।

# तेज रफ्तार की कार व बोलेरो पलटी, दो लोग घायल

**दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर,सिरकोनी। स्थानीय क्षेत्र के जफराबाद बाईपास पर शनिवार की रात को तेज रफ्तार कार तथा एक बोलेरो पलट गयी जिसमें कार सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों में एक को काफी गम्भीर चोट आयीं हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लाडनपुर गांव निवासी मनीष श्रीवास्तव पुत्र स्व. छोटे लाल श्रीवास्तव तथा अंकुर सिंह पुत्र राजकुमार सिंह कार से घर वापस आ रहे थे।



उक्त बाईपास पास पर असंतुलित होकर कार बाईपास के नीचे गड्ढे में जाकर पलट गयी। कार को चला रहे मनीष श्रीवास्तव को काफी चोट आई है।अंकुर भी घायल हुए है। वहीं दूसरी तरफ कल्याणपुर बाजार निवासी व्यवसायी ओम प्रकाश जायसवाल व उनके नजदीकी अहकू राम अपने बोलेरो से शहर से घर आ रहे थे। बोलेरो उनका चालक खुर्शीद चला रहा था। बोलेरो बाईपास के छोर पर कबूलपुर जफराबाद मार्ग पर आकर पलट गयी। हालांकि संयोगवश सभी बाल–बाल बच गये।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चन्दन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

जौनपुर ।जिले के मड़ियाहूं तहसील अंतर्गत ग्राम सभा राजापुर नंबर 2 के चंद्रशेखर आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे पंडित राम गोविंद पांडे एवं पंडित रामअधार पांडे की पुण्यतिथि मनाई गई'
बताते चलें कि 29 जनवरी 2023 दिन रविवार को आजाद चंद्रशेखर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजापुर नंबर 2 में उक्त विद्यालय के प्रबंधक डॉ चंद्रशेखर पांडे व विश्व आयुर्वेदिक परिषद( काशी हिंदू विश्वविद्यालय इकाई ) द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला निशुल्क परीक्षण एवं परामर्श शिविर का कार्यक्रम संपन्न




हुआ '
जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के तमाम डॉक्टर मौजूद रहे' निशुल्क परीक्षणों परामर्श शिविर में करीब ढाई सौ लोगों ने शिविर का लाभ लिया'

# ट्रेन आते ही बाइक छोड़कर भागा युवक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। यूसुफपुर और करीमुद्दीनपुर के बीच शनिवार को रेलवे लाइन पार करते समय सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन आ जाने से एक युवक अपनी बाइक को लाइन पर ही छोड़कर भाग निकला। जिससे ट्रेन से टकरा कर बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी होने पर मौके पर पहुची आरपीएफ ने बाइक को अपने कब्जे में कर लिया। इस मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। आरपीएफ प्रभारी अमित राय ने



बताया कि सूचना मिली कि एक युवक रेलवे लाइन पार करते समय सद्भावना ट्रेन आने पर बाइक छोड़कर भाग गया है। इस सूचना पर टीम के सदस्य वहां पहुंचे तो बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। क्षतिग्रस्त बाइक को आरपीएफ थाने लाया गया। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि देर रात गाड़ी के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध तीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच किया जा रहा है । बाइक किसकी है इसका पता लगाया जा रहा है।

# एमएलसी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर ।रविवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गाजीपुर के समस्त नवनिर्वाचित ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष मंत्री एवं कोषाध्यक्ष का शपथ ग्रहण के साथ-साथ प्रदेश इकाई में शामिल किए गए प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान समारोह सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोशन लाल एवं संचालन जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी विशाल सिंह ह्लचंचलह्लरहे। चंचल सिंह ने समस्त नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष मंत्री एवं कोषाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की जो भी समस्या हमारे संज्ञान में लाई जाएंगे उसको मेरे स्तर से समाधान करने हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि सफाई कर्मचारी संगठन को जल्द ही मेरी आवश्यकता पड़ेगी मैं पूरी अपनी टीम के साथ सफाई कर्मचारियों के संघर्षों में सहयोग प्रदान करूंगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्य ने भी समस्त नवनिर्वाचित ब्लॉक



पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहां की सफाई कर्मचारियों की जो भी समस्याएं होंगी उसका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर मेरे स्तर से किया जाएगा। जिला अध्यक्ष रोशनलाल सफाई कर्मचारी साथियों की समस्याओं से जिला पंचायत राज अधिकारी एवं एमएलसी को अवगत कराते हुए कहा कि महिला विकलांग पति पत्नी हम गंभीर बीमारी से ग्रसित सफाई कर्मचारी साथियों की तैनाती अत्यधिक दूरी पर किया गया है जो शासनादेश के विपरीत है,साथ ही जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि सफाई कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह के पास तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाना चाहिए। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू ने एमएलसी साहब से संघ कार्यालय आवंटन करने हेतु आग्रह किया। शपथ ग्रहण के दौरान प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी, जिला महामंत्री ईश्वर यादव, प्रांतीय संयुक्त मंत्री रमेश कुमार गुप्ता, संयुक्त मंत्री कालेश्वर रावत,रामप्रकाश गुप्ता, जिला सरक्षक जितेंद्र सिंह, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राजेश यादव, संतोषी राय, जानकी पूनम गोस्वामी अजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जवाहिर बिंद, ब्लॉक अध्यक्ष क्रमशः सुरेश यादव, शंकर वर्मा, विशाल कुमार, विनोद कुमार, राम सिंहासन, राम हंसराज कुशवाहा, राकेश मोहन, राम नगीना सिंह यादव, राजन यादव, जयप्रकाश यादव, राजनाथ राम, राजेश यादव, अरुण कुमार, राजकुमार, कन्हैयालाल, अनिल कुमार यादव आदि सैकड़ों सफाई कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में जिला अध्यक्ष रोशनलाल ने समस्त उपस्थित साथियों एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# स्मृति ने दो साल की मासूम के इलाज के लिए दिए 51 हजार

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने दो साल की बच्ची के इलाज के लिए 51 हजार रुपये की सहायता भेजी है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी जब रामगंज आई थी तो बच्ची की मां ने उनसे मिलकर बेटी का इलाज करवाए जाने की मांग की थी। बच्ची का यूरोलाजी विभाग में इलाज चल रहा है। दीदी ने परिवार को उत्थान सेवा संस्थान के जरिए इलाज के लिए मदद भेजी है। शनिवार को सांसद प्रतिनिधि ने



रामगंज के बहादुरपुर खरगीपुर निवासी परमहंस मिश्रा को उनकी बेटी शांवी मिश्रा के इलाज के लिए 51 हजार रुपये का चेक सौंपा है।

# भोजपुरी सिनेमा की शुरूआत 1962 में "गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबे"से हुई : – विनोद गुप्ता

**दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। अग्रहरि समाज के गौरव एवं भोजपुरी फिल्म एवं उत्तरखण्डी अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष विनोद गुप्ता का रविवार को जनपद आगमन हुआ जहां अग्रहरि समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरि के नेतृत्व में नगर के पंचहटिया में अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री गुप्ता कहा कि भोजपुरी सिनेमा की शुरूआत 1962 में "गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबे"से हुई। भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों के सम्मान के लिए कोई



कार्यक्रम नहीं था। भोजपुरी भाषा व भोजपुरी फिल्म के कलाकारों के सम्मान में २००५ मैंने पहली बार भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स समारोह का आयोजन किया गया। अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और सायरा बानो ने दीप प्रज्वलित करके अवार्ड का शुभारम्भ किया था जो आज निरन्तर चल रहा है। उन्होंने कहा कि अवार्ड हिंदी टेलीविजन के जरिये विदेशों में पहुंचा और साथ ही भोजपुरी कलाकारों की लोकप्रियता में चार चांद लग गये। भोजपुरी फिल्म अवार्डस की वजह से मार्केट खुल गया और कई भोजपुरी चैनल्स का जन्म हुआ। 30 लाख में बनने वाली फिल्में आज डेढ़.करोड़.में बनने लगी है। श्री गुप्ता की अगुवाई में भोजपुरी फिल्मों को सहायता राशि प्रदान करने का सिलसिला शुरू हुआ जिससे फिल्मों की संख्या बढ़ी। प्रदेश के हर जिले में शूटिंग होने की वजह से प्रदेश के लोगों को रोजगार भी मिलने लगा है। अवार्ड निरंतर १७ साल से हो रहा है, इसलिए इसे सबसे पुराना, प्रतिष्ठित अवार्ड समारोह माना जाता है। हो भी क्यों न, क्योंकि यह एकमात्र जूरी बेस्ड अवार्ड है, इसीलिए पूरी इंडस्ट्री इस अवार्ड के साथ जुड़ी है। 17ँ भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स 23 जनवरी को मुंबई में आयोजित किया गया था जहाँ भोजपुरी सिनेमा जगत के बड़े. कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी तभी तो विनोद गुप्ता द्वारा आयोजित अवार्ड को भोजपुरी सितारों का महाकुम्भ भी कहा जाता है।
इस अवसर पर संयोजक विनोद अग्रहरि, महामंत्री रविन्द्र अग्रहरि, खझड़ी सम्राट सत्य प्रकाश गुप्त, विक्रम अग्रहरि, दीपक अग्रहरि, सन्तोष अग्रहरि, विकास अग्रहरि, अरविन्द अग्रहरि, रंजीत अग्रहरि, राघवेंद्र अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा बने प्रबंधक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मुहम्मदाबाद। जम्मू काश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा श्रीनृसिंह इंटर कालेज मोहनपुरा के प्रबंधक चुने गये। श्रीनृसिंह इंटर कालेज मोहनपुरा की प्रबन्ध समिति का निर्वाचन रविवार को पुर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन अधिकारी डा अरविंद प्रधानाचार्य श्री शिवपूजन इंटर कालेज मलसा व पर्वेक्षक नवीन पाठक प्रधानाचार्य राजकीय सीटी इंटर कालेज गाजीपुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ ।जिसमें राम नारायण सिंह अध्यक्ष एवं अभिनव सिन्हा प्रबन्धक सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। अभिनव सिन्हा के प्रबन्धक चुने जाने पर उपस्थित लोगो ने उन्हें फूल मालाएं



पहनाकर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर अभिनव सिन्हा ने कहा कि मै विद्यालय के उत्थान और उच्च शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। ज्ञातब्य हो कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी उपराज्यपाल बनने के पूर्व इस विद्यालय के प्रबन्धक रह चुके है। इस मौके पर विजय शंकर राय प्रवक्ता मलसा, सुजीत कुमार राय,प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ राय,रामजी राय,राकेश राय ,राजेश राय तथा देवेश कुमार राय आदि लोग मौजूद रहे।

# सिद्धार्थ राय ने किया मां कष्टहरणी का दर्शन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के चर्चित समाजसेवी सिद्धार्थ राय राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात गाजीपुर आने के बाद करीमुद्दीनपुर स्थित कष्टहरणी धाम में



पहुंच कर मां का दर्शन पूजन किया। कष्टहरणी धाम के पुजारी राजकुमार पाण्डेय ने प्रसाद एवं मां की चुनरी भेंट की। कष्टहरणी धाम से दर्शन के उपरांत सिद्धार्थ राय दुबिहां मोड पर स्थित बिनायक प्रोडक्ट पर पहुंचे ।वहां दिनेश राय गुड्डू,ओम प्रकाश कुशवाहा एवं राजेश कुमार मिश्र ने उनका स्वागत किया। सिद्धार्थ राय ने सभी को अपनी किताब बदनाम सिद्धार्थ भेंट की।
दुबिहां मोड से सिद्धार्थ राय हार्टमन पुर मिशन में पहुंचे ।वहां फादर प्रकाश तिग्गा पल्ली पुरोहित एवं फादर फेलिक्स राज से मुलाकात की। सिद्धार्थ राय ने फादर को भी पुस्तक भेंट की ।चर्च में दर्शन के पश्चात सिद्धार्थ राय फादर फेलिक्स राज के साथ हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर पहुंचे ।वहां कालेज में फादर के साथ भ्रमण कर विद्यालय के हरियाली और पौधारोपण तथा खुबसूरत मुर्तियां देख कर फादर को बधाई दिये। उन्होंने कहा की लोग किराये के मकान में स्थाई निर्माण नहीं कराते हैं कारण की लोग यह सोचते हैं की कभी भी छोड़ना पड़ेगा। लेकिन फादर ने यह जानते हुए की आने वाले समय में मै कहीं और रहूंगा यहां कोई और रहेगा ।उसके बाद भी फलदार पेड़ लगवा दिये हैं की आने वाले समय में जो भी रहेंगे वह इसका उपयोग करेंगे।

# समान शिक्षा व्यवस्था लागू हो –रमेश यादव

***सबकी शिक्षा एक समान मांग रहा है हिंदुस्तान उमा शंकर पाल***

जनपद जौनपुर समान शिक्षा का अधिकार अभियान उत्तर प्रदेश के द्वारा धरना प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं के माध्यम से आठ सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उत्तर प्रदेश में समान शिक्षा व्यवस्था लागू हो जिसमें न्यायाधीश अधिकारी व सरकारी वेतन पाने वाले कर्मचारी तथा प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों के शिक्षकों के बच्चे प्राइमरी स्कूल में पढ़ने की अनिवार्यता हो सरकारी स्कूलों में निःशुल्क पुस्तकें समय से वितरित हो जिससे बच्चों को पढ़ने लिखने में बाधा उत्पन्न न हो सरकारी स्कूलों में बटने वाला निःशुल्क ड्रेस का पैसा और बढ़ाया जाए जाए प्राइमरी स्कूलों में छात्रवृत्ति पुनः चालू किया जाए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गरीब परिवारों के बच्चों को निजी विद्यालयों में 25% नामांकन सुनिश्चित करने हेतु कड़ाई से पालन किया जाए तथा शिक्षा पर माध्यमिक उत्तर प्रदेश न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 12 अगस्त 2015 कार्यपालन कड़ाई से हो अभियान के संयोजक रमेशचन्द्र यादव जी ने कहा कि आगे यह संघर्ष पूरे तहसील व उत्तर प्रदेश में जारी रहेगा इस अभियान में प्रभारी डा० उमाशंकर पाल जी ने कहा कि चाहे अमीर हो या गरीब की संतान सबकी शिक्षा एक समान इस नारे से पूरा तहसील गूंज उठो अभियान सह संयोजक विनोद राव जी ने कहा कि अभी यह प्रदेश स्तर पर व्यापक किया जाएगा इस अभियान में मंजेश कुमार, जिया लाल, संदीप दुवे,पाल नेहा, उर्मिला पटेल, पुजा चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे

# क्या वजन घटाने के लिए आप भी करते हैं ये गलतियां? हो जाएं सावधान

अक्सर वजन घटाने के चक्कर में हम कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो कभी नहीं करनी चाहिए. अगर बिना किसी एक्सपर्ट की सलाह या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह से हम वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं या फिर ऐसे नुस्खों का अनुसरण कर रहे हैं, जो बेहद सामान्य हैं, जिन्हें किसी के मुंह से भी सुनकर लोग फॉलो करने लगते हैं, तो सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी स्थिति में पछताना पड़ सकता है. अगर आपका वजन ज्यादा है और आप वेट लॉस (ह्वीँ३ छङ्क२२) करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले किसी अच्छे न्यूट्रिशनिस्ट से मिलें और उसके द्वारा बताई गई डाइट प्लान ही फॉलो करें. ध्यान रहे कि खुद से अपनी डाइट प्लान न बनाएं या फिर इंटरनेट पर देखकर वजन घटाने के नुस्खों या टिप्स का अनुसरण न करें. पोषक विशेषज्ञ के दिशा-निर्देश में ही बनाई गई डाइट प्लान, का अनुसरण करें और खुद डॉक्टर न बनें. अक्सर देखा गया है कि लोग वजन घटाने के लिए खुद ही डॉक्टर की भूमिका में आ जाते हैं और जिसका खामियाजा उनको बाद में भुगतना पड़ता है. न्यूट्रिशनिस्ट तान्या वालिया मालगुड़ी का कहना है कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन डाइट प्लान का अनुसरण करना बेहद जरूरी है. इससे आपको पता लगता है कि आप कितना अतिरिक्त खाना खाते हैं.अभी तक कितनी कैलोरी ले रहे थे और वास्तव में कितनी कैलोरी लेने की जरूरत है. उनका कहना है कि वजन कम करने के लिए कभी भी प्रोटीन लेना नहीं छोड़ना चाहिए.



एकदम से खाना भी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है और थकान महसूस होने लगती है. कई बार ऐसी स्थिति में तनाव भी हो सकता है.

वजन घटाने के चक्कर में ज्यादा एक्सरसाइज भी न करें, एकदम से ऐसा करने से मांसपेशियों में दर्द हो सकता है. कभी भी वजन घटाने के लिए गलत फूड का कॉम्बिनेशन न लें. अपने भोजन में 50 फीसदी सब्जियां जिनमें सलाद भी शामिल हो, 25 फीसदी प्रोटीन, 25 फीसदी काबोर्हाइड्रेट लें. आप छाछ या दही के तौर पर 5 फीसदी प्रोबायोटिक जरूर लें. उचित अनुपात में उचित भोजन संयोजन करने का प्रयास करें. दरअसल, मोटापे की समस्या तेजी से युवाओं को चपेट में ले रही है. अनियमित लाइफस्टाइल की वजह से यह बीमारी कॉमन हो गई है. लेकिन अगर सही से डाइट प्लान फॉलो किया जाए तो बढ़ते वजन पर काबू पाया जा सकता है. कई बीमारियों के कारण भी वजन बढ़ने लगता है ऐसी स्थिति में डॉक्टर को जरूर दिखाएं और परामर्श लें.

# अगर है हाई ब्लड शुगर? सुबह की इन 5 आदतों से ऐसे हो सकता है नियंत्रित

अगर मनुष्य अपनी जीवनशैली में सुधार कर ले तो कई बीमारियों से बच सकता है. लाइफस्टाइल की अनियमितता के कारण कई सारी बीमारियां इंसान को घेर लेती हैं, और धीरे-धीरे ये रोग घातक होते जाते हैं. अगर आप बीमारियों की सूची सर्च मारेंगे, तो कई ऐसी होंगी जिनकी मुख्य वजह डिस्टर्ब और अनबैलेंस लाइफस्टाइल होगी. हाई ब्लड शुगर भी ऐसा ही एक रोग है, जो जीवनशैली से जुड़ा हुआ है. इस बीमारी में व्यक्ति का ब्लड शुगर का स्तर जरूरत से अधिक बढ़ जाता है, जिससे दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. इस बीमारी के आम संकेत वजन का अचानक कम होना, ज्यादा प्यास लगना, अचानक भूख बढ़ जाना, पेशाब से महक आना, धुंधला दिखाई देना और हमेशा थकान रहना है. लेकिन जीवनशैली में सुधार करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है.




पानी

हाइड्रेशन सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है. तभी कहा भी जाता है कि हमेशा हाइड्रेड रहें. पानी रक्त शर्करा (ब्लँ इ'ङ्कङ्क र्४१ ) के स्तर को कम करने और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है. यह रक्त प्रवाह में शर्करा के स्तर को पतला करता है. पर्याप्त पानी न पीने से कई समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सुबह उठते ही जमकर पानी पिएं और दिनभर शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रखें.

प्रोटीन नाश्ता

प्रोटीन एक और पोषक तत्व है जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करने के लिए जाना जाता है. इसलिए अपने ब्रेकफास्ट में प्रोटीन को शामिल करें. ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊजार्वान रहेंगे. सुबह का नाश्ता जरूर करें और उसे छोड़े ना. अक्सर हमारी आदत सुबह का नाश्ता नहीं करने की होती है.

एक्स्ट्रा कैफीन से बचें

कॉफी आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है. इसलिए सीमित मात्रा में कॉफी का सेवन करें. कॉफी में कैफीन होता है और इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है. सुबह उठते ही बार-बार कॉफी न पिएं.

सुबह व्यायाम जरूर करें

सुबह उठते ही व्यायाम जरूर करें और टहलें. जब हम व्यायाम करते हैं, तो हमारा रक्त शर्करा का लेवल मेन्टेंन रहता है.

तनाव को बाई-बाई कह दें

तनाव एक ऐसी चीज है जो हमें कई सारी बीमारियां दे जाती है. इसलिए बिल्कुल भी तनाव न लें. अगर आप सुबह उठते ही तनाव लेने लगते हैं तो ऐसा करने से आपको कई सारी बीमारियां घेर सकती हैं और आपका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ जाता है. अपने दिन की शुरूआत शांति और धैर्य से करें. उठते ही घूमें, व्यायाम करें और योग करें.

# डायबिटीज-आंखों के लिए बहुत लाभकारी है गाजर का जूस, बस एक महीने में पा सकते हैं ऐसे गजब के फायदे

शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति के लिए फलों-सब्जियों के सेवन की आदत बनाना काफी लाभकारी माना जाता है। हर मौसम की कुछ खास सब्जियां-फल होते हैं जो शरीर को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। इस मौसम में गाजर बहुतायत में उपलब्ध होते हैं, इसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं गाजर के जूस का सेवन करना कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करके आपको बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में सहायक है। अध्ययनों में इसे डायबिटीज से लेकर हृदय रोग और आंखों की सेहत को ठीक रखने में भी फायदेमंद पाया गया है।

डॉक्टर्स कहते हैं, बस एक महीने नियमित रूप से गाजर के जूस का सेवन करके आप शरीर में कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव महसूस कर सकते हैं। गाजर में फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन सी और के, पोटैशियम जैसे अति महत्तपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के अंगों को स्वस्थ रखने और गंभीर क्रोनिक बीमारियों के जोखिम से बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

गाजर का रस कैरोटीनॉयड पिगमेंट ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन भी प्रदान करता है, जो शरीर में एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स का सेवन कई गंभीर रोगों के विकास को कम करने में सहायक है। आइए गाजर के जूस से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद है गाजर का जूस

गाजर के जूस में लगभग वे सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपकी आंखों के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। 200 ग्राम गाजर के जूस से दैनिक विटामिन-ए की



आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-ए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में पाया गया है कि विटामिन-ए वाली चीजों का सेवन करना अंधेपन और उम्र से संबंधित नेत्र रोगों के जोखिम से सुरक्षित रखने में आपके लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।

इम्युनिटी बूस्टर है यह जूसडायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है गाजर


गाजर का जूस पीने से रक्त शर्करा के स्तर को भी कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज वाले चूहों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि गाजर का रस रक्त शर्करा को कम करने और इससे संबंधित अन्य मार्करों में भी आपके लिए मददगार है। किण्वित जूस में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया के लिए अच्छे माने जाते हैं। गाजर एंटी-इंफ्लामेटरी गुण के लिए भी जाना जाता है, इसके कारण भी इसे डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद पाया गया है।

गाजर का जूस आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन-ए और सी, दोनों ही एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह जूस विटामिन-बी 6 का भी समृद्ध स्रोत है। प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर रखने के लिए विटामिन-बी 6 वाली चीजों को आहार में जरूर शामिल करें। गाजर के जूस का सेवन आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

# जहरीली हवा से कैसे रहे सुरक्षित,स्वामी रामदेव से जानिए योग और आयुर्वेदिक उपचार

दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने का दिखने लगा असर। दिल्ली के कई इलाकों में 10 गुना ज्यादा प्रदूषित हुई हवा। दिल्ली और आस-पास के जिलों में अदकलेवल 300 के पार। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में धुंध और धुएं का गुबार। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत। फिर वही कहानी एकबार फिर दिल्ली-ठउफकी हवा और भी ज्यादा जहरीली होने लगी है। सड़कों पर चल रही करोड़ों गाड़ियां, कंसंट्रक्शन वर्क और पराली के धुएं के बाद दिवाली के पटाखों ने रही सही कसर पूरी कर दी है। दुख तो इस बात का है कि ऐसी नौबत हर साल आती है। सर्दी गिरते ही पराली के धुएं का डर सताने लगता है फिर पटाखे जलाने को लेकर डिबेट शुरू होती है। देखते-देखते ना सिर्फ दिल्ली-ठउफ खराब हवा से पूरे उत्तर भारत का दम घुटने लगता है।

ऐसे में जरूरी है एक उस फिल्टर की जो प्रदूषित हवा के हमले को रोककर वातावरण को साफ कर दे। कुछ वैसे ही जैसे इंद्र देव के क्रोध से बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। जिसके नीचे आकर लोगों ने अपनी जान बचाई थी। पॉल्यूशन से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने जैसे चमत्कार की ही जरूरत है। क्योंकि एयर पॉल्यूशन बढ़ते ही सांस से जुड़ी परेशानियां बढ़ने लगती हैं। उडढऊ



ब्रोंकाइटिस, टीबी, अस्थमा जैसी बीमारिया ट्रिगर हो जाती हैं। इतना ही नहीं जो लोग हेल्दी हैं वो भी थकान,सिरदर्द,स्ट्रेस, आंख-नाक और गले में जलन की शिकायत करने लगते हैं। खराब हवा का असर न्यूरो सिस्टम और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी दिखाई देता है। सांस लेने के लिए कुदरत हमें जो साफ हवा देती है उसे हम सब मिलकर जहरीली बनाते है और फिर खामियाजा भी भुगतते हैं अब ऐसे में किसी एक की कोशिश से उसे ठीक भी नहीं किया जा सकता। पॉल्यूशन से बचने के लिए हर किसी को अपने हिस्से की हवा साफ करनी होगी। ये सब होगा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर। गाड़ियों का इस्तेमाल कम करके पराली और इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कंट्रोल करने का सही सॉल्यूशन ढूंढकर। जिस तरह रातों-रात हवा बद से बदतर हो जा रही है। वो चुटकी बजाते ही साफ तो नहीं हो सकती। ऐसे में सांसों पर लगने वाली इमरजेंसी से बस योगिक फिल्टर ही बचा सकता है तो बेहतर है योग के चमत्कार को समझिए और अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के इस मौके पर योग कीजिए।

# गले में कुछ फंस जाए तो फौरन करें ये 4 काम

खाने के दौरान कभी-कभी खाने का गले में फंसना सामान्य बात नहीं है। खाना निगलना एक जटिल प्रक्रिया है। जब भी हम कुछ खाते हैं तो खाने को मुंह से पेट तक पहुंचने में लगभग 50 से ज्यादा मांसपेशियां और कई नर्व्स मिलकर काम करती हैं। जब आप भोजन करते हैं, तो आपके मुंह से आपके पेट तक भोजन को स्थानांतरित करने के लिए लगभग 50 जोड़ी मांसपेशियां और कई तंत्रिकाएं मिलकर काम करती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान खाना गले में फंसना कोई असामान्य बात नहीं है।

जब आप सॉलिड फूड खाते हैं तो तीन चरणों वाली प्रक्रिया शुरू होती है। आप भोजन को चबाकर निगलने के लिए तैयार करते हैं। यह प्रक्रिया भोजन को लार के साथ मिक्स करती है जिससे फूड नम प्यूरी में बदल जाता है। जब आपकी जीभ भोजन को आपके गले के पीछे धकेलती है तो आपके निगलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस दौरान आपकी श्वसन नली कसकर बंद हो जाती है और आपकी सांस रुक जाती है।

यह प्रक्रिया भोजन को गलत पाइप में जाने से रोकती है। इस प्रक्रिया के दौरान भोजन आपकी खाने की नली में प्रवेश करता है और आपके पेट में जाता है। कई बार खाते समय प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ी हो जाती है और खाना फूड पाइप में फंस जाता है। इस दौरान आपके सांस लेने पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि खाने ने आपकी सांस की पाइप को पहले ही साफ कर दिया है।

फूड पाइप में खाना फंसते ही उसके लक्षण दिखने लगते हैं। सीने में दर्द होना, लार का ज्यादा अनुभव होना, लगातार खांसी आना, चेहरे का रंग खांसते-खांसते पीला



पड़ना कुछ मामलों में बेहोशी भी हो सकती है। अगर खाना गले में फंस गया है और गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे तो आप घर में ही गले में फंसे खाने को आसानी से निगल सकते हैं।

स्थिति कब गंभीर हो सकती है:

जब खाना फंसने की वजह से बात नहीं कर पा रहा है

सांस लेने में कठिनाई हो रही है

सांस जोर जोर से ले रहा है

सांस लेते समय कर्कश आवाज आ रही है

खांसी या कमजोर होने पर

चेहरा लाल या पीला या नीला पड़ जाने पर

बेहोश हो जाने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

गले में फंसा खाना निकालने के उपाय

कई शोध से पता चलता है कि कोक या अन्य काबोर्नेटेड ड्रिंक का सेवन करने से फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर और इमर्जेंसी वर्कर अक्सर भोजन को तोड़ने के लिए इस सरल तकनीक का उपयोग करते हैं।

गैस के दर्द का इलाज करने की दवाएं फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद कर सकती हैं। यह दवाएं फूड पाइप में दबाव बढ़ाती है और भोजन को ढीला कर सकती है।

पानी ज्यादा पीएं। पानी के कुछ बड़े घूंट आपके फूड पाइप में फंसे भोजन को नीचे करने में मदद करते हैं। यदि आपने खाना ठीक से चबाया नहीं है तो यह बहुत अधिक सूखा हो सकता है। पानी के बार-बार घूंट से अटका हुआ भोजन गीला हो सकता है और आसानी से नीचे चला जाता है। कभी-कभी फूड पाइप को अतिरिक्त ग्रीस की आवश्यकता होती है ऐसे में एक चम्मच मक्खन खाने से मदद मिल सकती है। एक चम्मच मक्खन फूड पाइप को नम करने में मदद करता है और अटके हुए भोजन को आपके पेट में नीचे ले जाना आसान बनाता है।

# सर्दी में इन दो विटामिन की कमी आपको बना सकती है बीमार, इन फूड्स से करें कमी को पूरा

सर्दी का मौसम आ चुका है और ठंडी हवाएं कुछ ही दिनों में अपनी रफ्तार पकड़ सकती है। इस मौसम में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में कुछ मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी जुकाम, बंद नाक, छींके आना, सिरदर्द होना, शरीर में दर्द होना, खांसी जैसी परेशानियां बेहद परेशान करती हैं। इस मौसम में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और बॉडी के बीमार होने के आसार ज्यादा होते हैं। सर्दी में हेल्दी रहने के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। डाइट में कुछ खास विटामिन का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग रहती है और बॉडी हेल्दी रहती है। इस मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए कुछ विटामिन का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। सर्दी में विटामिन उ और ऊकी कमी आपको बीमार बना सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे ये विटामिन बॉडी को हेल्दी रखते हैं और इनकी कमी को कैसे पूरा करें।

विटामिन सी की कमी बीमार बना सकती है:

विटामिन सी की कमी आपको बीमार बना सकती है। सर्दी में सर्दी-खांसी, फ्लू, साइनस और संक्रमण का खतरा अधिक होता हैं। इस मौसम में इम्युनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए डाइट में विटामिन सी वाले फूड्स का सेवन करें। विटामिन सी की



कमी को पूरा करने के लिए आप संतरे, स्ट्रॉबेरी, ब्लैककरंट, लाल मिर्च, ब्रोकोली और ब्रसेल्स स्प्राउट्स का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। नींबू और आंवला का सेवन भी विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इन फूड्स का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। भोजन में एंटीआक्सीडेंट तत्व जैसे मशरूम, पालक, टमाटर, कढ़ी पत्ता का सेवन भी इस मौसम में फायदा पहुंचाता है।

विटामिन डी की कमी बीमार बना सकती है:

सर्दी में विटामिन डी का सेवन सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। सर्दी में बॉडी को धूप कम मिलती है तो ऐसे में बॉडी में विटामिन डी की कमी होने लगती है। विटामिन डी ना सिर्फ हड्डियों को मजबूत करता है बल्कि बॉडी को हेल्दी भी रखता है। विटामिन डी का सेवन हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और दिल के रोगों से बचाव करता है।

विटामिन डी बॉडी को तब मिलता है जब स्किन पर सूरज की किरणें पड़ती हैं। ये शरीर को कैल्शियम और फॉस्फेट पचाने में मदद करता है जो हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। बॉडी में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में दूध, दही, मशरूम,बादाम, ब्रोकली, अंडा, दूध, पनीर, सोया उत्पाद, मछली, मक्खन, दलिया और संतरे के जूस का सेवन करें।

# काली मिर्च खाने से सेहत को मिलते हैं ये 6 फायदे, जानें नुकसान भी

अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं कुछ लोग काली मिर्च का काढ़ा बनाकर भी पीते हैं। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीओबेसिटी और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी गुण कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।

1. पाचन बेहतर बनाए

काली मिर्च पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में पाइपरिन होता है, जो पाचन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही पाचन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से छुटकारा मिल सकता है।

2. सर्दी-जुकाम से राहत दिलाए

काली मिर्च में मौजूद पाइपरिन सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। काली मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। जब इम्यूनिटी तेज होती है, तो शरीर को बैक्टीरियल और वायरस से लड़ने में मदद मिलती है। अगर आपको खांसी या जुकाम है, तो काली मिर्च का सेवन जरूर करें।

3. ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी

काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। साथ ही सूजन आदि से भी राहत मिल सकती है। काली मिर्च खाने से दांत भी सुरक्षित रहते हैं। काली मिर्च ओरल हाइजीन को मेंटेन रखने में मदद कर सकता है।

4. वेट लॉस में सहायक

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो काली मिर्च का सेवन करना शुरू कर सकते हैं। काली मिर्च में पाइपरिन और एंटीओबेसिटी प्रभाव होते हैं, जो वेट लॉस करने में मदद कर सकते हैं। आप काली मिर्च को खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।




5. जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए

काली मिर्च जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक हो सकता है। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीआर्थराइटिस प्रभाव पाया जाता है। ये गुण गठिया की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में असरदार साबित हो सकते हैं।

6. इंफेक्शन से बचाव

इंफेक्शन से बचने के लिए भी आप काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। काली मिर्च बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये गुण लोगों को बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं।

काली मिर्च के नुकसान

एक तरफ जहां काली मिर्च सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी देखने को मिल सकते हैं।

काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए पित्त प्रकृति के लोगों को काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

छोटे बच्चों को अधिक मात्रा में काली मिर्च खिलाने से बचना चाहिए।

गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को काली मिर्च का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आप भी काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। लेकिन काली मिर्च की तासीर गर्म होती है, इसलिए इनका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। बहुत अधिक मात्रा में काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

डिसकलेमर:

इस जानकारी की सटीकता, समयबद्धता और वास्तविकता सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास किया गया है हालांकि इसकी नैतिक जिम्मेदारी ओन्लीमायहेल्थ डॉट कॉम की नहीं है। हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि किसी भी उपाय को आजमाने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। हमारा उद्देश्य आपको जानकारी मुहैया कराना मात्र है।

# लिवर के लिए वरदान है बथुआ, डायट में शामिल किया तो मिलेंगे बेहिसाब फायदे

सर्दियों के मौसम में हरी सब्जियों की भरमार रहती है. इम्यूनिटी और सेहत के लिहाज से ये मौसम काफी अच्छा होता है. सर्दियां आते ही आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और ये तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां हमारी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप कैलोरी कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं. दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में भी कैलोरी काफी कम पाई जाती है. 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है. यानि फिटनेस के लिहाज से हिट है बथुआ.

बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है. अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं. ऐसे में बथुआ के पत्ते खाने से आपकी इम्यूनिटी के साथ-साथ सेल्स रिपेयरिंग की क्षमता भी बढ़ती है.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप बथुआ को अपनी डायट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी फायदा मिलता है. इसका अंदाजा आप



इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है. इसमें मौजूद कंपोनेंट आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में मदद करता है और आपका लिवर रहता है हैप्पी.

हाई फाइबर डायट का सबसे बड़ा काम ये है कि ये आपको ओवर ईटिंग से बचाती है, और वजन को नियंत्रित रखने में मदद देती है. बथुआ में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपको लंबे समय तक फुल रखता है. इससे ओवर ईटिंग से बच जाते हैं. फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है.

बथुआ में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है. ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं. हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन का भी अच्छा सोर्स होती हैं.

# केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्टार्ट-अप के सामने आए अवसरों का लाभ उठाने के लिए युवाओं की मानसिकता में बदलाव का आह्वान किया

## केंद्रीय मंत्री ने सीएसआईआर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ह्ययंग स्टार्ट-अप कॉन्क्लेवह्न का अनावरण किया

ह्ययंग स्टार्ट-अप कॉन्क्लेवह्न युवा उद्यमियों के लिए अपने विचारों को प्रदर्शित करने और उद्योग के विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट मंचः डॉ. जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं से स्टार्ट-अप अवसरों से नहीं चूकने का आह्वान किया, जो दुनिया में प्रमुख राष्ट्र के रूप में उभर रहे भारत की तकनीकी और आर्थिक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है

जम्मू-कश्मीर में एग्री-टेक स्टार्ट-अप की बड़ी संभावना है क्योंकि यहां की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती के अनुकूल हैंः डॉ जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्टार्टअप के सामने आ रहे अवसरों का लाभ उठाने के लिए आज युवाओं से मानसिकता बदलने का आह्वान किया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जम्मू और कश्मीर के कठुआ में आयोजित ह्ययंग स्टार्ट-अप कॉन्क्लेवह्न का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि सरकारी नौकरी पाने की मानसिकता मुख्य रूप से उत्तर भारत में स्टार्ट-अप संस्कृति के लिए बाधा साबित हो रही है।

युवाओं की चार सफलता की कहानियों का उल्लेख करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि सीएसआईआर के माध्यम से उनके द्वारा की गई "पर्पल रेवोल्यूशन" गणतंत्र दिवस परेड की झांकी का हिस्सा बन गया और, इस प्रकार देश भर में पहचान और लोकप्रियता अर्जित की। सफलता की ये 4 कहानियां रचने वालों में दो बी-टेक और एक मैकेनिकल इंजीनियर शामिल हैं जिन्होंने अपनी सफलता के अनुभव साझा किए कि कैसे उन्होंने स्टार्ट-अप वेंचर्स के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि जम्मू और कश्मीर से शुरू होने वाली 'पर्पल क्रांति' आकर्षक स्टार्ट-अप अवसर प्रदान करती है और जो लोग लैवेंडर फूल क्षेत्र में काम शुरू कर चुके हैं, वे इससे लाभ कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई युवा उद्यमियों के कुछ अनुकरणीय प्रयासों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, जो अपने स्वयं के स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अपनी आकर्षक नौकरी छोड़ देते हैं, क्योंकि ये युवा उद्यमी इसमें अब अधिक से अधिक संभावनाओं का एहसास करने लगे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि जम्मू-कश्मीर में कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप की विशाल संभावना है, क्योंकि यहां की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती के अनुकूल हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि बायोटेक किसान (केआईएसएएन) केंद्र ने सेब के बागों के कायाकल्प के तहत जम्मू और कश्मीर में अब तक 40 से अधिक बागों का कायाकल्प किया है, जहां पुराने बागों का कायाकल्प करने के लिए बहुत ही नवीन पद्धति का उपयोग किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने एग्रीटेक स्टार्ट-अप की स्थापना के लिए डीबीटी और सीएसआईआर की ओर से पूरी मदद का वादा किया।

केंद्रीय मंत्री ने जम्मू और कश्मीर के युवाओं से स्टार्ट-अप अवसरों से नहीं चूकने का आह्वान किया, जो दुनिया में प्रमुख राष्ट्र के रूप में उभर रहे भारत की तकनीकी और आर्थिक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त, 2015 को लाल किले की प्राचीर से ह्यस्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडियाह्न का नारा दिए जाने के बाद से भारत में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम ने गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि 2014 में 350 स्टार्ट-अप से अगस्त, 2022 में यह संख्या बढ़कर 75,000 हो गई और अभी देश भर के 653 जिलों में फैले 88,000 से अधिक स्टार्ट-अप हैं और इससे देश में रोजगार के नौ लाख से अधिक अवसर पैदा हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत में अभी 107 यूनिकॉर्न कंपनियां हैं और उनमें से 23 साल 2022 में ही उभरे हैं, जो एसटीआई (विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार) की सीढ़ी पर चढ़ते हुए भारत के तेजी से होते विकास का संकेत है। यूनिकॉर्न उस स्टार्ट-अप कंपनी को कहते हैं जिसका वैल्युएशन एक अरब डॉलर से अधिक का हो।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में देश में कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप की एक नई लहर उभरी है और ये स्टार्ट-अप किसानों को बाजारों की विशाल श्रृंखला तक पहुंचने में मदद करने के अलावा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, शीतलन और प्रशीतन, बीज प्रबंधन और वितरण से संबंधित समस्याओं को हल कर रहे हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अमृत-काल के अगले 25 वर्षों में जम्मू एवं कश्मीर और कई पहाड़ी क्षेत्रों के साथ-साथ हिमालयी राज्य भारत की भविष्य की अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण मूल्य संस्करण बनाने जा रहे हैं क्योंकि ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां अतीत में कम उपयोग किए जाने के कारण संसाधन बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे 2047 तक भारत को विश्व के पायदान पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं।

इससे पहले, डॉ. सिंह ने कठुआ के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों द्वारा स्थापित मॉडल के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और देश के अन्य हिस्सों के उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप कियोस्क का भी दौरा किया।

डीडीसी के उपाध्यक्ष श्री रघुनंदन सिंह बबलू, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू के निदेशक डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी, कठुआ के डीसी श्री राहुल पांडेय, कठुआ के एसएसपी श्री शिवदीप सिंह जम्वाल, कठुआ के प्रिंसिपल जीडीसी श्री सोमनेश जसरोटिया भी सम्मेलन में उपस्थित थे। इस सम्मेलन में प्रसिद्ध उद्यमी, उद्योग जगत की बड़ी हस्तियां, शिक्षाविद, प्रमुख वेंचर कैपिटल फर्मों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सम्मेलन के दौरान, स्थानीय प्रगतिशील किसानों ने भी अपनी सफलता की कहानियों और अनुभवों को साझा किय। किसानों ने अपने प्रयासों में उचित सहायता और पर्याप्त समर्थन के माध्यम से इसे संभव बनाने के लिए सीएसआईआर का आभार व्यक्त किया।

# कार्यशाला के पहले दिन, केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने न्याय का त्वरित प्रबंधन करने हेतु नीतियों को मजबूत करने और उनका कार्यान्वयन करने के लिए सुझाव मांगे

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के तत्वावधान में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में 27-28 जनवरी, 2023 को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के सदस्यों के



लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य न्यायाधिकरण में अर्ध-न्यायिक कार्यों को पूरा करने के लिए वैचारिक तंत्र विकसित करना, सेवा मामलों में जटिलताओं का मुल्यांकन करने के साथ-साथ सेवा मामलों पर लागू संवैधानिक और प्रशासनिक कानूनों के प्रासंगिक क्षेत्रों को समझना है।

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह इस अवसर पर पहले दिन शामिल हुए और उन्होंने अपने विशेष संबोधन में अन्य बातों के साथ-साथ प्रक्रियाओं और नियमों को सरल बनाने में प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व में की गई सरकारी पहलों की जानकारी दी।

कार्यशाला में इस बात पर प्रकाश डाला गया अगर न्यायाधिकरण में आने वाले अधिकांश शिकायतों का निपटारा करने के लिए पदानुक्रमित अदालतों के त्रिस्तरीय तंत्र से गुजरना पड़ता हैं तो केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के निर्माण का उद्देश्य पूरा ही नहीं होगा। दूसरी तरफ यह भी कहा गया कि अगर किसी नियम के खिलाफ किसी विशेष शिकायत को तीन तिमाहियों से ज्यादा समय से उठाया जा रहा है तो यह निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है कि उस विशेष नियम ने अपना महत्व खो दिया है और इस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

मंत्री ने श्रोताओं के सवालों का जवाब देते हुए न्याय का त्वरित प्रबंधन करने के लिए नीतियों को मजबूत करने और उनका कार्यान्वयन करने के लिए सुझाव देने की अपील की।

सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के अध्यक्ष, श्री राजेंद्र मेनन ने अपने उद्घाटन भाषण में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण की स्थापना के साथ सेवा न्यायशास्त्र में रूपांतरण पर अपनी अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंनें कहा कि इसने देश में वादी की भलाई के लिए और विभाग के निर्णयों को सही ठहराने के लिए बेहतर साबित किया है। उन्होंने यह भी उल्लेख




किया कि न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए निर्णय की पहुंच उस व्यक्ति तक भी होनी चाहिए जिन्होंने उससे संपर्क नहीं किया है।

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति रंजीत वसंतराव मोरे ने अपने संबोधन में न्यायाधिकरणों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कि वे किस प्रकार से अदालतों से अलग हैं। उन्होंने प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम, 1985 की पृष्ठभूमि और मामलों के कानूनी और संशोधन अधिनियमों के साथ इसके जैविक विकास पर विस्तार से चर्चा की, जिसने इसके प्रावधानों के वास्तविक उद्देश्य की पर स्पष्टता से प्रकाश डाला।

इसके अलावा, प्रशासनिक न्यायाधिकरण के कामकाज को और बेहतर बनाने के लिए, देरी की माफी के लिए, अंतरिम राहत देने के लिए, न्यायिक समीक्षा की सीमा, बार और बेंच के बीच के मुद्दों पर शासी सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला को अत्यधिक संवादात्मक तकनीकी सत्रों द्वारा चिह्नित किया गया, जिनमें न्यायमूर्ति परमजीत सिंह धालीवाल, न्यायमूर्ति अजय तिवारी, न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, श्री आशीष कालिया, न्यायिक सदस्य, श्री आनंद माथुर, प्रशासनिक सदस्य, श्री तरुण श्रीधर, प्रशासनिक सदस्य, श्रीमती प्रतिमा कुमार गुप्ता, न्यायिक सदस्य, कैट, प्रधान पीठ, श्री एस.एन.त्रिपाठी, महानिदेशक, आईआईपीए, श्रीमती रश्मि चौधरी, अपर सचिव, डीओपीटी, श्री बलबीर सिंह, अपर सॉलिसिटर जनरल और श्री मनोज तुली, उप महानिदेशक, एनआईसी शामिल हुए, जिसमें मुख्य कानूनी और प्रक्रियात्मक पहलुओं की जटिलताओं के संपर्क में आने के अलावा; सदस्यों के बीच अनुभव साझा करने से कार्यशाला के उद्देश्यों को प्राप्त करने में काफी हद तक सहायता प्राप्त हुई।

कार्यशाला का समापन केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली के समापन भाषण के साथ हुआ।

# भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सुविधाजनक नीतिगत वातावरण का अधिकतम लाभ उठाने के लिए राष्ट्र ओएनजीसी की ओर देख रहा है जिसपर भारत के ईएंडपी का प्रभार है: केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

## भारत सरकार भारत के अन्वेषण क्षेत्र को 2025 तक 0.5 मिलियन वर्ग किमी तक और 2030 तक 1.0 मिलियन वर्ग किमी तक बढ़ाने का इरादा रखती है- केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज (28 जनवरी, 2023) तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के प्रतिष्ठित ड्रिलिंग रिग सागर सम्राट को मोबाइल ऑफशोर प्रोडक्शन यूनिट (एमओपीयू) के रूप में फिर से समर्पित किया। सागर सम्राट पर आयोजित एक समारोह में यह ऐलान हुआ जो मुंबई से 140-145 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। मंत्री ने बाद में ओएनजीसी के ऊर्जा सैनिकों और उनके परिवारों से मिलने के लिए ओएनजीसी केंद्रीय विद्यालय मैदान, पनवेल फेज 1 का दौरा भी किया।

मंत्री ने सागर सम्राट को ड्रिलिंग रिग के रूप में संचालित करने वाले ओएनजीसी के कर्मचारियों और इसे एमओपीयू में बदलने पर काम करने वाली टीम से भी मुलाकात की। उन्होंने सागर सम्राट, जिन्हें उन्होंने 'राष्ट्र के ऊर्जा सैनिक' कहा, के दल को भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सागर सम्राट हाइड्रोकार्बन अन्वेषण के मामले में विश्व स्तर पर "बंजर" के रूप में लेबल किए जाने पर भारत के अपने स्वयं के तेल का उत्पादन करने की दृष्टि का प्रमाण है। मंत्री ने कहा कि भारत के सबसे प्रमुख और विपुल तेल क्षेत्र का दोहन करने में, ओएनजीसी ने ज्ञान की खोज, निरंतर उत्कृष्टता और तकनीकी रूप से विकसित होने की इच्छा के लिए खुद को लगातार प्रतिबद्ध किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "सागर सम्राट की विरासत उन शहीद अधिकारियों की यादों का भी सम्मान करती है, जिन्होंने ओएनजीसी के लिए और इससे भी महत्वपूर्ण भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।" उन्होंने इस अवसर पर सागर सम्राट के चालक दल और हेलिकॉप्टर घटना के परिवारों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा, "सागर सम्राट का पुनः राज्याभिषेक, री-एलाइनमेंट और इनोवेशन के माध्यम से अनिश्चितताओं और प्राकृति की प्रभावित करने वाली ताकतों का सामना करने के साहस और इच्छा की एक जीती जागती कहानी है। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी न केवल भारत की प्रमुख राष्ट्रीय तेल कंपनी है, बल्कि भारत इंक की प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थाओं में से एक है। यह कहते हुए, उन्होंने ओएनजीसी के बारे में भरोसा जताया कि भारत की नंबर 1 राष्ट्रीय तेल कंपनी भारत की नई उम्मीदों और आकांक्षाओं के लिए खुद को रीइन्वेंट जरूर करेगी। उन्होंने आगे कहा कि, भारत के शीर्ष एनओसी के रूप में, देश ओएनजीसी की ओर देख रहा है, जो सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सुविधाजनक नीतिगत वातावरण का अधिकतम लाभ उठाने और भारत के एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन चार्ज का नेतृत्व करने के लिए है।

यह कहते हुए, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने आग्रह किया कि संगठन में नए "की परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स' (केपीआई) पेश करने की आवश्यकता है जो समयबद्ध डिलिवरेबल्स और दक्षता के लिए तैयार हैं। इन केपीआई को तीन महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान देने की जरूरत है। ओएनजीसी के पास एक बड़ा तलछटी बेसिन क्षेत्र है, जो आने वाले दिनों में और भी बढ़ जाएगा। यह अनिवार्य है कि यह संगठन डिस्कवरी फील्ड्स, डिस्कवरी फील्ड्स को प्रोडक्शन एसेट्स और प्रोडक्शन एसेट्स को मैक्सिमम प्रोडक्शन एसेट्स में बदलने के लिए अतिरिक्त प्रयास करे। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी की टीमें जो तीन चरणों की विभिन्न प्रक्रियाओं में लगी हुई हैं, उन्हें इन लक्ष्यों की त्वरित उपलब्धियों के लिए खुद को फिर से उन्मुख करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि संगठन को चुस्त, एक्सपीडियेंट और कुशल बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि ओएनजीसी, जिसने इस वित्त वर्ष में अच्छा लाभ कमाया है, आर एंड डी और अन्वेषण गतिविधियों में अधिक से अधिक संसाधनों का निवेश करे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार भारत के अन्वेषण क्षेत्र को 2025 तक 0.5 मिलियन वर्ग किमी तक और 2030 तक 1.0 मिलियन वर्ग किमी तक बढ़ाने का इरादा रखती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार 'नो गो' क्षेत्र को 99% तक कम करने में सफल रही है, जिससे भारत के ईईजेड का एक अतिरिक्त लगभग 1 मिलियन वर्ग कि.मी. अन्वेषण के लिए उपलब्ध हो गया है। शेवरॉन, एक्सॉनमोबिल और टोटल एनर्जी जैसी कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारतीय




ईएंडपी सेगमेंट में निवेश करने के लिए गहरी दिलचस्पी दिखा रही हैं, और कुछ पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को मजबूत करने के लिए पहले से ही ओएनजीसी के साथ बातचीत कर रही हैं।

श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज की तारीख में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया में ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता, कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर, पेट्रोलियम उत्पादों का छठा सबसे बड़ा आयातक और पेट्रोलियम उत्पादों का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है। वैश्विक दर 1% की तुलना में 2040 तक भारत की ऊर्जा मांग लगभग 3% प्रति वर्ष बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा, हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय लाभांश के कारण 2020 और 2040 के बीच वैश्विक ऊर्जा वृद्धि का 25% भारत से आने वाला है। हालाँकि, भारत अपनी पेट्रोलियम आवश्यकताओं का 85% आयात करता है और पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर वित्त वर्ष 2021-22 में $120 बिलियन लगभग खर्च किया है। यह बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त किए बिना भारत के अमृत काल को साकार नहीं किया जा सकता है।

हमारी आने वाली पीढ़ियों को ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों के बारे में बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री ने प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) व्यवस्था, डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड पॉलिसी, हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी, स्थापना जैसे नीतिगत सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने ओएनजीसी जैसी राष्ट्रीय तेल कंपनी को कार्यात्मक स्वतंत्रता प्रदान की है और एक इलेक्ट्रॉनिक सिंगल विंडो सिस्टम सहित अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके व्यापक निजी क्षेत्र की भागीदारी प्रदान की है।

केंद्रीय मंत्री ने 6 से 8 फरवरी 2023 तक बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी), बेंगलुरु में आयोजित होने वाले आगामी भारत ऊर्जा सप्ताह में सभी हितधारकों को आमंत्रित किया, जहां ओएनजीसी मुख्य ड्रॉ में से एक होगा।

**सागर सम्राट एमओयूपी के बारे में:**

1973 में कमीशन हुए सागर सम्राट को जापान में मित्सुबिशी यार्ड में बनाया गया था और 3 अप्रैल 1973 को हिरोशिमा से यह रवाना हुआ था। इसने 1974 में अरब सागर के मुंबई अपतटीय क्षेत्र में ओएनजीसी का पहला ऑफशोर वेल खोदा, जिसे तब बॉम्बे हाई कहा जाता था। सागर सम्राट ने ग्लोबल ऑयल मैप पर भारत के तेल भाग्य को बदल दिया। 32 वर्षों में, सागर सम्राट ने लगभग 125 कुएँ खोदे हैं और भारत में 14 प्रमुख ऑफशोर तेल और गैस खोजों में शामिल रहा है। प्रारंभ में एक जैक-अप ड्रिलिंग रिग, सागर सम्राट को अब एक मोबाइल ऑफशोर प्रोडक्शन यूनिट में परिवर्तित कर दिया गया है। टेक्सास में स्थित ब्रिटिश इंजीनियरिंग और परामर्श समूह वुड ग्रुप की मस्टैंग यूनिट ने जहाज के रूपांतरण के लिए फ्रंट-एंड इंजीनियरिंग और डिजाइन का काम किया है।

एमओपीयू सागर सम्राट ने 23 दिसंबर 2022 को उत्पादन शुरू किया। पोत वर्तमान में वेस्टर्न ऑफशोर(डब्ल्यूओ)-16 क्षेत्र में तैनात है, जो मुंबई से 140-145 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। 76 मीटर पानी की गहराई में ओएनजीसी के मौजूदा डब्ल्यूओ-16 वेल हेड प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूएचपी) के निकट स्थित, पोत डब्ल्यूओ क्लस्टर में सीमांत क्षेत्रों से उत्पादन में सहायक होगा जिससे पश्चिमी अपतट से उत्पादन में वृद्धि होगी। एमओपीयू को प्रति दिन 20,000 बैरल कच्चे तेल को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है और इसकी अधिकतम निर्यात गैस क्षमता 2.36 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति दिन है।

इस अवसर पर ओएनजीसी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन भी उपस्थित थे।

# नाइजीरिया के अबुजा में स्थित भारतीय उच्चायोग ने आज चांसरी परिसर में भारतीय समुदाय के सदस्यों, नाइजीरियाई गणमान्य व्यक्तियों और मीडियाकर्मियों की उपस्थिति में मिलेट्स फूड फेस्टिवल और कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

नाइजीरिया के अबुजा में स्थित भारतीय उच्चायोग ने आज चांसरी परिसर में भारतीय समुदाय के सदस्यों, नाइजीरियाई गणमान्य व्यक्तियों और मीडिया के दोस्तों की उपस्थिति में मिलेट्स फूड फेस्टिवल और कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस अवसर पर, कई रेस्तरां ने अपने स्टॉल लगाए और मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को भोजन (बाजरा के साथ तैयार) परोसा। इस कार्यक्रम में आईआइटीए, इक्रीसेट, नाइजर स्टेट, फार्मर्स एसोसिएशन ऑफ नाइजीरिया और नाइजीरियन एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने भी भाग लिया और अपनी प्रदर्शनियां लगाईं। इसके अलावा कई सहयोगी संगठनों ने अपने फूड स्टॉल लगाए, जिनमें नाइजर स्टेट शोकेसिंग नाइजर स्टेट कुजीन का स्टॉल भी शामिल है। भारतीय उच्चायोग द्वारा पाक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, चेक गणराज्य के राजदूतों के पति-पत्नी, आईआईटीए पोषण विशेषज्ञ और जॉनवुड होटल के शेफ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल थे। नाइजर स्टेट के कलाकारों और केंद्रीय सूचना और संस्कृति मंत्रालय के कई सांस्कृतिक प्रदर्शन भी आज के कार्यक्रम का हिस्सा थे।




अबुजा में भारतीय उच्चायोग ने नाइजीरिया मिलेट पहल के एक भाग के रूप में नाइजर स्टेट के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। माननीय एच.आर.एच. अल्ह डॉ. याहया अबुबकर, एत्सू नुपे और अध्यक्ष, नाइजीरिया मिलेट पहल, माननीय अल्हाजी अहमद इब्राहिम मताने, नाइजर सरकार के सचिव, अबुबकर जी अब्दुल्लाही, निदेशक संघीय कृषि विभाग, नाइजीरिया, कई राजदूतों, पारंपरिक शासकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। एचआरएच अल्ह डॉ याहया अबुबकर, श्री अभिलाक्ष लिखी, अपर सचिव, निदेशक केंद्रीय कृषि विभाग और उच्चायुक्त ने इस अवसर पर अपनी बात कही।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री लिखी ने कहा, नाइजीरिया में "बाजरा कार्यक्रम", जो अफ्रीकी महाद्वीप का दूसरा सबसे अमीर और सबसे अधिक आबादी वाला देश है, बाजरा पर दक्षिण-दक्षिण सहयोग और सहयोग की सच्ची भावना से पर्यावरण के अनुकूल, स्वस्थ "पोषक-अनाज" के प्रचार और उत्पादन के लिए एक लॉन्चिंग पैड बन सकता है। उन्होंने कहा, बाजरा ने उप-सहारा अफ्रीका और एशिया में 7000 वर्षों से लाखों लोगों के लिए एक पारंपरिक अनाज के रूप में सेवा की है, और अब इसे दुनिया भर में चावल और गेहूं के मुख्य भोजन के विकल्प के रूप में पुनर्जीवित किया जा रहा है।

श्री लिखी ने इस बात पर जोर दिया कि बाजरा घरेलू स्तर पर उपजने वाले पहले पौधों में से एक है और इसकी उच्च पोषण सामग्री के कारण इसे "पोषक-अनाज" माना जाता है। श्री लिखी ने प्रतिनिधियों को सूचित किया कि नाइजीरियाई सफलता की कहानी के बाद, भारत का कृषि मंत्रालय 54-सदस्यीय मजबूत अफ्रीकी महाद्वीप के सामने खाद्य सुरक्षा की चुनौती का समाधान करने के लिए मिस्र, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया, मोरक्को, इथियोपिया, केन्या, अंगोला, घाना और सूडान जैसे अन्य अफ्रीकी देशों में भारतीय दूतावासों/उच्चायोगों/वाणिज्य दूतावासों के समन्वय में इस तरह के प्रचार कार्यक्रम आयोजित करेगा।

अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में उच्चायुक्त ने उल्लेख किया कि, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को बाजरा के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया है और यह भारत द्वारा प्रस्तावित किया गया था और 70 से अधिक देशों द्वारा समर्थित किया गया था। बाजरा का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष वैश्विक उत्पादन बढ़ाने, कुशल प्रसंस्करण और खपत सुनिश्चित करने, फसल चक्र के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने और खाद्य टोकरी के प्रमुख घटक के रूप में बाजरा को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण खाद्य प्रणालियों में बेहतर कनेक्टिविटी को प्रोत्साहित करने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करने की योजना है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (आईवाआईएम) 2023 के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था। यह भी याद किया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने रोम, इटली में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष - 2023 (आईवाईएम2023) के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया।

गौरतलब है कि 140 से अधिक देशों में भारतीय दूतावास 2023 के दौरान प्रदर्शनी, सेमिनार, वार्ता, पैनल चर्चा के माध्यम से भारतीय डायस्पोरा को शामिल करते हुए आईवाईएम पर साइड इवेंट आयोजित करके आईवाईएम के उत्सव में भाग लेंगे, साथ ही स्थानीय चैंबर्स, खाद्य ब्लॉगर्स, खाद्य पदार्थों के आयातकों और स्थानीय रेस्तरां आदि की भागीदारी होगी।

# 74 वे गणतंत्र दिवस पर भाजपा नेता चंद्रप्रकाश सुर्या ने ग्राम सुकुलकारी मे किया ध्वजारोहण

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के ग्राम सुकुल कारी में भाजपा नेता चंद्रप्रकाश सूर्या जिलाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने ध्वजारोहण किया। समारोह का आयोजन 51 महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आयोजन किया गया । चंद्रप्रकाश सूर्या चिस्दा एवं पचपेड़ी के गणतंत्र दिवस समारोह में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकनाथ बंजारे , नरेंद्र सांडेल, सरपंच श्रीमती पैकरा , पूर्व सरपंच दुर्गा नायक, सरस्वती यादव, ममता चौहान, सचिव सुधा , सुरेश बंजारे, दुर्गेश सूर्या, सभी समिति के अध्यक्ष एवं सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन ने गर्रा पुलिस चौकी का शुभारंभ किया

बालाघाट।(30जनवरी) मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक गौरीशंकर बिसेन ने बालाघाट नगर से लगे ग्राम पंचायत गर्रा में हाईवे पुलिस चौकी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईजी संजय सिंह, डीआईजी अनुराग शर्मा, पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, एस-डीओपी वारासिवनी अरविंद श्रीवास्तव, प्रभारी कोतवाली बालाघाट कमल गहलोत, थाना प्रभारी वारासिवनी और पुलिस प्रशासन शामिल रहा ।



इस दौरान श्री बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि गर्रा में आज यह चौकी के खुल जाने से बालाघाट जिले के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था में लगाम लगेगी। जहां एक ओर परिवहन व्यवस्था दुरुस्त होगी वहीं दूसरी ओर पुलिस व्यवस्था भी मजबूत होगी। पुलिस प्रशासन अपना काम बहुत ही मुस्तैदी से कर रहा है ।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स की टीम पहुंची बालाघाट

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(30जनवरी)खेलो इंडिया यूथ गेम्स- के अंतर्गत बालाघाट में 01 से लेकर 10 फरवरी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हिस्सा लेने वाली खिलाड़ियों की टीम बालाघाट पहुंच गई है।इस प्रतियोगिता में दादरा नगर हवेली, अरुणाचल प्रदेश, केरल, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित आठ राज्यों की टीम शामिल होंगी। बालाघाट में होने वाली महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रति जन जागरूकता के लिए जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट के तत्वावधान में रैली का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि यह रैली यातायात थाना बालाघाट से प्रारंभ होकर मुख्य सड़कों से होती हुई मुलना स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। इस रैली में स्कूली छात्र छात्राओं ने भाग लिया और आमजन से अपील की कि वह इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा भी उपस्थित थे।



# नाबालिग से दुष्कर्म मामले युवक को आजीवन कारावास,सहयोगी महिला को 05 वर्ष की सजा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(30जनवरी)माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने दुष्कर्मी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरक्षी केन्द्र किरनापुर के नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में 33 वर्षीय प्रियानंद उर्फ नंदू पिता देवदार डोंगरे को आजीवन और सहयोगी महिला 19 वर्षीय शालिनी पिता राजेश डोंगरे को पांच वर्ष की सजा और 13 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश कोर्ट ने दिया है।



मीडिया प्रभारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल सिंह ने बताया कि 9 जुलाई 2021 की शाम करीब 7.30 बजे नाबालिग किराना दुकान में जाने के लिए घर से निकली थी। वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी गांव के आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की। जिसके बाद परिजनों ने 10 जुलाई को उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच की। मामले की जांच कर रही पुलिस ने नाबालिग को घटना के एक सप्ताह बाद दस्तयाब किया।

पुलिस ने आरोपी युवक और सहयोगी महिला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसमें जांच की गई। जांच के बाद पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ मिली साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को आजीवन कारावास और सह आरोपी महिला को पांच वर्ष के कारावास और अर्थदंड से दंडित करने का फैसला दिया है।

नाबालिग पीड़िता ने बताया कि वह घर से दुकान कुरकुरे लाने लाने गई थी, जहां से युवती चुटकी उर्फ शालिनी डोंगरे उसे अपने साथ घर लेकर गई और घूमकर आने की बात पर चलने कहा। इसी दौरान शालिनी के घर के बाजू में रहने वाला नंदू उर्फ प्रियानंद डोंगरे आया और उसे अपने साथ परसाटोला चलने की बात कही। मना करने पर प्रियानंद और शालिनी ने उसका जबरदस्ती हाथ पकड़कर उसे बाइक से परसाटोला लेकर गए। नंदू ने तीन दिनों तक उसके साथ उसकी मर्जी के बिना दुष्कर्म करता रहा। प्रियानंद को पता चला कि मेरे माता-पिता मुझे ढूंढ रहे हैं, तो उसने ग्राम कटोरी गांव के अमराई के पास लाकर छोड़ दिया। वह खेत होकर अपनी मौसी के घर पहुंची। उसने पिता, मौसा और गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी।

# पति समेत ससुरालियों पर विवाहिता ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(30जनवरी)लांजी पुलिस थाना पहुंच कर आंचल नामक एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष पर मारपीट करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है।जानकारी अनुसार करीब साल भर पहले आंचल की शादी ग्राम बिहारी निवासी विकास मेश्राम के साथ हिन्दू रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ था।दो महीना के करीब आंचल का वैवाहिक जीवन ठीक ठाक था,लेकिन उसके बाद आंचल के पति समेत ससुराल पक्ष के लोगो का आँचल के प्रति नजरिया बदलने लगा जिससे आँचल को परेशानी होने लगी।जिसका कारण जानने के लिए आंचल ने अपने स्तर से छानबीन किया तो आंचल के पति का किसी अन्य महिला से संबंध होने की जानकारी सामने आई।जिसका विरोध करने पर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगो ने आंचल से मारपीट करना शुरू कर दिया।जिससे त्रस्त होकर आंचल अपने मायके आ गयी।बता दे आंचल का पति विकास मेश्राम नीमच में शासकीय कर्मचारी है जो वही रहकर अपनी नौकरी करता है।आंचल के अनुसार विकास मेश्राम का नीमच के किसी महिला से अवैध संबंध है जिसकी जानकारी उसके परिजनों को भी थी,लेकिन परिजनों ने यह सब जानते हुए भी मेरे घरवालों से यह बात छुपाकर मेरे साथ अपने पुत्र का विवाह करवाया जो कानूनन अपराध भी है।जिसको लेकर पीड़िता ने लांजी पुलिस थाना पहुंचकर पति समेत ससुराल पक्ष के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।



# कड़ी सुरक्षा के बीच कानपुर में स्नातक व शिक्षक एमएलसी का चुनाव आज, पोलिंग पार्टियां रवाना

## कड़ी सुरक्षा के बीच कानपुर में स्नातक व शिक्षक एमएलसी का चुनाव आज, पोलिंग पार्टियां रवाना

सुनील बाजपेई कानपुर। आज सोमवार को यहां बेहद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्नातक व शिक्षक एमएलसी के लिए चुनाव की तैयारियों को अंतिम रुप देते हुए पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्दों को रवाना कर दिया गया।



इसका प्रचार कल शनि वार की शाम से बंद हो गया था।

अवगत कराते चलें कि कानपुर में खंड स्नातक और शिक्षक एमएलसी के लिए भाजपा ने प्रत्याशियों की सोमवार देर रात घोषणा कर दी। कानपुर-उन्नाव स्नातक के लिए पार्टी के वर्तमान एमएलसी अरुण पाठक को तीसरी बार प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि शिक्षक एमएलसी सीट पर पहली बार उतर रही भाजपा ने उन्नाव के युवा नेता वेणुरंजन भदौरिया को प्रत्याशी बनाया है।

**भाजपा ने कानपुर-उन्नाव स्नातक के लिए पार्टी के वर्तमान एमएलसी अरुण पाठक और शिक्षक एमएलसी सीट पर उन्नाव के युवा नेता वेणुरंजन भदौरिया को बनाया प्रत्याशी।**

इस दौरान सीएसए स्थित कैलाश भवन सभागार में 216 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। 40 अंको की परीक्षा में दो अधिकारियों ने ही पूर्ण अंक प्राप्त किए। इसमें मतगणना पर्यवेक्षक, प्रथम मतगणना अधिकारी और द्वितीय मतगणना अधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 40 अंकों की परीक्षा हुई जिसमें दो अधिकारियों ने पूर्ण अंक प्राप्त किए जबकि शेष 214 अधिकारियों द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया था। प्रशिक्षण सकुशल पूरा हो गया है।

यहां स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए कंट्रोल रूम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पांडुनगर को बनाया गया है। इस चुनाव में पोलिंग पार्टियों के आवागमन के लिए जरूरी व्यवस्थाएं और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई। आवागमन में समस्या न हो इसके लिए साइनेज लगाने के निर्देश एडीएम वित्त को दिए जा चुके हैं। जिलाधिकारी विषाख जी की अगुवाई में इस चुनाव की तैयारियों में एडीएम सिटी अतुल कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सूर्यकांत त्रिपाठी के साथ लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी व्यस्त रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा नेताओं ने जोन्धरा चौक मे जलाया पुतला, तखतपुर घटना का किया विरोध..प्रदर्शन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। तखतपुर सरस्वती शिशु मंदिर में क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में शनिवार को हुए विवाद को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रविवार को मस्तुरी मे मुख्यमंत्री और विधायक का पुतला दहन किया । तखतपुर की घटना को लेकर अइश्ढ के सम्मेलन कार्यक्रम में कांग्रेस की तखतपुर विधायक एवं उनके कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा अइश्ढ के छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार व मारपीट के विरोध में जोन्धरा चौक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पूतला दहन किया। पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस के आरोपी नेताओं के खिलाफ कार्यवाही नही हो जाती तब तक भाजयुमो सड़क की लड़ाई जारी रखेगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय अंचल , विधायक प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध लहरे, मंडल महामंत्री पवन श्रीवास, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष साहू,उपाध्यक्ष विकास साहू, महामंत्री अंकित मिश्रा, सोशल मिडिया प्रभारी बिटटू कौशिक, सौमित्र शुक्ला,नवीन बंजारे, कलेश्वर लोनिया, विकास यादव, निखिल कश्यप, भानु सिंह, श्यामु कैवर्त, किशन यादव, प्रकाश तिवारी एवं समस्त युवा मोर्चा साथी उपस्थित रहे।



## अनूपपुरः प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ब्यौहारी विधायक के पिता के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना

अनूपपुर 29 जनवरी 2023/ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय लालपुर अमरकंटक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर शहडोल जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद कोल के पिताश्री के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

# हाथ से हाथ जोडो अभियान लेकर घर घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों से अवगत करा रहे...

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। मस्तुरी ब्लॉक में जोंधरा जोन के गोपालपुर से परसोडी तक कांग्रेस की हाथ से हाथ जोडो अभियान चला जिसमें बताया गया कि जिस तरह से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा से नफरत को दूर भगा रहे,ठीक इसी प्रकार हाथ से हाथ जोडो अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी प्रदेशवासियों को एकजुट कर रही है,आज देश और प्रदेश की जनता मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।



अभियान के तहत मस्तुरी ब्लॉक की यात्रा हर बूथ में पहुंच कर घरों में लोगों को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संदेश पहुचा रहे है,राज्य सरकार के कामकाज के पर्चे बांट कर कार्यकर्ता केंद्र सरकार के विफलताओं को लोगों के सामने उजागर कर रहे हैं।

### छाया विधायक दिलीप लहरीया ने कहा

भारत जोडो यात्रा हो या हाथ से हाथ जोडो अभियान समाजिक समरसता तोडने का षड्यंत्र रचने वाली भाजपा को ही तकलीफ हो रही है,हाथ से हाथ जोडो अभियान उन गरीब किसानों, युवाओं महिलाओं की अभियान है,भूपेश बघेल गरीबों की किसान नेता है जो कहा उन्होंने किया, जिसने ठगने का काम किया 15साल तक भाजपा सरकार ने किया, केंद्र में मोदी सरकार देश की जनता को पंद्रह पंद्रह लाख रुपए खाता में आने का ,दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का ,महंगाई कम करने का पेट्रोल, डीजल रसोई का दाम कम कराने जैसे अनेक वादा कर वोट बटोर ली और सत्ता मिलने के बाद जनता से विश्वासघात की है,लोगों के हाथ में रोजगार नही समय में ट्रेन नही देश कर्जा में लद गया किसानों के साथ धोखाधड़ी किया।किसानों के धान फसल नही खरीदने का षड्यंत्र रचा लेकिन हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने खरीद कर किसानों को खुशहाल कर दिया।

### प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी ने बताया

कांग्रेस सरकार जो कहा वो करके दिखाया छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे लाया छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान को जगाया और छत्तीसगढ़ के संस्कृति पावन त्योहारों ,गढकलेवा, बोरे बासी जैसे जो संस्कृति दूर हो गया उसको सामने लाया, हमारे छत्तीसगढ़ के किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब जब जनता को जरूरत पडता है इस हिसाब से किसानों के खातों में चार किस्तों में बोनस देने का काम कर रही है।रमन सिह जैसे ठगने वाली सरकार हमारी सरकार नही भूपेश सरकार गरीबों की किसानों की छात्रा छात्राओं की सरकार है। रमन सरकार ने स्क्रीन को बंद कराया और हमारी सरकार ने अंग्रेजी माध्यम की स्कूल खोलकर छत्तीसगढ़ के छात्र छात्राओं को आत्मानंद स्कूलों का सौगात दिया और छत्तीसगढ़ का मान बढाया,2023 में भाजपा सरकार प्रलोभन देकर आएगी पर आपको प्रलोभन नहीं आना है फैसला आपके हाथों में है कि आप उद्योगपति को साथ देंगे कि किसानों की हितैषी सरकार भूपेश सरकार की। जिसने आपकी पीडा को समझा ,समय समय पर नये नये योजनाओं को लाकर आपकी हर परिस्थितियों को समझा उस सच्चे किसान पुत्र का कर्ज उतार कर फिर से आपको छत्तीसगढ़ में और अपने विधानसभा मस्तुरी में कांग्रेस की सरकार बनानी है।

### सभापति राजेश्वर भार्गव ने भी बुलंद आवाज में कहा

केंद्र सरकार को घेरे में लेते हुए बताया कि ये अंडानी अंबानी की उद्योगपतियों की सरकार है कभी किसानों के बारे में नही सोचा देश को बेचकर भागने की तैयारियां कर रही है पूंजीवादी सरकार के कारण आज देश कर्जे मे डुब रही है,हमारे प्रदेश के माटी पुत्र किसनहा सरकार भूपेश सरकार किसानों की सरकार है आज हमारा छत्तीसगढ़ खुशहाल है वो सिर्फ भूपेश सरकार की देन है जो हर समय हर घडी हमारे तकलीफों को पीडाओं को समझकर हमारे साथ खडी है।कांग्रेस के वरिष्ठों ने भी केंद्र सरकार को आडे में लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने बताया।

इस अवसर पर हाथ से हाथ जोडो अभियान में छाया विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, जिला पंचायत सदस्य किरण यादव,महिला विंग से पूर्व महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुकृता खुटे,विनोद सिह,सरोज चौहान, अनुप पटेल, प्रदेश सचिव बिंदु जायसी,जिला महासचिव गणेशदत्त राजू तिवारी,आरती ठाकुर, आलो संतरा,वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारीगण पुतन दुबे,कमल डहरिया, लखन टंडन,, दिनेश शर्मा, बादल खुटे,लक्ष्मी यादव,अशोक पटेल, ओमप्रकाश पैकरा,उदय भार्गव,विजय नामदेव,पुष्पेंद्र राय, मीनकुमार,निखिल जायसवाल, विक्रम तिवारी, मोहन खांडेलवाल,गजपाल चंद्रसेन, सहित कांग्रेसी पदाधिकारिगण कार्यकताओं सहित ग्रामीण भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किया स्वागत

अनूपपुर 29 जनवरी 2023/ अनूपपुर जिले के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के हेलीपैड में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आज पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की मंत्री एवं अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह, मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, पूर्व मंत्री श्री ओम प्रकाश धुर्वे, पूर्व विधायक कोतमा श्री दिलीप जायसवाल, श्री बृजेश गौतम, अतरिक्त पुलिस महा निर्देशक शहडोल श्री डीसी सागर, आईजीएनटीयू के कुलपति प्रो. प्रकाश मणि त्रिपाठी, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह पवार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# लाडली बहना योजना में बहनों को मिलेगी एक हजार रुपये की राशि- मुख्यमंत्री

## *पेसा कानून किसी समाज के खिलाफ नही – मुख्यमंत्री*

शहडोल 29 जनवरी 2023- प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रदेश की ऐसी बहनों जो आयकर दाता नही है को हर माह एक हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा है कि शासन द्वारा आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं बहनों के दर्द और कष्ट को जानता हूं और इसे समझते हुए प्रदेश की बहनों को लाडली बहना योजना के अंतर्गत हर माह एक हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नही होगा। उन्होंने कहा कि यह राशि सभी वर्ग की महिलाओं को मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्वसहायता समूह की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे लाडली बहना योजना का लाभ महिलाओं को दिलाने के लिए फॉर्म भरने में उनका सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहना योजना मैंने अंतरात्मा की आवाज पर बनाई है। जहां कटौती करना पड़े वहां करूंगा, परन्तु बहनों की जिंदगी में अंधकार नही रहने दूंगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज अनूपपुर जिले के अमरकंटक में संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून किसी समाज के खिलाफ नही है। यह कानून जनजातीय भाईयों के हित में है, पर किसी के खिलाफ नही। उन्होंने कहा कि पेसा कानून में जमीन का रिकार्ड पटवारी और बीट गार्ड को ग्राम सभा में रखना होगा। वनोपज पर ग्राम सभा का अधिकार होगा। खनिज की नीति ग्राम सभा तय करेगी। शराब या भांग की दुकान ग्राम सभा की अनुमति से खोली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून की जानकारी लोगों तक पहुंचना चाहिए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट की मंशा लोगों तक पहुंचे इसके लिए निरन्तर प्रयास होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राशन दुकानों से लोगों को समय पर राशन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राशन वितरण प्रणाली की निरन्तर मॉनीटरिंग होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी गरीब का किसी ने राशन खाया तो मैं उन्हें जेल भेजूंगा और उनके घरों पर बुलडोजर भी चलाऊंगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहडोल संभाग के सभी कलेक्टरों से जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण और हितलाभों के वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण शीघ्र होना चाहिए तथा लोगों को जनसेवा अभियान का लाभ मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी हितग्राही को जनसेवा अभियान के अंतर्गत समय पर लाभ नही मिलता है तो वह सीएम हेल्पलाईन में शिकायत कर सकता है। मैं उस पर सख्त कार्यवाही करूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 फरवरी से प्रारम्भ होने वाली विकास यात्रा में फौती, नामांतरण, रिकार्ड सुधार के प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फौती, नामांतरण और रिकार्ड सुधार में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के दूरस्थ ग्रामों, मजरेटोलों तक बिजली की रोशनी पहुंचना चाहिए। दूरस्थ ग्रामों तक बिजली पहुंचाने के लिए कलेक्टर समुचित कार्यवाही करें। दूरस्थ गांवों तक बिजली पहुचाने मे जो कठिनाइयां आ रही है, उन्हें दूर कर गांवो तक बिजली पहुंचाए।

## गरीब का राशन खाने वालों को जेल भी भेजूंगा, बुल्डोजर भी चलाऊंगा - मुख्यमंत्री

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की मंत्री एवं अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल संभाग को मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और कृषि विश्वविद्यालय का उपहार देकर शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के सभी जिले आज विकास की ओर लगातार अग्रसर हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने कहा कि प्रदेष सरकार जनजातियों, गरीबों तथा समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करने वाली सरकार है। पेसा एक्ट के माध्यम से जनजातीय विकासखण्डों के जल, जंगल, जमीन तथा वनोपज समिति गांव के संसाधनों के समुचित उपयोग तथा गांव के विकास का अधिकार सौपा गया है। समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास

# भाजपा विधायक कुवर सुशांत सिंह ने बढ़ापुर के गांव नकीपुर रानीपुर में फीता काटकर गौशाला का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

जनपद बिजनौर के बढ़ापुर विधान सभा के लोकप्रिय विधायक सुशांत सिंह ने तमाम किसानों की उजड़ रही फसल जोकि आवारा पशु किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे थे लगातार इसकी शिकायत गांव वालों से विधायक को मिल रही थी इनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज विधायक सुशांत कुमार ने एक बड़ी गौशाला का उद्घाटन कर तमाम किसानों की समस्याओं को दूर करने का काम किया आवारा पशु लगातार किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे थे जिससे किसान बहुत परेशान थे भाजपा विधायक ने अपने संबोधन में कहा के आसपास के जहां पर भी छुट्टा पशु आवारा पशु दिखाई दे किसानों को चाहिए कि वह उन पशुओं को गोशाला में लाकर छोड़ दें गौशाला में पशुओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा लोकप्रिय भाजपा विधायक के इस सराहनीय कार्य से चारों ओर विधायक जी की प्रशंसा हो रही है विधायक सुशांत सिंह ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि सभी क्षेत्र में इस तरह की गौशाला बनाए जाएंगे इस समारोह में भाजपा विधायक के काफिले के साथ मंडल अध्यक्ष अरविंद गहलोत ब्लॉक प्रमुख विकास



# मुख्यमंत्री ने 62 करोड 55 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण तथा एक अरब से अधिक के कार्यों की रखी आधारशिला

अनूपपुर 29 जनवरी 2023/ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अमरकंटक में आयोजित संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान कार्यक्रम में अनूपपुर जिले में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए गए लगभग 62 करोड़ 55 लाख 83 हजार रुपये की लागत से निर्मित 20 निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा एक अरब 29 करोड़ 48 लाख 45 हजार लागत के 23 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की मंत्री एवं अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह, मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री जयसिंह मरावी, विधायक मनीषा सिंह, विधायक षिवनारायण सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत पार्वती राठौर, पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाष धुर्वे, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल, प्रभारी कमिष्नर श्रीमती वंदना वैद्य, एडीजी श्री दिनेश चंद्र सागर, कलेक्टर अनूपपुर सुश्री सोनिया मीना, अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड में कृषि प्रषिक्षण आवासीय केन्द्र भवन कोहका पूर्व लागत 75 लाख, भेजरी से लेढ़रा व्हाया बहपुरी 7.495 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 475.22 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, कोतमा से रेउसा व्हाया निगवानी 19.262 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 996.75 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, अनूपपुर से पंगना 15.255 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 907.40 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, एनएच 43 से बम्हनी व्हाया सेमरिया चैक 21.240 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 1048.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, अमरकंटक रोड (जमुड़ी) से दुलहरा 6.800 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 262.04 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, फुनगा से बम्हनी 10.195 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 440 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, कोठी से छतई 6.170 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 252.47 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, कोठी से छुलहा 6.540 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 231.20 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, एनएच 78 से कटकोना व्याया बैहाटोला 5.034 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 200.25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क, पड़मनिया से बिजौरा (गिरार नाला ब्रिज चैनेज 7100 मीटर) 0.060 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 187.53 लाख रुपये की लागत से निर्मित ब्रिज, पड़मनिया से बिजौरा (गिरार नाला ब्रिज चैनेज 9800 मीटर) 0.075 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 223.83 लाख रुपये की लागत से निर्मित ब्रिज, 289.44 लाख रुपये की लागत से निर्मित 03 ट्रेड आईटीआई भवन कोतमा, 85 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप तहसील कार्यालय भवन सरई पुष्पराजगढ़, ग्राम पसला में आदिवासी महिला मुर्गी उत्पादकों हेतु 238.70 लाख रुपये की लागत से निर्मित हैचुरी, 49.08 लाख रुपये की लागत से निर्मित रेट्रोफिटिंग नलजल योजना पिचरवाही पुष्पराजगढ़, 110.77 लाख रुपये की लागत से निर्मित रेट्रोफिटिंग नलजल योजना दुलहरा जैतहरी, 46.38 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन नलजल योजना कुशियरा अनूपपुर, 47.41 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन नलजल योजना धुम्मा अनूपपुर एवं 88.46 लाख रुपये की लागत से निर्मित रेट्रोफिटिंग नलजल योजना बकही जैतहरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान ने 28.260 लाख रुपये की लागत के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 भवन निर्माण बाउण्ड्रीवाल सहित जरही पुष्पराजगढ़, 28.260 लाख लागत के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 भवन निर्माण बाउण्ड्रीवाल सहित जरही पुष्पराजगढ़, 25.170 लाख लागत से कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (100 सीटर) उन्नयन कार्य पुष्पराजगढ़ में 04 रिमेडियल क्लासरूम, 1397.04 लाख के नवीन क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लाक निर्माण कार्य जिला चिकित्सालय अनूपपुर, 1574.00 लाख लागत के नवीन बी.एस.सी. नर्सिंग स्कूल एवं हॉस्टल निर्माण कार्य, 205.95 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना सिवनी जैतहरी, 73.03 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना तरसिलि कोतमा, 211.61 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना कोठी कोतमा, 72.45 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना लामाटोला अनूपपुर, 56.73 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना बिजहाटोला अनूपपुर, 49.54 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना भाटीसरई अनूपपुर, 80.80 लाख लागत के रेट्रोफिटिंग नल जल योजना मेढ़ाखार पुष्पराजगढ़, 90.31 लाख की लागत से रेट्रोफिटिंग नल जल योजना सोनहरा पुष्पराजगढ़, 57.20 लाख की लागत से नवीन नलजल योजना चचाई आबाद जैतहरी, 93.85 लाख के लागत से नवीन नलजल योजना पंगना जैतहरी, 402.83 लाख लागत के आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भेजरी पुष्पराजगढ़, 376.26 लाख लागत के शासकीय कन्या उ.मा.वि. वेंकटनगर (10 कक्ष), 547.14 लाख लागत के शा. उ.मा.वि. बालक बेनीबारी (नवीन भवन), 3233.94 लाख लागत के सी.एम. राईस स्कूल भवन बदरा कोलियरी, 3097.26 लाख लागत के सी.एम. राईस स्कूल भवन अमगवां, 799.14 लाख लागत के शा. महाविद्यालय पुष्पराजगढ़, 246.60 लाख लागत के डामरीकृत मार्ग निर्माण कार्य मौहरी से महुंदा 4.60 किमी एवं 201.08 लाख लागत के डामरीकृत मार्ग निर्माण कार्य क्योंटार म.प्र.ग्रा.स. मार्ग से पटौराटोला तक 2.10 किमी का भूमिपूजन किया।

## नगीना रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना धामपुर मार्ग स्थित गोयल क्लीनिक पर हिंदू बल्ड बैंक सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट बिजनौर द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही काफी रक्तदान करने वालों व्यक्तियों की भीड़ नजर आई यह कार्यकर्म आज सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ इस



रक्तदान में नगीना प्रशासन ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लेकर रक्तदान किया रक्तदान करने वालों व्यक्तियों ने बताया के रक्तदान करने से किसी भी प्रकार कि कोई कमजोरी महसूस नही होती है और शरीर में एक नई ऊर्जा का अहसास होता है अगर हमारा ब्लड किसी जरूरत मंद के काम आजाए तो इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नही है अगर हमारे ब्लड से किसी की जान जाती हुई बच जाए तो हम ने अपने जीवन में एक इंसान होने का असिल फर्ज. जो है उसको पूरा होना समझेंगे

रक्तदान शिविर में रोहित रवि कस्बा इंचार्ज कुलदीप राणा लाल सराय चौकी इंचार्ज अशोक कुमार आरक्षी सचिन व रोहित खुराना

व नगर से रक्तदान करने आए काफी लोगों ने अपना ब्लड दान कर और लोगों को भी ब्लड दान करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा रक्तदान करने वालों को क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने प्रमाण

## सड़क दुघर्टना। टैक्टर ट्राली से टकराई डीसीएम टैक्टर पर सवार दो लोगों घायल

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़।**

बीते रात्रि क्षेत्र भूतपुरी सुरजननगर मार्ग पर स्थित गांव जटपुरा महावतपुर में डीसीएम और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए घायलों को राहगीरों व 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी स्योहारा में भर्ती कराया गया। घायलों गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया जानकारी अनुसार रविवार को गांव जमालुद्दीनपुर थाना चांदपुर निवासी अरविंद पुत्र नन्हे सिंह व आकाश पुत्र मदन सिंह अपनी टैक्टर ट्राली से स्योहारा की ओर शादी का भात लेकर जा रहे थे जैसे ही उनकी टैक्टर ट्राली क्षेत्र के गांव जटपुरा महावतपुर के समीप पहुंची तो पीछे से आ रही डीसीएम से भिड़ंत हो गई जिसमें अरविंद पुत्र नन्हे सिंह व आकाश पुत्र मदन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी स्योहारा में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उधर क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई जायेगी

# थाना प्रभारी ने पैसे लेकर छोड़ दिए थे गांजा तस्करी में संलिप्त वाहन और आरोपी

सतना। थाना प्रभारी द्वारा गांजा तस्करी में शामिल वाहन और आरोपियों को पैसे लेकर छोड़ देने का मामला सामने आया है। जांच के बाद हुए खुलासे से पुलिस महकमे के अधिकारी भी सन्न है कि उनके थाना प्रभारी गांजा तस्करों के संरक्षक बने हुए हैं। हालांकि जांच के बाद सामने आए नए तथ्यों के बाद छोड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गांजा तस्करी में संलिप्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। जो जानकारी आई है उसके अनुसार थाना प्रभारी ने गवाहों के माध्यम से गांजा तस्करों से पैसे का लेन देन किया था। अब थाना प्रभारी की विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### पांच माह पहले खेल हुआ था

पांच माह पहले बदेरा पुलिस ने कार में छिपा कर ले जाए जा रहे 3 लाख के गांजे के साथ तीन अंतर प्रांतीय तस्करों को पकड़ कर खूब वाह-वाही लूटी थी। लेकिन अब जो खुलासा हुआ है उसमें थाना प्रभारी राजश्री रोहित के कारनामों ने महकमे की छवि पर कालिख पोतने का काम किया है। दरअसल प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि घटना के दिन राजश्री रोहित ने गांजा तस्करों से बड़ी रकम लेकर एक कार और उस कार में बैठे तस्करों को छोड़ दिया था और सिर्फ एक कार और उसमें बैठे तस्करों की गिरफ्तारी दिखाई थी। अब इसकी विस्तृत विभागीय जांच के आदेश पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी मैहर को दे दिए हैं।

### इस तरह हुआ खुलासा

दरअसल एनडीपीएस एक्ट के तहत जो भी प्रकरण बनता है उसकी जांच किसी अन्य थाने को दी जाती है। लिहाजा बदेरा थाने में की गई इस कार्यवाही की विवेचना अमदरा थाना प्रभारी को दी गई। जब बदेरा थाना प्रभारी राजश्री रोहित द्वारा की गई कार्रवाई को देखा गया तो पाया गया कि इस घटना में सिर्फ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इनके द्वारा प्रयुक्त एक टाटा टियागो कार को जब्त करना बताया गया था। जो वाहन पकड़ा गया था उसका मालिक कपिलेश्वर बगरडी निवासी उड़ीसा था। इस आधार पर जब विवेचना प्रारंभ की गई तो पुलिस कपिलेश्वर बगरडी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे हुई पूछताछ और अन्य गिरफ्तार आरोपियों से जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा हुआ।

### ये हुआ खुलासा

पूछताछ में पाया गया कि घटना दिनांक को जब कपिलेश्वर बगरडी के वाहन में बैठे लोगों को पकडकर कार जब्त की गई थी उसी दिन इस वाहन के पीछे चल रही एक और कार और उसमें बैठे कपिल देव मिश्रा को भी थाना प्रभारी बदेरा ने पकड़ा था। कपिल देव मिश्रा को थाने में भी बैठा कर रखा गया था। लेकिन कपिल देव मिश्रा से हुई चर्चा के बाद वाहन को तो जाने दिया गया लेकिन कपिल देव को कुछ और वक्त तक बैठाए रखा गया। उसे बैठाने के पीछे की वजह थाना प्रभारी द्वारा बताए गए लोगों के खातों में तय रकम का नहीं पहुंचना था। जब थाना प्रभारी इस बात से पुख्ता हो गई कि उनकी तय रकम मिल गई है तब कपिल देव मिश्रा को छोड़ दिया गया। यह जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने उस वक्त छोड़ी गई कार को जब्त करने के साथ ही आरोपी कपिलदेव मिश्रा को गिरफ्त मे ले लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

### अब होगी विभागीय जांच

जैसे ही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को थाना प्रभारी राजश्री रोहित के इस खेल का पता चला तो उन्हें तत्काल प्रभाव से थाने से हटाया गया साथ ही इस मामले की विस्तृत विभागीय जांच का जिम्मा एसडीओपी मैहर को दिया गया है।

### गवाहों के खाते लिया पैसा

प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आ रही है कि राजश्री रोहित ने गांजे की तस्करी में प्रयुक्त वाहन और आरोपी को छोड़ने के लिये लगभग 5 लाख रुपये में सौदा किया था। यह रकम इस प्रकरण के गवाह बने लोगों के खाते में मंगाई गई थी। हालांकि पुलिस आधिकारिक तौर पर इस पर चुप है और यह बताया जा रहा है कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कितनी राशि और किसके माध्यम से ली गई थी। इस संबंध में कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही थाने के कर्मचारियों के भी बयान लिए जा रहे हैं।

### अपनी तरह का पहला मामला

गांजा तस्करी में लिप्त आरोपी और वाहन को पैसे लेकर थाना प्रभारी द्वारा छोड़े जाने का जिले का अपनी तरह का पहला आधिकारिक मामला है। इस मामले में थाना प्रभारी राजश्री रोहित की गर्दन फंस गई है और जांच पूरी होने पर उन्हें दीर्घ कालिक शास्ति का दण्ड दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है राजश्री रोहित इसके पहले चित्रकूट मेला ड्यूटी से बिना सूचना गायब होने और सतना के प्रेमनगर स्थित घर में चली गोली के मामले में भी विवाद में आ चुकी हैं।

" छोड़े गए वाहन को जब्त कर लिया गया है और छोड़ा गया आरोपी भी पकड़ कर जेल भेजा जा चुका है। विस्तृत जांच के निर्देश एसडीओपी मैहर को दिए गए हैं।" - आशुतोष गुप्ता, एसपी

थाना प्रभारी ने पैसे लेकर छोड़ दिए थे गांजा तस्करी में संलिप्त वाहन और आरोपी

सतना। थाना प्रभारी द्वारा गांजा तस्करी में शामिल वाहन और आरोपियों को पैसे लेकर छोड़ देने का मामला सामने आया है। जांच के बाद हुए खुलासे से पुलिस महकमे के अधिकारी भी सन्न है कि उनके थाना प्रभारी गांजा तस्करों के संरक्षक बने हुए हैं। हालांकि जांच के बाद सामने आए नए तथ्यों के बाद छोड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गांजा तस्करी में संलिप्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। जो जानकारी आई है उसके अनुसार थाना प्रभारी ने गवाहों के माध्यम से गांजा तस्करों से पैसे का लेन देन किया था। अब थाना प्रभारी की विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है।

पांच माह पहले खेल हुआ था

पांच माह पहले बदेरा पुलिस ने कार में छिपा कर ले जाए जा रहे 3 लाख के गांजे के साथ तीन अंतर प्रांतीय तस्करों को पकड़ कर खूब वाह-वाही लूटी थी। लेकिन अब जो खुलासा हुआ है उसमें थाना प्रभारी राजश्री रोहित के कारनामों ने महकमे की छवि पर कालिख पोतने का काम किया है। दरअसल प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि घटना के दिन राजश्री रोहित ने गांजा तस्करों से बड़ी रकम लेकर एक कार और उस कार में बैठे तस्करों को छोड़ दिया था और सिर्फ एक कार और उसमें बैठे तस्करों की गिरफ्तारी दिखाई थी। अब इसकी विस्तृत विभागीय जांच के आदेश पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी मैहर को दे दिए हैं।

इस तरह हुआ खुलासा

दरअसल एनडीपीएस एक्ट के तहत जो भी प्रकरण बनता है उसकी जांच किसी अन्य थाने को दी जाती है। लिहाजा बदेरा थाने में की गई इस कार्यवाही की विवेचना अमदरा थाना प्रभारी को दी गई। जब बदेरा थाना प्रभारी राजश्री रोहित द्वारा की गई कार्रवाई को देखा गया तो पाया गया कि इस घटना में सिर्फ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इनके द्वारा प्रयुक्त एक टाटा टियागो कार को जब्त करना बताया गया था। जो वाहन पकड़ा गया था उसका मालिक कपिलेश्वर बगरडी निवासी उड़ीसा था। इस आधार पर जब विवेचना प्रारंभ की गई तो पुलिस कपिलेश्वर बगरडी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे हुई पूछताछ और अन्य गिरफ्तार आरोपियों से जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा हुआ।ये हुआ खुलासा

पूछताछ में पाया गया कि घटना दिनांक को जब कपिलेश्वर बगरडी के वाहन में बैठे लोगों को पकडकर कार जब्त की गई थी उसी दिन इस वाहन के पीछे चल रही एक और कार और उसमें बैठे कपिल देव मिश्रा को भी थाना प्रभारी बदेरा ने पकड़ा था। कपिल देव मिश्रा को थाने में भी बैठा कर रखा गया था। लेकिन कपिल देव मिश्रा से हुई चर्चा के बाद वाहन को तो जाने दिया गया लेकिन कपिल देव को कुछ और वक्त तक बैठाए रखा गया। उसे बैठाने के पीछे की वजह थाना प्रभारी द्वारा बताए गए लोगों के खातों में तय रकम का नहीं पहुंचना था। जब थाना प्रभारी इस बात से पुख्ता हो गई कि उनकी तय रकम मिल गई है तब कपिल देव मिश्रा को छोड़ दिया गया। यह जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने उस वक्त छोड़ी गई कार को जब्त करने के साथ ही आरोपी कपिलदेव मिश्रा को गिरफ्त मे ले लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

अब होगी विभागीय जांच

जैसे ही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को थाना प्रभारी राजश्री रोहित के इस खेल का पता चला तो उन्हें तत्काल प्रभाव से थाने से हटाया गया साथ ही इस मामले की विस्तृत विभागीय जांच का जिम्मा एसडीओपी मैहर को दिया गया है।

गवाहों के खाते लिया पैसा

प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आ रही है कि राजश्री रोहित ने गांजे की तस्करी में प्रयुक्त वाहन और आरोपी को छोड़ने के लिये लगभग 5 लाख रुपये में सौदा किया था। यह रकम इस प्रकरण के गवाह बने लोगों के खाते में मंगाई गई थी। हालांकि पुलिस आधिकारिक तौर पर इस पर चुप है और यह बताया जा रहा है कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कितनी राशि और किसके माध्यम से ली गई थी। इस संबंध में कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही थाने के कर्मचारियों के भी बयान लिए जा रहे हैं।

अपनी तरह का पहला मामला

गांजा तस्करी में लिप्त आरोपी और वाहन को पैसे लेकर थाना प्रभारी द्वारा छोड़े जाने का जिले का अपनी तरह का पहला आधिकारिक मामला है। इस मामले में थाना प्रभारी राजश्री रोहित की गर्दन फंस गई है और जांच पूरी होने पर उन्हें दीर्घ कालिक शास्ति का दण्ड दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है राजश्री रोहित इसके पहले चित्रकूट मेला ड्यूटी से बिना सूचना गायब होने और सतना के प्रेमनगर स्थित घर में चली गोली के मामले में भी विवाद में आ चुकी हैं।

" छोड़े गए वाहन को जब्त कर लिया गया है और छोड़ा गया आरोपी भी पकड़ कर जेल भेजा जा चुका है। विस्तृत जांच के निर्देश एसडीओपी मैहर को दिए गए हैं।" - आशुतोष गुप्ता, एसपी

## जीएसटी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों की एक सभा संपन्न

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण नजीबाबाद**

बिजनौर में जीएसटी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों की एक सभा की गई जिसमें नजीबाबाद से जिला अध्यक्ष कपिल सर्रफ एवं नगर महामंत्री शाहिद सिद्धकी उपस्थित रहे सभा में ज्वाइंट कमिश्नर श्री राजीव आरथर एवं विपुल सिंघल संयुक्त आयुक्त वाणिज्य कर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहां की विभाग द्वारा व्यापारियों का जबरदस्ती उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए तथा व्यापारी को समझा कर नियम कायदे बताकर उसका रजिस्ट्रेशन विभाग में कराएं शाहिद सिद्दीकी जी ने कहा की कोई भी निरीक्षण करने से पूर्व व्यापारी नेताओं को अवगत होना चाहिए ताकि भय का वातावरण ना बन सके अधिकारियों ने आश्वासन दिया की व्यापारी को नाराज नहीं किया जाएगा



## असम करीमगंज जिला प्रशासन ने 130 कैदियों को करीमगंज जेल से सिलचर जेल में स्थानांतरित किया गया।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :**

असम करीमगंज जेल में कैदियों की 187 सीट हैं, लेकिन वर्तमान में जेल में 450 से अधिक कैदी हैं. करीमगंज जेल में कैदियों की संख्या में वृद्धि के कारण जेल अधिकारियों और जिला प्रशासन ने एनडीपीएस मामलों में जेल के कैदियों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार कैदी कुछ दिनों पहले करीमगंज जेल में




विचाराधीन जमानत की मांग को लेकर जेल के अंदर भूख हड़ताल पर बैठे हैं. 29 जनवरी (रविवार) को उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच करीमगंज जिला जेल से सिलचर जेल स्थानांतरित कर दिया गया। इस पर करीमगंज के डीएसपी गीतार्थ देवशर्मा ने पत्रकारों का सामना करते हुए यह प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जेल में 450 से अधिक कैदी होने के कारण जल में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इसीलिए आदेश के मुताबिक 29 जनवरी 130 कैदी को सिलचर जेल में स्थानांतरित किया जा रहा है ताकि कैदी को कोई समस्या ना हो.

## एमएलसी चुनाव के लिए बने बूथ का सीओ ने किया निरीक्षण निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न हो चुनाव दिये निर्देश

**अजमल हसन
समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। स्नातक चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। सभी तैयारियां पुरी कर ली गई है। एमएलसी चुनाव में मतदान के लिए बनाए गए दो बूथों का रविवार को सीओ सर्वम सिंह निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। 30 जनवरी को ब्लाक कासमपुरगढ़ी क्षेत्र व नगर के स्नातक निर्वाचन नगरपालिका मतदान स्थलों पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक स्नातक निर्वाचन विधान परिषद को लेकर मतदान होना है। सीओ सर्वम तथा क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह द्वारा नगर की नगरपालिका में एमएलसी चुनाव को देखते हुए नगरपालिका परिसर में बनाए गए बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिषद अधिकारी, व कर्मचारियों सहित अन्य को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा



कि बूथ के अंदर जो भी मतदाता अंदर जाए उनका आधार पत्र पूरी तरह से जांच पड़ताल करने के बाद ही बूथ के अंदर प्रवेश करने दिया जाए। चुनाव के मद्देनजर आवश्यक पुलिस बल लगाया गया है जिनकी तैनाती चुनाव संपन्न तक रहेगी चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न होना चाहिए। किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी वही क्षेत्र ब्लाक पर कुल 1836 स्नातक वोट मतदाता हैं जिनमें पुरुष की संख्या 1135 है पुरुष के मुकाबले महिलाओं की संख्या 441 जिनके एमसीसी स्नातक निर्वाचन चुनाव करेंगे जिस्-ाके नगरपालिका में 169,170 । बूथ बनकर पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है इस मौके पर सीओ सर्वम सिंह के आलावा क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह,कस्बा इंचार्ज अमित सिसोदिया,संजीव अग्रवाल, बृजमोहन सिंह,रोबिन अग्रवाल, साबिर हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे



## खाडीपर गांव के पास रेलवे के सरकारी जमीन पर अवैध रूप से आशियाना बना कर रहे 5 गरीब परिवार के झोपड़ी में असामाजिक तत्वों ने लगा दी आग।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

कटोरिया थाना क्षेत्र के खाडीपर गांव के निकट रेलवे की सरकारी जमीन पर करीब 2 वर्षों से रह रहे नैया पुझार के आशियाना को शनिवार रात्रि में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया । घटना शनिवार 9:00 बजे रात की बताई गई जब सभी लोग खा पीकर सो रहे थे उस वक्त असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। हो हल्ला होने पर सभी लोग घर से बाहर निकले। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गरीबों का आशियाना जल चुका था। इसमें रखे कपड़े, बर्तन ,सामान सब कुछ नष्ट हो गए ।जानकारी के अनुसार 10 घर वाले पुझार के लोग कुछ महीनों से रेलवे के जमीन पर घर बना कर गुजर-बसर कर रहे थे। जिसे असामाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया । नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पति सौरव सिंह ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के आने के बाद प्रावधान के अनुसार गरीबों को मुआवजा दी जाएगी । फिलहाल पीड़ित परिवारों को खाने के लिए गुड़ चुडा दिया गया।



## सीएम के संभावित हेलीकॉप्टर से आगमन को लेकर मनियां गांव में बनाया जा रहा हेलीपैड।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

सीएम नीतीश कुमार के आगमन को लेकर मनिया गांव में हेलीपैड क्षेत्र की साफ-सफाई एवं क्षेत्र के समतलीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है रविवार को पॉपुलेशन ट्रैक्टर के द्वारा जमीन का समतलीकरण किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को समाधान यात्रा के तहत सीएम नीतीश कुमार मनियां गांव पहुंचेंगे । इसको लेकर गांव की साफ सफाई, बिजली, पानी ,सड़क व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। हेलीपैड से लेकर गांव तक कच्ची सड़क को पक्की कर दिया गया है। वही सीएम कार्यक्रम में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रत्येक दिन अधिकारी मॉक ड्रिल कर रहे हैं।



## कालाबाजारी के लिए जा रहे नोट फॉर सेल सीमेंट लदा ट्रक को कटोरिया पुलिस ने किया जप्त।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन ।**

कटोरिया थाना क्षेत्र के बड़वासनी पंचायत के बाघमारी गांव से कटोरिया पुलिस ने नोट फॉर सेल सीमेंट से लदे एक ट्रक को जब्त कर लिया। इस



अभियान में स अनि अरुण कुमार सदलबल शामिल थे। बताया गया कि उक्त ट्रक में मिले चालान के अनुसार सीमेंट की बोरियों को उड़ीसा के राउरकेला से जिले के शंभूगंज के एक साइट पर ले जाना था, लेकिन अवैध रूप से बिक्री के लिए रास्ते में ही उसे खपाया जा रहा था। बाघमारी गांव के राजेन्द्र सिंह के घर पर 300 बोरी सीमेंट अनलोड किया गया । जबकि शेष सीमेंट को गांव के सुनील यादव के दुकान पर ट्रक खाली किया जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिलते ही गांव पहुंच कर छानबीन शुरू किया। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव के सुनील यादव के दुकान से ट्रक को जब्त कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क पार करने के दौरान बाइक की टक्कर से मासूम जख्मी

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

शनिवार को धोरैया पंजवारा मुख्य मार्ग पर पंजवारा थाना क्षेत्र के रामकोल गांव की समीप एक बाइक के टक्कर से सड़क पार कर रहा एक पांच वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।घायल बालक की पहचान रामकोल गांव निवासी सुनील यादव के पांच वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई।



मासूम को परिजन आनन फानन में पंजवारा के एक निजी क्लीनिक में ईलाज के ले गए।जहां प्राथमिक उपचार के बाद अब उसकी हालत खतरे से बाहर है।वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़कर पंजवारा थाना को सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चा सड़क पार कर रहा था इसी दौरान पंजवारा की तरफ से जा रहे बाइक ने उसे टक्कर मार दी।

## पंजवारा चेकपोस्ट से चार शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

शराबियों के धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पंजवारा थाना पुलिस ने शनिवार रात पंजवारा स्थित उत्पाद विभाग चेक पोस्ट से चार शराबियों को गिरफ्तार किया। ये सभी झारखंड के गोड्डा जिला से शराब का सेवन कर आ रहे थे। गिरफ्तार शराबियों की पहचान बांका जिला के धोरैया थाना क्षेत्र के नौआ बांध के मो. सुफरान अंसारी,मो. कयूम अंसारी, मो. गुलफाज अंसारी,कदमा गांव के विनोद पासवान के रूप में हुई है। गिरफ्तार शराबियों को रविवार को आर्थिक जुमार्ना के लिए थाना से बांका न्यायालय भेज दिया गया। इसकी जानकारी पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव ने दी।

## सेजवा गांव के ग्रामीणों मे देखी गई सूर्य का महापर्व का लेकर हलचल

**बांका/कटोरिया जयपुर से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत सेजवा गांव मे सूर्य महापर्व को लेकर सूर्य व्रतीयों मे हलचल देखा गया। इसको लेकर गांव के बहुत से ग्रामीणों के बच्चों का बाला अर्पण किया गया।यहां के ग्रामीणों का कहना है कि हमलोगों ने संगठन कर हरेक पंचवर्षीय मे ये सूर्य का पर्व मनाते रहता हूं ओर इस तरह के सूर्य पर्व को मनाने से हम सभी ग्रामीणों का मनोकामना पूर्ण होता है ये पर्व सदियो पुराने युगों-युगों से हमारे पूर्वजों द्वारा होता चला आ रहा है।जिसमे सामिल जीवन यादव,पंकज यादव,सत्यनारायण यादव महेश यादव,मानदेव यादव,झगरू यादव,कुमोद यादव,खिरो यादव,हिरालाल यादव ओर भी बहुत सारे ग्रामीणों ने ये पर्व भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हुए मनाया।इस पर्व को लेकर सभी ग्रामवासियो ने अपने रिश्तेदारों को भगवान भास्कर का प्रसाद खिलाने के लिए निमंत्रण देकर अतिथि सत्कार किया।

## एसकेपी विद्या विहार राजपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**बांका/कटोरिया जयपुर से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका मे विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण कांत त्रिपाठी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह संयुक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रभाकर कुमार झा के आदेशानुसार एसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका बिहार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तरफ से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं पोक्सो अधिनियम विषय के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। बाल अपराध एक गंभीर समस्या है। इससे छोटे-छोटे छात्र छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी पैनल अधिवक्ता मोहम्मद फैसल आजम के द्वारा दिया गया। मोहम्मद फैसल आजम पैनल अधिवक्ता ने बताया कि छात्र छात्राओं को अपनी पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए और कभी भी किसी के बहकावे में कोई गलत कदम नहीं उठाना चाहिए।सात साल से ऊपर के बच्चों के लिए सजा का नियम है। उससे उसकी जिंदगी पर असर पड़ता है। बाल छात्र छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक बताया गया और उससे बचने के उपाय भी बताए। पैनल अधिवक्ता मोहम्मद फैसल आजम ने अलग-अलग बाल संबंधित धारा, अधिनियम, अनुच्छेद इत्यादि को विस्तार पूर्वक बताया। किशोर न्याय परिषद के द्वारा किशोरों को न्याय दिलाने का प्रबंध किया गया है। छात्रों को चाहिए कि वह किसी भी गलत मानसिकता वाले लोगों के साथ जाने से बचना चाहिए और किसी भी व्यक्ति द्वारा दी जाने वाली कुछ समान जो छात्रों को प्रलोभित करता है उससे



बचना चाहिए। तभी उसका जीवन सफल हो सकता है। बच्चे ही देश के भविष्य हैं। जीव विज्ञान शिक्षक सह जिला पर्यावरण विशेषज्ञ व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बांका जिला ईकाई प्रबंध कमेटी सदस्य तथा जिला अध्यक्ष हरिजन सेवक संघ बांका और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा हेडक्वार्टर वासिंगटन डीसी से संबद्ध प्रवीण कुमार प्रणव ने छात्रों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जो प्रकृति के नियम को तोड़ता है उसे पापी कहते हैं और जो राष्ट्र के नियम को तोड़ता है उसे अपराधी कहते हैं। अपराध छोटा हो या बड़ा सजा तो भुगतना ही पड़ता है। परंतु अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा निर्धारित है। सही और गलत कार्य किसे कहा जाए? इसके बारे में प्रवीण कुमार प्रणव ने आगे कहा कि जब किसी कार्य को करने से पहले या करने के बाद हम खुद से अपने माता-पिता को नहीं बता सकते हैं तो वह गलत कार्य है। छात्र छात्राओं को यह समझना होगा कि वो विषम परिस्थिति में अपने अंदर की आवाज को जरुर सुनें। किसी लोभ में किसी के बहकावे में कभी भी नहीं रहें। अगर कोई व्यक्ति उसे कुछ कह रहा है या करने कह रहा है तो तुरंत आकर अपने माता-पिता और शिक्षक को बताएं। सभी छात्रों को अपने माता-पिता और शिक्षकों की बातों पर जरुर ध्यान देना चाहिए और उनकी बातों को मानना चाहिए। अंत में श्री प्रणव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष जिला सत्र एवं न्यायाधीश होते हैं,उपाध्यक्ष जिला अधिकारी होते हैं, सचिव एडीजे एवं सदस्य आरक्षी अधीक्षक होते हैं।इस अवसर पर पारा विधिक स्वयं सेवक अंजन कुमार, प्राचार्य मानस कुमार पाठक, शिक्षक डॉ के सी मिश्रा,पंकज बिहारी, उल्लास किशोर दास, एच एन सिंह, रामा प्रसाद दास कर्मचारी रामानुज, पप्पू सहित लगभग सेंकड़ों छात्राओं ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर कानून संबंधी जानकारियां लेकर उससे लाभान्वित हुए।

## गुरुधाम में चल रहे बसंतोत्सव में की गयी दरिद्र नारायण की सेवा

**दैनिक समाज जागरण। कुमार चंदन संवाददाता,बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड स्थित गुरुधाम में चल रहे वसंतोत्सव के तीसरे दिन रविवार को कई प्रकार के धार्मिक आयोजन किए गए। देश के विभिन्न प्रांतों से आये गुरु भाई एवं गुरु बहनों के द्वारा किए जा रहे विभिन्न भजन कीर्तन धार्मिक कार्यक्रमों से गुरुधाम का माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक हो चुका है। आयोजन में बिहार बंगाल झारखण्ड उड़ीसा सहित अन्य जगहों से गुरु भाई बहन पहुंचे हैं। आश्रम में प्रातः से हो रहे मंगल आरती पाठ, मंगलाचरण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में सभी ने भाग लिया। पंडित देव नारायण शर्मा के द्वारा पूजन पाठ का कार्यक्रम मंदिर में कराया गया। दोपहर बाद बसंत उत्सव का मुख्य आकर्षण दरिद्र नारायण की सेवा गुरु भाईयों के द्वारा की गयी। दोपहर तीन बजे आश्रम में बने गुरु कुटीर से गुरुदेव की झांकी निकाली गयी। छत्रप के नीचे पंखा झुलाते गुरुभाई व बहन गुरुदेव का जयकारा लगाते निकले। गुरूजयकारे के साथ झांकी वेद विद्यापीठ स्थित भोज स्थल तक झांकी गयी। जहां पर मौजूद गुरुमहाराज की पौत्री बबली



पाठक, देवसेना चक्रवर्ती सहित अन्य की उपस्थिति में सभी श्रद्धालुओ को पंक्ति में बैठाकर पैकेट में प्रसाद दिया गया। वेद मंत्रोंच्चार के बीच कार्यक्रम आरंभ कराया गया। इससे पूर्व मंदिर में विशंभर मिश्र बागीश के द्वारा गीता का सस्वर पाठ किया गया। आश्रम में आए गुरुभाईयों ने गुरुवंदना की। शाम में आरती के बाद भजन गायक दीपक कुमार द्वारा गुरु स्मरण पर भजन कीर्तन गाकर गुरुभाईयों ने गुरु को स्मरण किया। विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गुरुधाम का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। बनारस से आए उज्जवल तिवारी के नेतृत्व में गंगा महाआरती के टीम के द्वारा महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। गुरूधाम आश्रम कमेटि सचिव ऋषिकेष पांडेय, उत्सव कमेटी के सचिव शशि शेखर त्रिवेदी, शेषाद्री चक्रवर्ती, गंगाधर मिश्र, प्रमोद झुनझुनवाला, प्रोफेसर चंद्रशेखर त्रिवेदी, श्याम कुमार सिंह, राजीव पांडे नंदन शर्मा सहित अन्य गुरूधाम उत्सव में मौजूद थे।

## जनजातियों धार्मिक और आस्था का प्रतीक है झील मेला

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता,बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड के भलजोर में झील मेला का आयोजन हुआ। जिसमें आग के शोलों पर चलने दौड़ने की होड़ मची रही। आदिवासी



जनजातियों धार्मिक और आस्था का प्रतीक झील मेला है। जिसमें नुनूवां टुड्डू की अगुवाई में आदिवासी किशोर प्रेम कुमार टुड्डू, हेमंत टूड्डू, दुर्गा, संझला और राजकुमार टूड्डू ने पहले जाहेर थान पहाड़ी शिलाखंड के देवी-देवता से आग पर चलने के आदेश की मनौती की। अक्षत, दूध का चढ़ावा और बकरे की बलि दी गई। तदुपरांत आधे दर्जन आदिवासी युवक को चंदन तिलक लगाकर फूल माला पहनाते आग पर चलने के लिए तैयार किया। आदिवासी युवकों ने जय शिव कहते झील के आगे रखे एक तख्ती पर दर्जनों खड़े नुकीले कांटी पर दोनों पैर रखकर आग के शोलों की झील पर दौड़ते रहे। ग्राम प्रधान जियालाल टूड्डू के नेतृत्व में पुजारी सुखलाल हांसदा ने झीलमेला के पूजा -अर्चना में तालाबाबू टूड्डू, सोमलाल हेंब्रम, देवान हांसदा मुख्य रूप से थे। जिन्हें आग में चलने के बाद काठ के बने तारामाची पर घुमाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख बिरसा सोरेन, वनवासी कल्याण आश्रम के पूरनलाल टूड्डू, भाजपा नेता खीरो यादव, रंजीत यादव आदि थे।

## वार्ड सदस्या गोरिता कुमारी के नेतृत्व में धुआं रहित उन्नत चुल्हा कराई वितरण

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

चांदन/बांकाः-सुदूर गांव और कस्बों मे रहने वाली महिलाओं को खाना पकाने मे सुविधा दिलाने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्था के सौजन्य से गौरीपुर पंचायत के वार्ड नंबर सात में लकड़ी चुल्हा का निशुल्क वितरण किया गया । इस दौरान गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाले महिलायें मुन्नी मरांडी, फुलमनी सोरेन, धनी टूड्डू, रानी देवी, रेखा देवी एवं सैकड़ों लाभुक ने कतारबद्ध होकर लकड़ी चुल्हा को प्राप्त किया। संस्था के मंटू गुप्ता एवं वार्ड सदस्य गौरिता देवी ने बताया कि गांव और कस्बे में रहने वाले लोगों की स्थिति और उसकी परेशानियों को देखते हुए संस्था यह अभियान चला रही है। इस चूल्हे के उपयोग से महिलाओं को सुविधा मिलेगी और कम लकड़ी मे ही खाना पका सकेगी जिससे पर्यावरण की भी रक्षा होगी। साथ ही वार्ड सदस्या गोरिता कुमारी ने बताया कि सरकार की तरफ से गरीबों को गैस चुल्हा की व्यवस्था की गयी है,परंतु महंगाई की मार से लोग त्राहिमाम है और सबों की पहुंच से दूर हो गयी है। ऐसी स्थिति मे लकड़ी का चूल्हा गरीब लोगों की जरूरत भी बन गयी है। वितरण कर्ता ने बताया कि बांका जिला के सभी प्रखंडों के हर पंचायत में हर गरीब के घर तक लकड़ी का चुल्हा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पांडेय, दिलीप पांडेय एवं वार्ड सदस्या गौरिता कुमारी ने संस्था को चुल्हा वितरण करने में काफी सहयोग करते नजर आये।



## आजादी के 75 साल बाद बेलहर विधायक मनोज यादव लालचन टोला के लोगों को सड़क, पानी, स्कूल देने का किया वादा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांका/चांदनः- प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी कटसाकरा अंतर्गत लालचन टोला एवं खमरुवाडीह में सरकारी योजनाओं से वंचित ग्रामीणो ने आज बेलहर विधायक मनोज यादव ये उम्मीद की एक किरण लिए आस लगाए हैं, क्योंकि आज तक ये दोनो बस्ती में ना रोड है ना स्कूल और ना ही पिने के लिए पानी, आज भी यहां की महिलाएं गांव के करीब नदी की पानी पीने को विवस हैं। वहीं बच्चों की शिक्षा की बात करें तो यहां के छोटे छोटे बच्चों को पथरीली एवं कच्ची रास्ते के बीच गुजरते हुए तीन किलोमीटर दुर पढ़ने के लिए जाना होता है।

इस गांव हालत यह है कि जंगली एरिया होने के कारण प्रखंड के अधिकारी भी गांव की सुध लेने उचित नहीं समझा है।जिसे लेकर शनिवार 29 जनवरी को वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि भैरो मरीक के आग्रह पर बेलहर विधायक मनोज दर्जनों समर्थकों के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अब इस गांव में रोड, पानी एवं स्कूल बहुत जल्द विधेयक में पास करा कर लोगों की



समस्या हल कर दिया जाएगा।विधायक मनोज यादव को आने की खुशी में शीतलहर के बीच भी ग्रामीण घंटों इंतजार कर गांव की समस्या से अवगत कराया गया। विधायक जी के पहूंचते ग्रामीणों ने गर्म जोशी से स्वागत किया और माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही विधायक मनोज यादव के साथ आए समर्थकों ने अपना-अपना वक्तव्य देकर ग्रामीणों की समस्या से विधायक जी को अवगत कराया।

मोके पर मौजूद अति पिछड़ा जिला प्रकोष्ठ दिवाकर पंडित पूर्व मुखिया मौलाना अब्बास डॉ नवाब अंसारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष चांदन दीपक कुमार भारती, पुर्व मुखिया सहेंदर दास, पूर्व मुखिया भैरो मरीक, पूर्व सरपंच चंद्रदेव यादव, बेचन यादव, तारनी यादव, रामविलास शर्मा, उमेश यादव, गिरधारी यादव, महादेव यादव, विनोद यादव, शंकर यादव, उमेश यादव, सुभाष यादव, अनिल यादव, आदि के साथ दर्जनों जदयू समर्थक के अलावा सेंकड़ों महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## सेजवा गांव के ग्रामीणों मे देखी गई सूर्य का महापर्व का लेकर हलचल

**दैनिक समाज जागरण बांका/कटोरिया जयपुर से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत सेजवा गांव मे सूर्य महापर्व को लेकर सूर्य व्रतीयों मे हलचल देखा गया। इसको लेकर गांव के बहुत से ग्रामीणों के बच्चों का बाला अर्पण किया गया।यहां के ग्रामीणों का कहना है कि हमलोगों ने संगठन कर हरेक पंचवर्षीय मे ये सूर्य का पर्व मनाते रहता हूं ओर इस तरह के सूर्य पर्व को मनाने से हम सभी ग्रामीणों का मनोकामना पूर्ण होता है ये पर्व सदियो पुराने युगों-युगों से हमारे पूर्वजों द्वारा होता चला आ रहा है।जिसमे सामिल जीवन यादव,पंकज यादव,सत्यनारायण यादव महेश यादव,मानदेव यादव,झगरू यादव,कुमोद यादव,खिरो यादव,हिरालाल यादव ओर भी बहुत सारे ग्रामीणों ने ये पर्व भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हुए मनाया।इस पर्व को लेकर सभी ग्रामवासियो ने अपने रिश्तेदारों को भगवान भास्कर का प्रसाद खिलाने के लिए आमंत्रण देकर अतिथि सत्कार किया।



## सास ने बहू एवं पोता को ईंट से हमलाकर किया जख्मी

शहर के बंगाली टोला मोहल्ला में पारिवारिक विवाद में सास ने बहू एवं पोता को ईंट से हमलाकर जख्मी कर दिया। जख्मी पूजा देवी एवं आर्यन कुमार का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में किया गया। जख्मी ने बताया कि वह कटिहार अपने रिश्तेदार के यहां से घर लौटी। दरवाजा बंद रहने पर सास रिंकू देवी को खोलने के लिए बोली । इसी पर सास ने गाली गलौज करते हुए ईंट से हमलाकर दोनों को जख्मी कर दिया। घटना को लेकर जख्मी द्वारा थाना में दिये गये लिखित आवेदन पर पुलिस जांच कर कारवाई में जुट गई है।

## सीएम की सुरक्षा होगी चाक-चौबंद।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

समाधान यात्रा के तहत सीएम नीतीश कुमार के आगमन को लेकर मनियां गांव की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति बिना इजाजत के सीएम से नहीं मिल पाएंगे। बता दें कि 6 फरवरी को बिहार के सीएम नीतीश कुमार कटोरिया के करझौसा एवं मनियां गांव पहुंचेंगे। सीएम के कार्यक्रम के तहत सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम ज्यों ज्यों नजदीक पहुंच रहा है ,त्यों त्यों गांव की रूपरेखा बदल रही है। इस गांव के अधिकांश लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजना का शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है। रविवार को कटोरिया वीडियो प्रेम प्रकाश एवं कटोरिया सीओ आरती भूषण ने पूरे गांव में चल रहे कार्यो का जायजा लिया एवं अधूरे काम को जल्द पूरा करने का निर्देश भी दिया। सीएम के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए बिजली पानी सड़क व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। सीएम नीतीश कुमार मनिया गांव के निर्मित चांदी के मछली कारीगरों से मिलेंगे । बता दे कि मनिया गांव के हस्तनिर्मित चांदी के मछली की मांग देश विदेशों में काफी है । मुख्यमंत्री के मनियां गांव के बाद निश्चित तौर परे गांव के मछली कारीगरों की तकदीर बदलेगी।



## कटोरिया के 2 सेंटरों पर होगी इंटरमीडिएट के तीनों संकाय की परीक्षा।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार 1 फरवरी 2023 से कटोरिया के 2 सेंटरों परे 1151 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे । पहली पाली में परीक्षा 9:30 से 12:45 तक तथा दूसरी पाली 1:45 से 5:00 बजे तक होगी। परीक्षा भवन में जूता, मोजा पहन कर आना पूर्णतः वर्जित है। चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र पर आने की अनुमति है । परीक्षा केंद्र पर विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा आरंभ होने से 10 मिनट पहले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर आना होगा। कटोरिया प्लस टू हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव सिंह ने बताया कि कदाचार एवं शांतिपूर्ण परीक्षा की तैयारी कर ली गई है। सीट अरेंजमेंट के अनुसार एक डेक्स बेंच पर 2 छत्र बैठेंगे। कटोरिया हाई स्कूल में एचएस अमराहा बांका, एलपी खेतान कॉलेज बाराहाट, सार्वजनिक हाई स्कूल सामुखिया मोड, हाई स्कूल पथरा बाराहाट , का सेंटर प्लस टू स्कूल में है, वही प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल में उच्च विद्यालय भैरोगंज एवं प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चांदन की छात्रा परीक्षा देगी।




## सीएम नीतीश कुमार के आगमन को लेकर मनियां गांव में जोर शोर से चल रही तैयारी, 6 फरवरी सोमवार को आएंगे सीएम नीतीश कुमार।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

मुख्यमंत्री के मनियां गांव के दौरा को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही है। जानकारी के अनुसार 6 फरवरी सोमवार को कटोरिया के मनियां गांव में सीएम नीतीश कुमार आएंगे। जहां समाधान यात्रा के तहत योजनाओं की जांच करेंगे। तथा जीविका दीदी से भी मिलेंगे। बाद में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक भी कर सकते हैं। बांका जिला प्रशासन आगमन की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं ।बता दें कि मनियां गांव के लोगों से मिलकर समस्या भी सुन सकते हैं । वही हस्तनिर्मित चांदी के मछली कारीगरों मिलकर हाल-चाल जानेंगे ,तथा मनियां एवं करझौसा गांव में योजना का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कोकून बैंक, लेमन ग्रास प्लांट, मधु उत्पादन केंद्र का निरीक्षण कर सकते हैं ।वहीं जिले में चल रहे योजनाओं का भी अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे ।जिन की तैयारी चल रही है ।



## बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार सहित दो लोग जख्मी।

बांका जिला के अमरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर शाहकुंड मुख्य मार्ग बादशाह गंज मोड़ के समीप बाइक के आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार एवं उनका साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी अमरपुर शहर निवासी मनोज यादव एवं सलेमपुर गांव निवासी क्रांति साह है दोनों जख्मी का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में किया गया जख्मी मनोज यादव ने बताया कि वह पवई की ओर जा रहे थे इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बाइक ले अनियंत्रित होकर ठोकर मार दी जिसमें बाइक चालक एवं उनके साथी गंभीर रूप से जख्मी हुए स्थानीय लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।



## पेट दर्द से पीड़ित 10 वर्षीय छात्र को शहर के समाजसेवी ब्लड डोनेशन देकर कराया उपचार।

बांका जिला के अमरपुर शहर में पेट दर्द से पीड़ित 10 वर्षीय छात्र रतन कुमार को ब्लड की आवश्यकता होने पर शहर के समाजसेवी मिट्ठू भगत ने ब्लड डोनेट कर छात्र का कराया उपचार। पीड़ित छात्रा के पिता ने ने बताया कि पुत्र के पेट में लगातार दर्द होने को लेकर डॉक्टर से सलाह लेने पर ब्लड की कमी बताए जाने पर वार्ड संख्या 13 के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद पती सह समाजसेवी मिट्ठू भगत ने अपना ब्लड देकर मेरे बच्चे का उपचार करवाया। जो कि पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



## आदित्य ने एम एड परीक्षा में 92 पॉइंट 2 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन।

**समाज जागरण संवाददाता** बेतिया विनोद कुमार, साठी थाना क्षेत्र के परोरहा निवासी रामजी तिवारी के पुत्र आदित्य कुमार ने वर्ष 2020_22 मे एम एड की परीक्षा में 92 पॉइंट 2 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है आदित्य को इस सफलता पर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने सम्मानित किया इस संदर्भ में आदित्य ने बताया कि विशुन राजदेव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज भगवानपुर वैशाली में आयोजित सम्मान समारोह में यह सम्मान मंत्री जी द्वारा दिया गया जिसमें कुल 450 अंक की परीक्षा में 415 नंबर आदित्य को प्राप्त हुआ है आदित्य दो भाई और एक बहन है बड़ा भाई नवीन कुमार तिवारी हरिनगर शुगर मिल में कार्यरत हैं जबकि पिता किसान तथा माता पुष्पा देवी गिरीहीणी है आदित्य के इस सफलता पर पैक्स अध्यक्ष मंटू मिश्रा एवं भाजपा नेता संजीव मिश्रा ने बधाई दी है और कहा कि युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और शिक्षा जगत में अपना नाम रोशन करना चाहिए आदित्य ने बताया कि आगे शिक्षा सेवा एवं प्रशासनिक सेवा की तैयारी में लगे हैं



## बिहटा के पीतल नगरी परेव पहुँचे मुख्यमंत्री नितीश कुमार

**सत्येंद्र कुमार,बिहटा**
**दैनिक समाज जागरण**

बिहटाः रविवार कों बिहटा प्रखंड अंतर्गत परेव मे समाधान यात्रा के तहत बिहटा के पीतल नगरी पहुँचे सूबे के मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी, वही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे जहाँ हर मोड़ पर जिला प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाकर रखें हुए थे, वही नितीश कुमार ने बिहटा के पीतल नगरी परेव के लिए एक बड़ा उपहार दिया है कि परेव मे पीतल के बर्तन बनाने के लिए 9करोड़ 61लाख रुपए आवंटन किया है, जो परेव और बिहटा कों एक नई दशा एवं दिशा तय करेगी,उनके काफिले के साथ पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह, एस एस पी मानवजीत सिंह ढिल्लों, सिटी एसपी राजेश कुमार, एमएलसी राधा चरण साह , दानापुर एसडीएम प्रदीप कु सिंह, बिहटा बीडीओ विशाल आनंद, सीओ कन्हैया लाल, स्थानीय बिहटा पुलिस कि टीम मौजूद थे, वही मौके स्वागत के लिए बिहटा प्रखंड प्रमुख मालती देवी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया, साथ मे बिहटा उप प्रमुख वरुण कुमार, स्थानीय मुखिया सुभाष यादव, समाजसेवी मुकेश यादव, पटना जिला पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी, मन्नू खान, संजीत पासवान के साथ -साथ बिहटा प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि के साथ तमाम जनता गण मौजूद रहे।



## जदयु पार्टी का नरकटीयागंज में डॉ अर्चना बाला के अध्यक्षता में बैठक संपन्न

### रानी सिंह को नरकटीयागंज का जदयू का महिला प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया

समाज जागरण संवाददाता बेतिया,नरकटीयागंज नवकाटोला में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रानी सिंह के निवास स्थान पर महिला सशक्तिकरण एवं जदयू पार्टी के मजबूती हेतू एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक के दौरान सर्वसम्मति से रानी सिंह को महिला प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जदयू पार्टी के वरिष्ठ नेत्री एवं महिला के जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना बाला के द्वारा किया गया।



इस बैठक का मंच संचालन जदयू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर उपाध्यक्ष आफताब रौशन ने किया। इस बैठक में डॉ अर्चना बाला,रानी सिंह,मैमून नेशा,नीलम मिश्रा,फुलमती देवी,राम्भा देवी,अताउल्लाह खान,मनोज सिंह,अवनीश कुमार नीरज,रण विजय सिंह,प्रकाश गुप्ता,अल्ख देव पासवान किशोरी लाल जयसवाल आदी लोग मौजूद रहे हैं।

## चिंता : एन डी पी एस एक्ट का नामजद आरोपी चढ़ा गलगलिया पुलिस के हत्थे !

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । अधिक पैसे कमाने की लालच व रोजगार के अभाव में सीमावर्ती क्षेत्र गलगलिया के युवा इन दिनों नशे के कारोबार में संलिप्त हो रहे हैं , जो कि समाज के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है ।समय रहते यदि इन युवाओं को सही मार्गदर्शन नहीं दिया गया तो आने वाला कुछ वर्ष समाज के लिए चिंता का विषय बन सकता है ।

इसी क्रम में गलगलिया थाना पुलिस ने दिवाकालीन गस्ती के दौरान एन डी पी एस एक्ट में नामजद एक अभियुक्त को हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए अभियुक्त का नाम गलगलिया निवासी 26 वर्षीय मोहम्मद रफीक बताया गया है ।

गलगलिया थाना से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर, एन डी पी एस एक्ट के अंतर्गत कांड संख्या 47 दिनांक 13/09/22 के अभियुक्त मोहम्मद रफीक को दिवाकालीन गस्ती के दौरान एस आई जंगली मंडल के नेतृत्व में गलगलिया के तोरीबस्ती स्थित उसके घर से हिरासत में लिया गया है । बताते चले कि इन दिनों गलगलिया के तोरीबस्ती गाँव में ड्रग्स को लेकर स्थानीय युवाओं के अलावे पड़ोसी देश नेपाल के युवाओं का ही नहीं बल्कि युवतियों का भी जमावड़ा लगा रहता है । जो कि समाज के लिए एक चिंता का विषय है ।

हिरासत में लिए गये अभियुक्त को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजी जाएगी ।



## दुःखद : स्कोर्पियो व अल्टो कार में जोरदार टक्कर, दो की मौत , पांच घायल

### नक्सलबाड़ी में एक अन्य ट्रक दुर्घटना में ड्राइवर व खलासी भी घायल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

नक्सलबाड़ी(दार्जीलिंग) । रविवार की सुबह नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्र के बेंगाईजोत के पास स्कोर्पियो व अल्टो कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान मोहम्मद एकराम और मोहम्मद मुदस्सिर के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान मोहम्मद अशरफ, अब्दुल गुफरान और मोहम्मद दिलशाद आदि है।इनका इलाज उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में चल रहा है। ये सभी बिहार के बहादुरगंज के रहने वाले बताए गए हैं। वहीं स्कोर्पियो में सवार दो लोग घायल हो गए हैं। इन दोनों को इलाज सिलीगुड़ी के नियोटिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिहार के बहादुरगंज से एक आल्टो कार में पांच लोग सवार होकर सिलीगुड़ी पठान मूवी देखने के लिए आ रहे थे और स्कोर्पियो में दो लोग सवार होकर सिलीगुड़ी से नक्सलबाड़ी की ओर जा रहे थे, इसी दौरान स्कॉर्पियो की बेंगाइजोत के पास आमने -सामने जोरदार टक्कर हो गया। जिसके कारण घटनास्थल पर दो युवकों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर नक्सलबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और मृत दोनों युवकों को शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं दूसरी ओर शनिवार की देर रात नक्सलबाड़ी में अनियंत्रित होकर एक ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर नदी में जा गिरा ।इस घटना में दो युवक घायल हो गये । यह घटना शनिवार देर रात को नक्सलबाड़ी के अटल मोड़ के चेंगा नदी पर घटी है ।प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात को उक्त ट्रक सिलीगुड़ी से बिहार जा रहा था । तभी ट्रक अनियंत्रित होकर चेंगा नदी के पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरा ।इस घटना में ड्राइवर व खलासी घायल हो गये । घायलों को बरामद कर नक्सलबाड़ी अस्पताल ले जाया गया ।ड्राइवर व खलासी त्रिपुरा के रहने वाले बताए गए हैं। दूसरी ओर , घटना की जानकारी मिलते ही नक्सलबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची।



## जलसा दस्तार ए बन्दी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मनेर ।नगर के कटहरा मोहल्ला स्थित के दारुल उलूम फैजाने मख़्दूम मदसरे में रविवार को जलसा दस्तार ए बंदी का आयोजन किया गया। जिसमें मोहम्मद सकीबुल हसन को हाफिज ए कुरआन करने पर मनेर खानकाह के गद्दीनशीं शाह तारिक इनयतुल्लाह फिरदौसी के द्वारा हाफिज की दस्तार ए बन्दी (पगड़ी ) की गई। गद्दीनशीं शाह तारिक इनयतुल्लाह फिरदौसी ने अपने वक्तव्यों में कहा की जिस कौम ने अपने नबी को छोड़ दिया वो कौम खत्म हो गई। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को झूठ से परहेज करने की नसीहत दी और कहा नबी की सुन्नत को अमल करें। ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करें। मदरसे के सचिव सईद सगीर हुसैन अशरफी, सैयद अजमल हुसैन सहित कई लोग मौजूद रहे।



## पैक्स अध्यक्ष पर हुई जानलेवा हमला, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ शनिवार की रात सिगोड़ी थाना क्षेत्र के हादिनगर गांव में सरस्वती पूजा कार्यक्रम में भाग लेकर लौटते समय पैक्स अध्यक्ष के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। वही पीड़ित पैक्स अध्यक्ष ने सिगोडी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार सिगोड़ी थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी सह पैक्स अध्यक्ष श्यामदेव सिंह ने शनिवार की रात सरस्वती पूजा कार्यक्रम से लौट रहा था। जैसे ही वह सिगोड़ी थाना क्षेत्र के हादीनगर मोड़ के पास पहुंचा की पहले से एक स्कार्पियो में सवार तीन लोगों ने उसपर अंधाधुन फायरिंग शुरू कर दिया। इस हमले में पैक्स अध्यक्ष की गाड़ी का अगला सीसा टूट गया। वही पैक्स अध्यक्ष बाल बाल बच निकला। वही पैक्स अध्यक्ष श्यामदेव सिंह ने सिगोड़ी थाने पहुंचकर हादिनगर गांव निवासी सह वार्ड सदस्य राजवल्लभ यादव, महाराजगंज गांव निवासी मंटू कुमार व भूषण कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

इस बाबत पूछने पर सिगोड़ी थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया की श्यामदेव सिंह ने लिखित आवेदन दिए है। मामले की जांच कर उचित करवाई की जाएगी।

## 102 निदेशक ने किया तबला वादक को सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मनेर। सामाजिक संस्था पीडीपीएल के द्वारा रविवार को विख्यात तबला वादक सुधीर पांडे का समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि 102 एम्बुलेंस के निदेशक राजीव रंजन गुड्डू ने सुधीर पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी अमृत प्रभा को सम्मानित करते हुए कहा कि अपने बिहार में एक से एक लाल हैं बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा निवासी विश्व विख्यात सुधीर पांडे जी ने अपनी हुनर से लोगों में भारतीय संगीत एवं संस्कृति की छाप छोड़ने का कार्य कर रहे हैं। संगीत एवं भारतीय संस्कृति को प्रदान की गई उनकी इस अप्रितम योगदान के लिए हमारी संस्था पीडीपीएल कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित कर रही है। साथ ही सुधीर जी ने कई प्रतिभाओं को तराशने में अहम भूमिका निभाई है। इनके शिष्य देश एवं विदेश में अपने हुनर से लोगों को मन्त्र मुग्ध कर रहे हैं।इस अवसर पर राजीव रंजन गुड्डू ने सुधीर पांडे व उनकी धर्मपत्नी अमृत प्रभा को शॉल देकर सम्मानित किया। वही तबला वादक सुधीर पांडे ने सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए राजीव रंजन गुड्डू के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना की।



## अखिल भारतीय पटेल सेवा संघ धनबाद द्वारा वन भोज सह भ्रातृत्व मिलन समारोह

(आर एन चौरसिया)धनबाद, अखिल भारतीय पटेल सेवा संघ, धनबाद का बिरसा मुंडा पार्क में वन भोज सह भ्रातृत्व मिलन समारोह पुरे परिवार के साथ बड़े ही धूमधाम के से मनाया गया। सर्व प्रथम उपस्थित महिलाओं में आपसी परिचय कराया गया ।महिलाओं और बच्चों ने मनोरंजन का पूरा आनंद उठाया। इस अवसर पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में अखिल भारतीय पटेल सेवा संघ की महिला मोर्चा की गठन करने पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वादिष्ट निरामिष एवं आमिष भोजन का भरपूर आनंद उठाया। लोगों का जोश देखते हुए इस तरह का आयोजन समय समय पर आयोजित कराने का सुझाव भी दिया। इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द,मिलन, विचार का आदान प्रदान एवं संघ को विस्तार करने में मदद मिलती है। मौके पर लगभग 200 सदस्यगण सपरिवार उपस्थित हुए ।इस आयोजन को सफल बनाने में श्री बी. के. सिन्हा ,नरेश प्रसाद सिन्हा, अवधेश कुमार सिन्हा, अजित पटेल, सतेंद्र कुमार,शतृघन कुमार,बामेशर सिंह, बिजेंद्र कुमार अधिवक्ता एवं अन्य सदस्यगण की भुमिका सराहनीय रही।

## मशीन के चपेट में वृद्ध जख्मी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

बांका /चांदन/प्रखंड क्षेत्र के सिलजोरी पंचायत के भनरा गांव निवासी शनिवार दोपहर को कुट्टी की मशीन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार भनरा गांव निवासी डहलू यादव पिता मिश्री यादव गाय की चारा खिलाने के लिए कुट्टी मशीन से चारा काट रहा था इसी बीच कुट्टी मशीन की चपेट में आने से गंभीर रूप में जख्मी हो गए। घटना की देख परिजनों ने जख्मी वृद्ध को आनन-फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया जहां मौके पर प्रभारी चिकित्सक एके सिन्हा ने उपचार कर बेहतर इलाज हेतु देवघर रेफर कर दिया।



## धनबाद स्थित राजकमल स्कूल में दीक्षा समारोह का दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

### बच्चें भटकाव से बचें , चंदन कुमार सिंह श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान करो , सुमन्त कुमार मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया)**

धनबाद, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में बारहवीं विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्रों का दीक्षा समारोह रविवार को संपन्न हुआ।

जिसमें 333 छात्रों को दीक्षा प्रदान की गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदन कुमार सिंह (झारखंड प्रशासनिक सेवा), सचिन कुमार सिंह(ऋृष्ळ कमिश्नर ,आईड्डआरड्डएसड्ड), कालीचरण ( माइक्रोसॉफ्ट अमेरिका) विनीत कुमार तुलस्यान उद्योगपति व सफल व्यवसायी के अलावा विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ,सचिव संजीव अग्रवाल, सह सचिव दीपक रुइया, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ज्ञात हो की मुख्य अतिथि गण राजकमल के ही पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने अतिथि परिचय कराने के साथ-साथ कार्यक्रम की शरुआत की ।उन्होंने कहा की हमारा जीवन विद्यालय तक ही सीमित नहीं है ,जीवन के कई पड़ाव है जिसे पार करना पड़ता है ।ऐसी स्थिति में अपने कदम को लड़खड़ाने मत दो। अपने माता-पिता, गुरुजनों, शुभचिंतकों के जो शुभ कार्य हो उनका अनुसरण किया करो। श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान किया करें।

मुख्य अतिथि चंदन सिंह ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जो संस्कार हमारे अंदर बोए गए हैं वह आज भी जागृत है ।आप जहाँ

भी रहे अपने माता-पिता ,शिक्षक व स्कूल का प्रतिनिधित्व करें।

अतिथि सचिन सिंह ने कहा कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर मात्र एक स्कूल नहीं अपितु एक संस्था है ।विद्यालय आपको जोड़ कर रखता है। आप देश को कब संभालने लगेंगे पता तक नहीं चलेगा ।

अतिथि कालीचरण सिंह ने कहा कि आप अपनों से जुड़े रहें ।कम अंक लाने वाले स्वयं को असफल न समझे ।अपने लक्ष्य को तय करें ,भाषा आपके कार्य में बाधा नहीं बनेगा ।

अतिथि विनीत कुमार तुलस्यान ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो आत्मबल यह विद्यालय देता है वह अन्य कहीं नहीं मिलता ।भारतीय संस्कृति की सीख देना ,इस विद्यालय को सर्वोच्च बनाता है। नन्हीं चीटियों की तरह आगे बढ़ते रहें इसकी कोशिश करनी है।

अपने आशीर्वचन में विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कहा कि आप हमारे परिवार के अंग है ।बच्चों की सफलता से हमें अत्यंत खुशी मिलती है। समय किसी का इंतजार नहीं करता, इसलिए आप डरे नहीं ,कोशिश करें। सफलता अवश्य मिलेगी ।

सह सचिव दीपक रुइया ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अच्छे इंसान बनो अनुशासन, संस्कार-संस्कृति ,संघर्ष का जीवन में सामंजस्य बनाए रखें।

प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने की परीक्षा परिणाम के समय हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा ।उन्होंने कहा कि वाणिज्य में 94%, अंक लेकर कृष सिंघल प्रथम स्थान पर रहें ,90.25% अंक लाकर शिवम अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और मेहुल मयंक ने 87.61% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं विज्ञान में तनिष्क गुप्ता 86.57%, शुभम कुमार सोनी 81.36% एवं सोहम नाग ने 75.11% अंक लेकर क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें।



12वीं के चार विद्यार्थियों ने जिसमें रोशन, शिवकांत, सोहम नाग एवं शिवम अग्रवाल ने विद्यालय में बिताए गए पलों को याद किया ।

बच्चे जीवन में क्या बनेंगे ,उसकी एक पुस्तिका तैयार की जाती है ।जो स्मृति मंजूषा कहलाती है । इसका विमोचन मुख्य अतिथियों के हाथों संपन्न हुआ। द्वादश के महेश अग्रवाल को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कार दिए गए ।वहीं भैया शिवम ने एकल गीत गाकर सभा को भावविभोर कर दिया ।

मौके पर अतिथि के रूप में चंदन कुमार सिंह, सचिन कुमार सिंह, कालीचरण सिंह ,विनीत कुमार तुलस्यान विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सचिव संजीव अग्रवाल ,सह सचिव दीपक रुइया ,प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ,उप प्राचार्य मनोज कुमार समेत सभी शिक्षक- शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी के वरिष्ठ शिक्षक निरंजन कुमार ने किया।

विद्या मंदिर धनबाद में बारहवीं विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्रों का दीक्षा समारोह रविवार को संपन्न हुआ।

जिसमें 333 छात्रों को दीक्षा प्रदान की गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदन कुमार सिंह ,झारखंड प्रशासनिक सेवा, सचिन कुमार सिंह, जी एस टी कमिश्नर आईड्डआरड्डएसड्ड, कालीचरण , माइक्रोसॉफ्ट अमेरिका, विनीत कुमार तुलस्यान उद्योगपति व सफल व्यवसायी के अलावा विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ,सचिव संजीव अग्रवाल, सह सचिव दीपक रुइया, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ज्ञात हो की मुख्य अतिथि गण राजकमल के ही पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने अतिथि परिचय कराने के साथ-साथ कार्यक्रम की शरुआत की ।उन्होंने कहा की हमारा जीवन विद्यालय तक ही सीमित नहीं है ,जीवन के कई पड़ाव है जिसे पार करना पड़ता है ।ऐसी स्थिति में अपने कदम को लड़खड़ाने मत दो। अपने माता-पिता, गुरुजनों, शुभचिंतकों के जो शुभ कार्य हो उनका अनुसरण किया करो। श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान किया करें।

मुख्य अतिथि चंदन सिंह ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जो संस्कार हमारे अंदर बोए गए हैं वह आज भी जागृत है ।आप जहाँ

भी रहे अपने माता-पिता ,शिक्षक व स्कूल का प्रतिनिधित्व करें।

अतिथि सचिन सिंह ने कहा कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर मात्र एक स्कूल नहीं अपितु एक संस्था है ।विद्यालय आपको जोड़ कर रखता है। आप देश को कब संभालने लगेंगे पता तक नहीं चलेगा ।

अतिथि कालीचरण सिंह ने कहा कि आप अपनों से जुड़े रहें ।कम अंक लाने वाले स्वयं को असफल न समझे ।अपने लक्ष्य को तय करें ,भाषा आपके कार्य में बाधा नहीं बनेगा ।

अतिथि विनीत कुमार तुलस्यान ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो आत्मबल यह विद्यालय देता है वह अन्य कहीं नहीं मिलता ।भारतीय संस्कृति की सीख देना ,इस विद्यालय को सर्वोच्च बनाता है। नन्हीं चीटियों की तरह आगे बढ़ते रहें इसकी कोशिश करनी है।

अपने आशीर्वचन में विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कहा कि आप हमारे परिवार के अंग है ।बच्चों की सफलता से हमें अत्यंत खुशी मिलती है। समय किसी का इंतजार नहीं करता, इसलिए आप डरे नहीं ,कोशिश करें। सफलता अवश्य मिलेगी ।

सह सचिव दीपक रुइया ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अच्छे इंसान बनो अनुशासन, संस्कार-संस्कृति ,संघर्ष का जीवन में सामंजस्य बनाए रखें।

प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने की परीक्षा परिणाम के समय हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा ।उन्होंने कहा कि वाणिज्य में 94%, अंक लेकर कृष सिंघल प्रथम स्थान पर रहें ,90.25% अंक लाकर शिवम अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और मेहुल मयंक ने 87.61% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं विज्ञान में तनिष्क गुप्ता 86.57%, शुभम कुमार सोनी 81.36% एवं सोहम नाग ने 75.11% अंक लेकर क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें।

12वीं के चार विद्यार्थियों ने जिसमें रोशन, शिवकांत, सोहम नाग एवं शिवम अग्रवाल ने विद्यालय में बिताए गए पलों को याद किया ।

बच्चे जीवन में क्या बनेंगे ,उसकी एक पुस्तिका तैयार की जाती है ।जो स्मृति मंजूषा कहलाती है । इसका विमोचन मुख्य अतिथियों के हाथों संपन्न हुआ। द्वादश के महेश अग्रवाल को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कार दिए गए ।वहीं भैया शिवम ने एकल गीत गाकर सभा को भावविभोर कर दिया ।

मौके पर अतिथि के रूप में चंदन कुमार सिंह, सचिन कुमार सिंह, कालीचरण सिंह ,विनीत कुमार तुलस्यान विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सचिव संजीव अग्रवाल ,सह सचिव दीपक रुइया ,प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ,उप प्राचार्य मनोज कुमार समेत सभी शिक्षक- शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी के वरिष्ठ शिक्षक निरंजन कुमार ने किया।

## इंडियनऑयल ने जे एन पी टी से पापुआ न्यू गिनी को AVGAS 100 LL की पहली खेप का निर्यात किया।

(आर एन चौरसिया) धनबाद, एस एम वैद्य, अध्यक्ष, इंडियनऑयल ने जेएनपीटी के जीटीआई टर्मिनल से पापुआ न्यू गिनी के लिए एवीजीएएस 100 एलएल की पहली निर्यात खेप को झंडी दिखाकर रवाना किया। खेप में 80 बैरल में पैक 16 KL AVGAS शामिल था। भारत द्वारा अश्रॠअर का निर्यात करने का यह पहला उदाहरण है।

इस अवसर पर बोलते हुए, वैद्य ने कहा, ह्लवैश्विक विमानन गैसोलीन बाजार 5% सीएजीआर से बढ़ने का प्रोजेक्ट है। भारत में विमानन यातायात भी 7% बढ़ने की संभावना है। इंडियनऑयल इस उत्पाद के निर्माण के साथ खोले गए संभावित व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बेहतर प्रदर्शन गुणवत्ता मानकों और प्रतिस्पर्धी कीमतों के साथ, इंडियनऑयल का लक्ष्य महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। भारत में एवीजीएएस 100 एलएल का स्वदेशी उत्पादन न केवल आयात पर विदेशी मुद्रा बचाने में मदद करेगा, बल्कि नवोदित पायलटों के लिए घरेलू उड़ान संस्थानों में पायलट प्रशिक्षण को किफायती बनाएगा।

भारत में, अभी हाल तक, मुख्य रूप से फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन ,एफटीओ और रक्षा बलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले एवीजीएएस 100 एलएल ईंधन को दशकों तक यूरोपीय देशों से भारी कीमत पर आयात किया जाता था। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन के तहत, इंडियनऑयल ने 26 सितंबर, 2022 को वायु सेना स्टेशन, हिंडन में विमानन ईंधन एवीजीएएस 100 एलएल का स्वदेशी उत्पादन शुरू किया और अब इसका घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। अश्रॠअर 100 छछ का वर्तमान उत्पादन इंडियनऑयल की गुजरात रिफाइनरी से किया जा रहा है, जिसकी क्षमता 5 टी एम टी प्रति वर्ष है। इंडियन ऑयल द्वारा अपनी गुजरात रिफाइनरी में उत्पादित एवीजीएएस 100 एलएल का घरेलू उत्पादन भारत और विदेशों में उड़ान प्रशिक्षण को और अधिक किफायती बना देगा। दक्षिण अमेरिका, एशिया प्रशांत, मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप के देशों में अश्रॠअर की महत्वपूर्ण खपत है। इसलिए, भारत के तटों से परे अश्रॠअर को निर्यात करने का एक बड़ा अवसर है। इस दिशा में पहले कदम के रूप में, भारत में उत्पादित एवीजीएएस के पहले पार्सल को तारीख पर निर्यात किया गया था।

**इंडियनऑयल, लीडिंग द चेंज**

एविएशन गैसोलीन का प्रिंसिपल ग्रेड, AVGAS 100 छछ को रेसिप्रोकेटिंग पिस्टन इंजन एयरक्राफ्ट में उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से एफ टी ओ और रक्षा बलों द्वारा पायलटों के प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

वड़ोदरा में इंडियनऑयल की प्रमुख रिफाइनरी द्वारा उत्पादित एवी गैस 100 एलएल का परीक्षण और प्रमाणन नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ,डीजीसीए

